

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 ग्रास कोर्ट पर खेलने से विंबलडन... | गर्भपात पर अमेरिकी न्यायालय के... 12



वर्ष : 13 | अंक : 41 | नई दिल्ली, सोमवार, 27 जून 2022 | ज्येष्ठ, चतुर्दशी , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मौसम

अधिकतम तापमान 40.0°C
न्यूनतम तापमान 32.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी गर्मी रहेगी, साथ ही बारिश होने की संभावना हैं।

## पोल

**क्या लोकसभा उपचुनाव में बिखरा मुस्लिम-यादव समीकरण ?**

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,420 |
| चांदी | 59,800 |
| सेंसेक्स | 52,727 |
| निफ्टी | 15,699 |

# मोदी ने कहा-'आपातकाल' इतिहास का काला धब्बा लेकिन लोकतंत्र सब पर भारी पड़ा

**बर्लिन, एजेंसी**



### जानकारी

- हम भारतीय कहीं भी रहें, अपनी डेमोक्रेसी पर गर्व करते हैं। हर हिंदुस्तानी गर्व से कहता है, भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है: पीएम मोदी

जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यहां म्यूनिख में प्रवासी भारतीयों ने जोरदार स्वागत किया। इस बीच पीएम मोदी ने म्यूनिख में एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी के बीच आकर बहुत ही खुश महसूस कर रहा हूं। मैं आप सभी में भारत की संस्कृति, एकता और बंधुत्व के भाव का दर्शन कर रहा हूं। आपका ये स्नेह मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। आपके इस प्यार, उत्साह और उमंग से जो लोग हिंदुस्तान में देख रहे हैं उनका सीना भी गर्व से भर गया होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन 26 जून एक और वजह से जाना जाता है। जो लोकतंत्र हमारा गौरव है, जो लोकतंत्र हर भारतीय के डीएनए में है, आज से 47 साल पहले इसी समय उस लोकतंत्र को बंधक बनाने, लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया गया था। आपातकाल के कालखंड भारत के वाइब्रेंट डेमोक्रेटिक इतिहास में एक काले धब्बे की तरह है, लेकिन इस काले धब्बे पर सदियों से चली आ रही लोकतांत्रिक परंपराओं की श्रेष्ठता भी पूरी शक्ति के साथ विजयी हुई, लोकतांत्रिक परंपराएं इन हरकतों पर भारी पड़ी। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने लोकतंत्र को कुचलने की सारी साजिशों का जवाब, लोकतांत्रिक तरीके से ही दिया। हम भारतीय कहीं भी रहें, अपनी डेमोक्रेसी पर गर्व करते हैं। हर हिंदुस्तानी गर्व से कहता है, भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है।

**भारत 'करना ही' का संकल्प रखता है: पीएम**

उन्होंने कहा कि दुनिया में हो रहे रियल टाइम डिजिटल पेमेंट्स में से 40% ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं। आज भारत डेटा कंजम्प्शन में नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत उन देशों में है जहां डेटा सबसे सस्ता है। उन्होंने कहा कि आज का भारत 'होता है, चलता है, ऐसे ही चलेगा' वाली मानसिकता से बाहर निकल चुका है। आज भारत 'करना है' 'करना ही है' और 'समय पर करना है' का संकल्प रखता है।

# उपचुनाव : दिल्ली में 'आप' यूपी में भाजपा का जलवा

## राजेंद्र नगर सीट पर आप उम्मीदवार दुर्गेश पाठक 11,000 वोटों से जीते

### उपचुनाव

- उप्र में आजम का गढ़ टूटा, आजमगढ़ में भी लहराया भगवा
- त्रिपुरा की 4 में से 3 सीटों पर भाजपा,1 सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की
- पंजाब में शिअद के सिमरनजीत सिंह मान ने 5,822 वोटों से उपचुनाव जीते
- आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस, झारखंड की मांडर सीट पर कांग्रेस जीती



दुर्गेश पाठक
आम आदमी पार्टी, दिल्ली



दिनेश लाल यादव निरहुआ
भारतीय जनता पार्टी, उ. प्रदेश



घनश्याम लोधी
भारतीय जनता पार्टी, रामपुर

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

लोकसभा की तीन और विधानसभा की 7 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। दिल्ली की राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के दुर्गेश पाठक ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राजेश भाटिया को 11 हजार से अधिक मतों के अंतर से हरा दिया है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया कि दुर्गेश पाठक को 40,319 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाटिया को 28,851 मत प्राप्त हुए। दोनों के बीच जीत का अंतर 11,468 मतों का था। उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमलता को महज 2,014 मत प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में थे। आप उम्मीदवार को उपचुनाव में 55.78 वोट मिले।

इसी क्रम में **उत्तर प्रदेश में** भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के दो गढ़ों को ध्वस्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। समाजवादी पार्टी का अभेद्य किला कहे जाने वाले आजमगढ़ और आजम खान के गढ़ रामपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने भगवा लहरा दिया है। एक तरफ आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी जीत हासिल की। उन्होंने सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को 8,679 वोट से हराया, तो वहीं दूसरी तरफ रामपुर में भाजपा के घनश्याम लोधी ने सपा प्रत्याशी आसिम राजा को 42 हजार से भी अधिक वोटों से हराया।

**पंजाब के** संगरूर में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान ने 5,822 वोटों से जीत दर्ज की है। आम आदमी पार्टी के गुरमेल सिंह दूसरे नंबर पर रहे, जबकि कांग्रेस के दलवीर गोल्डी तीसरे नंबर पर रहे। यहां पर अकाली दल और भाजपा के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। **त्रिपुरा की** 4 में से 3 सीटों पर भाजपा और 1 सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। **आंध्र प्रदेश** की आत्मकुर सीट पर वाईएसआर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। **झारखंड की** मांडर सीट पर कांग्रेस जीती है।

### पीएम मोदी ने यूपी में जीत को ऐतिहासिक बताया



उत्तर प्रदेश में दोनों लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत को पीएम मोदी ने ऐतिहासिक बताया है। पीएम ने कहा- आजमगढ़ और रामपुर उपचुनाव में जीत ऐतिहासिक है। यह केंद्र और यूपी में डबल इंजन सरकार के लिए व्यापक पैमाने पर स्वीकृति और समर्थन का संकेत है। समर्थन के लिए लोगों का आभारी हूं। मैं हमारी पार्टी कार्यकताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं।

### 2024 के लिए जनता ने दिया स्पष्ट संदेश : योगी



उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में मिली जीत को 2024 में होने वाले आम चुनाव के लिए जनता का संदेश बताया है। पहले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत फिर विधान परिषद चुनाव और अब उपचुनाव में जीत डबल इंजन की सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है।

### विरासत में मिली सियासत हुआ अंत : निरहुआ



आजमगढ़ में भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ ने आम चुनाव में मिली हार का बदला उपचुनाव में ले लिया है। अपनी जीत के साथ ही निरहुआ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला है। निरहुआ ने बिना नाम लिये कहा कि विरासत में मिली सियासत के अहंकार का अंत हो गया है। यह जनता की जीत है।

### हार से तिलमिलाए आजम



- रामपुर लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और विधायक आजम खान को तगड़ा झटका लगा है। बीजेपी ने आजम खान के मजबूत किले में सेंध लगाते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। बीजेपी प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने समाजवादी पार्टी के आसिम रजा को 42 हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया है। वहीं चुनावी हार से तिलमिलाए आजम खान ने मीडिया के सवालों पर कहा कि 'ये चुनावी नतीजे कहां हैं ? इसे न आप चुनाव कह सकते हैं न चुनावी नतीजे। 900 वोट का पोलिंग स्टेशन और सिर्फ 6 वोट? 2200 की पोलिंग और मुस्लमानों का मोहल्ला और सिर्फ 1 वोट?

# वायुसेना प्रमुख चौधरी ने दी चौतरफा हमले की चेतावनी

## कहा-चीन, पाकिस्तान खोल सकते हैं दो तरफा मोर्चा, हमें इमरजेंसी के लिए तैयार रहना होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक तरफ से पाकिस्तान और दूसरी तरफ से चीन, भारत की भौगोलिक स्थिति कुछ ऐसी है कि दोनों दुश्मन देश भारत के लिए खतरा बने हुए हैं। अब इस बात की तस्दीक एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने भी कर दी है। उन्होंने चीन और पाकिस्तान की तरफ से एक-साथ हमले की आशंका जताते हुए कहा है कि भारत को पश्चिमी और उत्तरी बॉर्डर पर फैली अशांति और अस्थिरता को 'टू फ्रंट कंटिन्जेंसी' यानी दो-तरफा हमले की स्थिति के तौर पर देखना चाहिए और इसी के मुताबिक अपनी तैयारियां पूरी रखनी चाहिए।

**देश पर हर तरफ से हमला संभव**

एक साक्षात्कार में एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि भारत पर हर तरफ से हमला किया जा सकता है। मिलिट्री स्टैंड-ऑफ से लेकर खुफिया जानकारी के गलत इस्तेमाल और पावर सोर्सेज के हैक किए जाने तक कुछ भी हो सकता है। ऐसे में भारत के सुरक्षा सिस्टम और क्षमताओं को इन चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जननरल बिपिन रावत और पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे ने भी उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर चीन और पाक की तरफ से एक-साथ हमले की चिंता जाहिर की थी, लेकिन यह पहली बार है जब किसी मौजूदा सेनाप्रमुख ने दो-तरफा युद्ध की आशंका जताते हुए डिटेल प्लान बनाने की बात कही है।

**खतरों का आकलन करने की जरूरत**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से पूछा गया कि क्या यूक्रेन में रूसी हमले को देखकर चीन एलएसी के पास अपनी गतिविधियों में तेजी लाने के लिए प्रेरित हो सकता है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि सभी वैश्विक और जियोपॉलिटिकल इवेंट्स का भारत और चीन के संबंधों पर क्या असर पड़ सकता है, इसका सभी स्तरों पर सभी डोमेन में लगातार आकलन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि एक देश के रूप में हमें अपने निकटतम और भविष्य के सभी खतरों का सटीक आकलन करने की जरूरत है, ताकि उनसे लड़ने के लिए जरूरी क्षमताओं को तैयार किया जा सके।

**भारतीय वायु सेना चौकस**

दोनों देशों के बीच बॉर्डर को लेकर चल रहे विवाद के बावजूद चीन ने उत्तरी लद्दाख में बॉर्डर के पास अपने फायटर जेट्स तैनात कर रखे हैं, इस बारे में पूछने पर एयर चीफ मार्शल ने कहा कि भारतीय वायु सेना जब चाहे बहुत ही कम समय के अंदर विरोधी को मुंहतोड़ जवाब दे सकती है।

## नशीली दवाएं बड़ी चुनौती : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नशीली दवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा है कि इसके समूल नाश के लिए जन भागीदारी बेहद जरूरी है। श्री शाह ने रविवार को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ हर वर्ष 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर सिलसिलेवार ट्वीट में यह बात कही। उन्होंने कहा, ड्रग्स की समस्या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। मोदी जी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने इस लड़ाई को समन्वयित और संस्थागत बनाया है। लेकिन इसके समूल नाश के लिए जनभागीदारी आवश्यक है, आइए हम सब मिलकर मोदी जी के ड्रग्स मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दें। नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर मैं मोदी जी के ड्रग्स मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में लगे राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के कर्मियों, गैर सरकारी संगठनों व इससे जुड़े वालंटियर्स को उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूँ।

# नोएडा में रियल स्टेट को बड़ा झटका 1.18 लाख करोड़ की इकाइयां ठप

**नोएडा, प्रात : किरण संवाददाता**

### कार्रवाई

- एफपीसीई ने ग्राहकों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई और डिफॉल्ट करने वाले बिल्डरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

गौतमबुद्ध नगर को उत्तर प्रदेश की शो विंडो कहा जाता है। उसके बावजूद भी यहां के निवासी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसकी वजह से कई करोड़ रुपए की इकाइयां ठप पड़ी हुई हैं।

अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा की आवासीय परियोजनाओं के प्रभावित होने के कारण 1.18 लाख करोड़ रुपए की इकाइयां ठप पड़ी हैं। यह जानकारी संपत्ति सलाहकार एनरॉक ने साझा की है। एनरॉक से मिली जानकारी के अनुसार इसमें देश के 7 बड़े संपत्ति बाजारों दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में 2014 या उससे पहले शुरू हुई आवासीय परियोजनाओं को शामिल किया गया है। घर खरीदारों के शीर्ष निकाय फोरम फॉर पीपुल्स कलेक्टिव एफर्ट्स (एफपीसीई) ने कहा कि प्रत्येक परियोजना में देरी के कारणों का पता लगाया जाना चाहिए और समाधान किया जाना चाहिए।

निकाय ने ग्राहकों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई और डिफॉल्ट करने वाले बिल्डरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की है। एनरॉक के आंकड़ों के अनुसार 31 मई 2020 तक इन 7 शहरों में 4,48,129 करोड़ रुपये की 4,79,940 इकाइयां ठप थी। इसमें से अकेले दिल्ली एनसीआर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जहां 1,81,410 करोड़ रुपए की 2,40,610 इकाइयां ठप हैं या देरी से चल रही हैं।

## संक्षिप्त खबर

### राष्ट्रपति कोविंद आज वृंदावन में

नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज उत्तर प्रदेश में एक दिन के वृंदावन दौरे पर जाएंगे। राष्ट्रपति सचिवालय ने रविवार को जानकारी दी कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कृष्ण कुटीर के निवासियों से मिलने और उनसे परस्पर बातचीत करने के लिए सोमवार 27 जून को वृंदावन का दौरा करेंगे। श्री कोविंद सुबह वृंदावन पहुंचने पर बांके बिहारी मंदिर जाएंगे और वहां पूजा अर्चना के बाद कृष्ण कुटीर जायेंगे। वृंदावन पहुंचने पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करेंगे।

### 28-29 जून को चारधाम की यात्रा करने से बचें श्रद्धालु, चेतावनी जारी

देहरादून। चारधाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को ये सलाह है कि किसी भी स्थिति में 28 और 29 जून को यात्रा करने बचे। दरअसल यह एडवाइजरी मौसम विभाग ने जारी किया है। उत्तराखंड में भले ही मानसून खिसक गया हो, लेकिन अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। इसके मद्देनजर मौसम विभाग ने चारधाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं से यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। बता दें कि प्रदेश में लगातार बारिश के बाद पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटनाएं होती है। ऐसे में इन घटनाओं को लेकर मौसम विभाग चेतावनी जारी किया है। मौसम विभाग केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 26 से28 जून तक बारिश का येला अलर्ट और 29 जून को भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इधर भारी बारिश और प्री मानसून के दस्तक देने के साथ ही पर्यटन विभाग ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि इस यात्रा सीजन में अब तक चारों धामों में से यमुनोत्री धाम में तीन लाख से ज्यादा, गंगोत्री धाम में चार लाख से ज्यादा, केदारनाथ धाम में सात लाख से ज्यादा और बदरीनाथ धाम में आठ लाख से ज्यादा यात्री दर्शन के लिए आ चुके हैं। अब तक 23 लाख 80 हजार 448 यात्री उत्तराखंड में यात्रा सीजन के दौरान पहुंच चुके हैं।

### यूजीसी नेट परीक्षा 8 जुलाई से

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) चेयरमैन एम. जगदीश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा(यूजीसी-नेट) परीक्षा दिस. 2021 और जून 2022 की तिथियां घोषित कर दी हैं। कुमार ने कहा कि दिसम्बर 2021 चरण की परीक्षाएं 8 से 12 जुलाई तक और जून 2022 चरण की परीक्षा 12 से 14 अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा पहले की तरह ही इस वर्ष भी संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# सीएम योगी के हेलिकॉप्टर से टकराया पक्षी, आपात लैंडिग

**वाराणसी, एजेंसी**



### हादसा

- उतारना पड़ा चॉपर, बड़ा हादसा टला

वाराणसी में रविवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। बताया जा रहा है कि 1550 फीट की ऊंचाई पर उनके चॉपर से पक्षी टकरा गया था। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। पायलट ने बर्ड हिट के बाद हेलिकॉप्टर को एहतियातन पुलिस लाइन ग्राउंड में वापस लैंड करा दिया। इस वजह से सीएम योगी आदित्यनाथ को पुलिस लाइन ग्राउंड से वापस सर्किट हाउस लौटना पड़ा। इसके बाद सीएम सड़क मार्ग से सर्किट हाउस से लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। 11 बजे वह स्टेट प्लेन से लखनऊ रवाना हो गए। सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह 9 बजे लखनऊ जाने के लिए सर्किट हाउस से पुलिस लाइन ग्राउंड के लिए रवाना हुए। कुछ देर बाद उनके हेलिकॉप्टर ने यहां से उड़ान भरी। डीएम कौशल राज शर्मा ने बताया कि करीब 10 मिनट के बाद ही चॉपर वापस पुलिस ग्राउंड पर लैंड हुआ। इससे पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया था। सीएम नीचे उतरे तो पता लगा कि पिसौर पुल के समीप 1550 फीट की ऊंचाई पर आसमान में एक पक्षी हेलिकॉप्टर से टकरा गया था।

**सियासी जंग** | महाराष्ट्र की लड़ाई पहुंची सुप्रीम कोर्ट, सुनवाई आज

# शिंदे के पास बहुमत, पर सत्ता की राह मुश्किल

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**



महाराष्ट्र का सियासी घमासान अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। 16 बागी विधायकों ने डिप्टी स्पीकर के नोटिस को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। विधायकों ने इस मामले में सोमवार को तत्काल सुनवाई की मांग की है। अयोग्यता नोटिस के खिलाफ एकनाथ शिंदे की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ सुनवाई करेगी। शनिवार को विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने 16 विधायकों को सदस्यता रद्द करने का नोटिस भेजा था। इस बीच, महाराष्ट्र का सियासी संकट दो बयानों के चलते और बढ़ गया है।

पहला बयान संजय राउत का है। जिन्होंने कहा कि गुवाहाटी से सीधे 40 विधायकों के शव मुंबई आएंगे, जिन्हे पोस्टमॉर्टम के लिए विधानसभा भेजेंगे। दूसरा बयान आदित्य ठाकरे का है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को लेकर खुलासा किया। बोले कि एकनाथ शिंदे को 20 मई को ही मुख्यमंत्री बनने का ऑफर उद्धव जी की ओर से दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसके बाद भी बगावत की। उधर, एकनाथ शिंदे ने एक वीडियो ट्वीट किया है। इसमें बागी विधायक भरतशेट गोगावले कह रहे हैं कि सीएम उद्धव ठाकरे ने 2.5 साल में शिवसेना के उन विधायकों के साथ कोई बैठक नहीं की जो 2019 का चुनाव हार गए थे। इसके उलट उप मुख्यमंत्री ने उन एनसीपी उम्मीदवारों को फंड दिया जो 2019 में विधानसभा चुनाव हार गए थे।

**विधायक तोड़ने की कवायद**

बागी विधायक चार दिन से गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू में हैं। वहां लगातार बैठकें हो रही हैं। इसमें शिवसेना के और विधायक तोड़ने की कवायद पर काम हो रहा है। एकनाथ शिंदे का दावा है कि उनके पास शिवसेना के 38 विधायक हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें से 20 विधायक संजय राउत के साथ संपर्क में हैं।

### सियासी संकट के बीच 3 बड़े बयान

- मुझे आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। मैं बिल्कुल ठीक हूं। हालांकि, मुझे कुछ दिनों के लिए आराम करने की सलाह दी गई है: राज्यपाल कोश्यारी
- मुझे उद्धव पर भरोसा है। विधायक गुवाहाटी से आए तो गठबंधन को सपोर्ट करेंगे। संजय राउत का शव वाला बयान सही नहीं है: एनसीपी चीफ शरद पवार
- महाराष्ट्र को तीन टुकड़े करने की साजिश रची जा रही है। शिवसेना को भी तोड़ने की कोशिश है, मगर कामयाबी नहीं मिलेगी: संजय राउत

**15 बागी विधायकों को वाई प्लस सुरक्षा**

केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार के खिलाफ विद्रोह करने वाले शिवसेना के 15 बागी विधायकों को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि शिवसेना के 15 विधायकों को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। ये नेता महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक संकट में एकनाथ शिंदे के खेमे में शामिल हो गए हैं।

**शिंदे के पोस्टर से बाल ठाकरे गायब**

एकनाथ शिंदे के पोस्टर से 10 दिन के भीतर बाल ठाकरे गायब हो गए हैं। 16 जून को सोशल मीडिया पर शिंदे ने एक पोस्टर शेयर किया था, जिसमें बाल ठाकरे, उद्धव और आदित्य नजर आ रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### तावडू में केएल मदान ने नशे से दूर रहने का किया आहवान

तावड। शहर व क्षेत्र में रविवार को अंतराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। जहां युवाओं को नशे से दूर रहने का आहवान किया गया। इस दौरान पंजाबी समाज के सरपरस्त केएल मदान ने लोगों को नशे से दूर रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि समाज को नशा मुक्त जागरुक कराने के लिए पूरे शहर में पंपलेट बांटे गए हैं व नशा मुक्ति अभियान के नारे लगाकर नशा से बचने बारे आमजन को जागरुक किया गया है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने का आहवान किया।

### कराटे प्रतियोगिता में गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

गुरुग्राम। गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने 3 दिवसीय ऑल इंडिया इंविएशनल कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। टाईगर रोअर मार्शल आर्ट एकेडमी के डिवेशक पवन कुमार ने बताया कि हरिद्वार में आयोजित प्रतियोगिता में देश के 12 राज्यों से 350खिलाडियों ने भाग लिया। गुरुग्राम से भी 5 खिलाडियों ने प्रदेश का नेतृत्व किया।

### युवाओं के साथ-साथ बड़ों को भी संगठित होकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए: प्रेम

तावडू। क्षेत्र के युवाओं में बढ़ रही हिंसक प्रवृती को रोकने के लिए क्षेत्रवासियों को संगठित होना होगा, और युवाओं पर पैनी नजर रखनी होगी। यह विचार मुख्याध्यापक प्रेम सागर नागपाल ने रखे। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ-साथ बड़ों को भी संगठित होकर जागरुकता अभियान चलाना चाहिए। जिससे युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृति पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि घर का युवा वर्ग इस समय कुरितियों का शिकार हो रहा है। इससे बचाव के लिए उन्हें जागरुक करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से आहवान किया कि बच्चों को अपने रीति रिवाज एवं अपने संस्कारों को अपनाएं।

### राजकोट में अवैध गांजा के साथ दो गिरफ्तार

राजकोट। गुजरात में राजकोट तालुका क्षेत्र में पुलिस ने अवैध गांजा के साथ दो लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि सूचना के आधार पर नवा 150 रिंग रोड़ पर पाटीदार चौक के निकट एक कार को रोक कर तलाशी ली गयी। इस दौरान उसमें से ती किलोग्राम 806 ग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन और कर जब्त करके दो लोगों को पकड़ लिया गया।

# हरियाणा में मेरी भूमिका पीएम मोदी की तरह मुख्य सेवक की : मुख्यमंत्री

## 'मनोहर लाल के होते हुए हरियाणा में किसी से भेदभाव नही होगा'

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं को प्रधान सेवक ना कहते हुए देश का प्रधान सेवक कहा है, उसी प्रकार से हरियाणा प्रदेश में मेरी भूमिका मुख्य सेवक की है। मुख्यमंत्री आज अखिल भारतीय संत समिति के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर पहुँचे थे। अधिवेशन में धर्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा व राष्ट्र निर्माण से सम्बंधित विषयों पर मंथन के लिए देश के विभिन्न राज्यों व 13 अखाड़ा परिषद के साधु संत शामिल थे। अधिवेशन में शामिल संतों ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को पगड़ी व माला भेंट कर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने अधिवेशन में उपस्थित संत समाज के प्रतिनिधियों को शॉल व पुष्पमाला भेंट करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि संतों के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आकर वे अभिभूत है कि आज उन्हें एक ही मंच पर पूरे देश के संत समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता के माध्यम से जनसेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म व कर्तव्य है। प्राचीनकाल में जब राजशाही का समय था तो राजा से कोई गलती होने पर धर्म के पुरोधा राजा के सर पर मयूर पंख रख कर उसे आभास दिलाते थे कि शासन व्यवस्था भले ही उसे दंडित ना करे लेकिन धर्म उसे अवश्य दंड देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आज संत समाज को विश्वास दिलाते हैं कि वे धर्म की मर्यादा का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी वजह से समाज में किसी भी व्यक्ति को कोई कष्ट ना हो। मुख्यमंत्री ने

**समारोह**

- पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर में अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय अधिवेशन में संतों का आशीर्वाद लेने पहुँचे थे मुख्यमंत्री

कहा कि मनुष्य की प्रसिद्धि के हिसाब से उसका अपना धर्म होता है। एक विद्यार्थी का, एक पिता का, एक माता का व एक सेवक का अपना धर्म है लेकिन जब हम संतों के चरणों में बैठते हैं तभी शासन की दिशा ठीक होती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता केवल शरीर का निर्माण करते हैं लेकिन उस शरीर को एक सभ्य नागरिक का रूप देना व राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शन देने का कार्य संत समाज करता है। अधिवेशन में कार्यक्रम के संयोजक व आश्रम हरि मंदिर पटौदी के अधिष्ठाता स्वामी धर्मदेव ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री प्रवृति के मुख्यमंत्री है। भले ही उन्होंने भगवा धारण ना किया हो लेकिन उनके विचार व राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दिया जा रहा योगदान संतो की परिपाटी को ही लक्षित करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री पूरे देश में ऐसे पहले मुख्यमंत्री है जिन्होंने अपने निवास स्थान को संत कबीर कुटीर का नाम दिया है। स्वामी धर्मदेव ने कहा कि अपने धर्म का पालन करते हुए प्राण न्योछावर करना सबसे श्रेष्ठ है। उन्होंने अधिवेशन में उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने से ही आपका कर्तव्य पूरा नही होगा। आप सभी को राष्ट्र की रक्षा, बड़ों के सम्मान व अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए अपने बच्चों को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय संत समिति से पूरे देश के करीब 70 हजार संत जुड़े हैं।

# चौटाला से मिला लॉन वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



- बैंकट हॉल व वाटिकाओं के लिए पॉलिसी बनाने का किया आग्रह

गुरुग्राम हरियाणा पार्टी लॉन वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल संस्था के प्रधान अनिल राव की अध्यक्षता में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मिला और उनसे आग्रह किया कि हरियाणा के सभी बैंकट हॉल, गार्डन व वाटिकाओं पर जो तलवार लटकी हुई है, उनसे उन्हें मुक्ति दिलाई जाए। उन्होंने बताया कि एक आरटीआई कार्यकर्ता ने लोकायुक्त में याचिका लगाई हुई और लोकायुक्त ने प्रदेश के सभी गार्डन व वाटिकाओं को सीज करने के आदेश वर्ष 2017 में दे दिए थे।

लेकिन प्रशासन द्वारा कार्यवाही न किए जाने से लोकायुक्त भी प्रशासन पर उनके आदेश का पालन करने का दबाव बना रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रदेश सरकार राजस्थान व दिल्ली की तर्ज पर लाईसेंस शुल्क लेकर पॉलिसी बना दे तो बैंकट हॉल संचालकों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। अनिल राव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वह टाउन प्लानिंग विभाग से बात कर इस समस्या का कोई न कोई समाधान जल्दी ही निकालेंगे। प्रदेश के इन आयोजन स्थलों को बंद नहीं होने दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 15 जुलाई को गुडगांव में आयोजित की जाने वाली संस्था की तीसरी प्रदर्शनी का आमंत्रण भी उप मुख्यमंत्री को दिया। प्रतिनिधिमंडल में संस्था के जोन प्रधान रमेश कालरा, कोषाध्यक्ष शिवचरण शर्मा आदि भी शामिल रहे।

# पाकिस्तान की जेल में मारे गए सरबजीत सिंह की बहन का निधन

अमृतसर, एजेंसी

**अंतिम संस्कार**

- दलबीर का अंतिम संस्कार आज दोपहर में तरण तारण जिले में उनके पैतृक शहर भीखीविंड में किया जाएगा

वर्ष 2013 में पाकिस्तान की जेल में साथी कैदियों द्वारा बेरहमी से पीटे जाने के बाद मारे गये सरबजीत सिंह की बहन दलबीर कौर का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 67 वर्ष की थीं। दलबीर कौर उस समय सुर्खियों में थीं, जब उन्होंने पाकिस्तान की जेल से अपने भाई की रिहाई के लिए एक अभियान चलाया था। सरबजीत 1991 से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बम विस्फोटों में शामिल होने के आरोप में जेल में बंद थे। परिजनों के अनुसार कौर ने शनिवार रात सीने में तेज दर्द की शिकायत की थी और उन्हें यहां एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

सरबजीत सिंह की बेटी पूनम ने बताया कि दलबीर पिछले एक साल से फेफड़ों की बीमारी से जूझ रही थीं। उन्होंने बताया कि जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो चिकित्सकों का कहना था कि उनकी हालत गंभीर है। उन्हें आईसीयू में रखा गया और कुछ देर बाद जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया।

पूनम ने बताया कि दलबीर कौर को अस्पताल ने कुछ घंटों के बाद मृत घोषित कर दिया। पूनम ने कहा कि दलबीर का अंतिम संस्कार आज दोपहर में तरण तारण जिले में उनके पैतृक शहर भीखीविंड में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2013 में लाहौर जेल में कैदियों द्वारा किए गए हमले के छह दिन बाद सरबजीत सिंह (49) की मौत हो गयी थी। जेल में सरबजीत पर ईंटों और अन्य धारदार वस्तुओं से हमला किया गया था और उनकी पीठ और सिर में चोटें आई थीं और वह कोमा में चले गए थे। सरबजीत को पाकिस्तानी अदालत द्वारा आतंकवाद और जासूसी करने का दोषी ठहराया गया था। 1991 में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी।

हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने 2008 में अनिश्चित काल के लिए उनकी फांसी पर रोक लगा दी थी। सरबजीत का पार्थिव शरीर लाहौर से अमृतसर लाया गया था जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई साल पहले दलबीर कौर ने अपने भाई को जेल से छुड़ाने के लिए अलग-अलग मंचों पर आवाज उठाई थी। दलबीर अपने भाई सरबजीत सिंह की दो बेटियों और पत्नी सहित अपने परिवार के सदस्यों के साथ दो बार लाहौर की कोट लखपत राय जेल में उनका हालचाल जानने गयीं थीं। 2016 में सरबजीत सिंह के जीवन पर आधारित एक फिल्म आयी थी, जिसमें दलबीर कौर की भूमिका अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाई थी।

## तावडू में ट्रैफिक लाईटें बंद रहने से वाहन चालक परेशान

**तावडू।** सडक सुरक्षा को लेकर 5 वर्ष पहले शहर में लगाई गई ट्रैफिक लाईटें 1 माह चल कर बंद ही पडी हैं। जिससे वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पडता है, क्योंकि ट्रैफिक लाईटें बंद होने के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने वाहनों पर रिफलेक्टर लगाने की मुहीम छेडी हुई है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। शहरवासी राजेन्द्र सिंह, हरि किशन, दयानंद, मनोज कुमार, रहीश खान, एडवोकेट डीके अग्रवाल, मनोज कुमार, एडवोकेट मुकेश मक्कड आदि ने बताया कि गत 5 वर्ष पहले 1 माह ट्रैफिक लाईटें लगने के बाद बंद हो गई थी। जो आज तक बंद ही पडी हुई हैं। इस स्थिति में वाहन चालकों को जहां परेशानी का सामना करना पड रहा है वहीं वाहन दुर्घटना का डर हमेशा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि शहर में पटौदी चौक, लखपत चौक, पुरान बस स्टैंड आदि चौक पर लगभग 11-12 लाख रूपए की लागत से 5 वर्ष पहले ट्रैफिक लाईट लगाई गई थी। जो पुलिस विभाग को सौंप दी गई थी। जो 1 माह चलने के बाद से ही बंद पडी हुई हैं। जिससे लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष पनप रहा है।

# गहलोत ने माही परियोजना के लिए 545 करोड़ रूपए किए मंजूर

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांसवाड़ा जिले में माही परियोजना के नहरी तंत्र एवं वितरिकाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार के विभिन्न कार्य कराने के लिए 545 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं। इस कार्य से लगभग 80 हजार हैक्टेयर भूमि के सिंचाई जल की दक्षता में वृद्धि होगी। बांसवाड़ा जिले की तहसील बांसवाड़ा, घाटोल, गढ़ी, आनंदपुरी, बागीदौरा, तलवाड़ा, अरथुना में स्थित परियोजना के कमांड क्षेत्र में स्थित किसानों को लाभ मिलेगा। उन्हें सिंचाई के लिए आवश्यक जल की सुनिश्चितता हो सकेगी।

गहलोत की इस स्वीकृति से बांयी एवं दांयी मुख्य नहर के सहित सात नहरी तंत्र है, जिनका सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार होगा। इसमें दांयी मुख्य नहर एवं इसके नहरी तंत्र की आर डी 0 से 71.62 किलोमीटर करणपुर वितरिका एवं इसके वितरण तंत्र, गेनोरा, लोहारिका, आसोड़ा और खोदन वितरिकाओं एवं इसके वितरण तंत्र, नरवाली वितरिका, काण्डव माईनर, जगपुरा नहर, हारों नहर एवं इसके वितरण तंत्र की मरम्मत के कार्य होंगे।

बांयी मुख्य नहर 0 से 15 कि.मी एवं भूंगड़ा नहर वितरण तंत्र, 15 किलोमीटर से 36.12 किलोमीटर, छींछ वितरिका, बागीदौरा माईनर व इसके वितरण तंत्र, अरथुना वितरिका आर.डी 2.5 कि.मी से 41 किलोमीटर (टेल) एवं परसोलिया वितरिका एवं इसके नहरी तंत्र, भीखा भाई सागवाड़ा आरडी 0 से 8 किलोमीटर एवं इसके नहरी तंत्र, निठुआ वितरिका एवं इसके नहरी तंत्र, भीखाभाई सागवाड़ा आर. डी 75 से 78.88 किलोमीटर मरम्मत एवं पुर्नरूद्धार के कार्य होंगे। उल्लेखनीय है कि श्री गहलोत ने वर्ष 2022-23 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

## तावडू में मौसम में फिर से गर्माहट, जनजीवन प्रभावित

**तावडू।** मौसम में फिर से आई गर्माहट से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूरज से निकलती आग से बनी भीषण गर्मी जहां लोगों के लिए हानिकारक साबित हो रही है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षी भी इस गर्मी से परेशान नजर आ रहे है। इस समय गर्मी का आलम ऐसा है कि क्षेत्रवासी गर्मी सहन करने में असमर्थ है। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर व ऐसी आदि उपकरणों का सहारा ले रहे है। लेकिन बेजुबान पशु पक्षी के पास ऐसा कोई विकल्प नहीं की वह अपने आप को इस गर्मी से निजात दिला सके। भीषण गर्मी के चलते पशु पक्षियों के लिए आम जन को पहल करनी होगी। लोगों को घरों की छतों पर जहां छाया हो वहां पक्षियों के लिए पानी जरूर रखना चाहिए और पशुओं के लिए भी अपने घरों व प्रतिष्ठानों के बाहर पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। मौसम विभाग अनुसार अभी तापमान और बढेगा और बढते तापमान से जहां इंसानों का बुरा हाल है तो बेजुबान पशु पक्षीयों का क्या होगा। जो छाया के अलावा कोई और सहारा नहीं ले सकते। जंगलों में रहने वाले बेजुबान पशु पक्षियों को इस सहारे के लिए भी दूर दूर तक भटकना पड़ता है।

# नशे के खिलाफ अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली शपथ



पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता

पंचकूला में जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचकूला इस अवसर पर पंचकूला के लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सभी को नशे के विरूद्ध शपथ भी दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि मैं प्रण करता हूं कि अपने जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करूंगा और अन्य लोगों को भी नशा ना करने के लिये प्रेरित करूंगा। यदि कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है अथवा कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो इसकी सूचना हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हैल्प लाईन नंबर 9050891508 पर दूंगा। इस अवसर अतिरिक्त उपायुक्त मनीता मलिक, एसडीएम ऋचा राठी, नगराधीश गौरव चैहान, पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र पाल सिंह, एसीपी मुकेश कुमार, एसीपी विजय नेहरा, एसीपी किशोरी लाल, एसीपी राजकुमार रंगा सहित पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिअद (अ) के मान ने जीती संगरूर सीट, आप को बड़ा झटका

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरजीत सिंह मान ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को गंभीर झटका देते हुए चुनाव जीत लिया। रविवार को सामने आये चुनाव परिणाम में श्री मान ने कुल 253154 वोटों से जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आप के गुरमैल सिंह को हराया। आप को कुल मतों का 34.79 फीसदी वोट हासिल हुए। इस सीट पर 23 जून को उपचुनाव हुआ था। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों को हार का सामना करना पड़ा है। शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान का कहना है कि संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उन्हें जीत मिली है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के लिए यह जीत काफी अहम है। हमने इस उपचुनाव में सभी राष्ट्रीय पार्टियों को हरा दिया है। उन्होंने कहा,वह किसानों एवं गरीबों के मुद्दों को लोकसभा में उठाएंगे।

# तावडू : सफाई व्यवस्था ना होने से गांव में महामारी फैलने का डर

तावडू, प्रात: किरण संवाददाता



उपमंडल के गांव खोरी कलां के ग्रामीणों का आरोप है कि खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी को गांव में वर्षों से ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्य नहीं कर रहे। जिस कारण गांव में महामारी फैल रही है। ग्रामीणों का कहना था कि हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बीमारियों की चपेट में है। ग्रामीण इस संदर्भ में एक माह पहले अधिकारी से शिकायत कर चुके और इससे पहले भी कई बार प्रशासन को समस्या अवगत करा चुके हैं। लेकिन ग्रामीणों की कोई सुनवाई प्रशासन ने नहीं की।

ग्रामीण नरेश कुमार, भूप सिंह, संजय कुमार, पहलवान तुफान, हबीब, ईसन, संदीप कुमार आदि ने बताया की गांव में सफाई तो दूर की बात है, गंदे पानी की निकासी भी बंद होने के कारण गांव में चारों तरफ गंदगी व कीचड से दुर्गंध से जीना मुहाल है। गदगी में कीडे व मच्छर-मक्खी पनप रहे हैं। जिससे ग्रामीण बीमारियों की चपेट में है। ग्रामीणों का आरोप है कि वाटर सप्लाई में भी रिसाव के कारण घरों में पेयजल भी स्वच्छ नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वह इस संदर्भ में एक माह पहले अधिकारी से शिकायत कर चुके और इससे पहले भी कई बार प्रशासन को समस्या अवगत करा चुके हैं। इस बारे में बीडीपीओ नंद लाल ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्या चल रही थी। जिसे निपटा लिया गया है। अब जल्द खोरी कलां की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## शिवसेना फिर से मजबूती से खड़ी होगी : खैरे

**औरंगाबाद।** शिवसेना के वरिष्ठ नेता और चार बार के पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे ने रविवार को कहा कि शिवसेना का मतलब संघर्ष है, इसलिए उन्हें उम्मीद कि बागी विधायको के समूह के संकट समाधान होगा और पार्टी फिर से खड़ी होगी। श्री खैरे ने रविवार को यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिले के लोग शिवसेना पर भरोसा हैं और वे शिवसेना प्रमुख दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के विचारों से प्रेरित हैं। यह जिला उनका गढ़ है और पार्टी फिर से मजबूती से खड़ी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार के जरिए मिलने वाला फंड श्री उद्धव ठाकरे की सिफारिश पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीमारी के कारण वह आगे नहीं आए और कुछ लोगों ने इसका फायदा उठाया। यह फंड जनता से मिलने वाले करों से एकत्र किया जाता है। उन्होंने बागी विधायकों को सलाह दी कि वे संकट को न बढ़ाते हुए लोगों के भलाई के लिए काम करे।

# नरेंद्र मोदी के प्रयासों से नाम रोशन कर रहे खिलाड़ी: शर्मा

भोपाल, एजेंसी

मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम में खेलो इंडिया के अंतर्गत नए-नए रिकॉर्ड बना रहे युवा खिलाड़ियों की चर्चा की है कि किस तरह ये खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री शर्मा ने आज नरेला विधानसभा के वार्ड क्र 37 के बूथ क्रमांक 124 में प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी का प्रयास है कि गांव-गांव तक से छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निकालकर लाया जाए। उनके इन्हीं प्रयासों से नीरज चोपड़ा, मिताली राज जैसे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं और देश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने इस बात की भी चर्चा की है कि किस तरह कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने आपातकाल लगाकर देश के नागरिकों की आवाज को दबा दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में जिन मुद्दों की चर्चा की है, वास्तव में उन पर पूरे देश को गर्व है और वे इसके लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बताया कि किस तरह देश के युवा अपने स्टार्टअप्स के माध्यम से स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, किस तरह एक सुदूर गांव में नदी साफ करके और प्लास्टिक कचरे का उपयोग सड़क बनाने में करके गांव के लोगों ने पर्यावरण का संरक्षण किया है। किस तरह एक प्राचीन बावड़ी की सफाई करके उसे पुनर्जीवित किया गया और उसे संगीत कार्यक्रम से जोड़ दिया गया।

# त्रिपुरा विस उपचुनाव : मुख्यमंत्री साहा जीते भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक सीट जीती

अगरतला, एजेंसी



- बरदोवाली सीट से मुख्यमंत्री मानिक साहा 6104 वोट जीते
- अगरतला विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने भाजपा को हराया

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा ने विधानसभा की टाउन बरदोवाली सीट से चुनाव जीत लिया है। इसके साथ ही त्रिपुरा विधानसभा की चार सीटों के लिए हुए उपचुनाव में राज्य की सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने तीन सीटों पर जीत हासिल की है। राज्य की अगरतला सीट पर कांग्रेस को सफलता मिली है।

राज्य विधानसभा की चार सीटों पर उपचुनाव के परिणाम घोषित हो गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से जारी नतीजों के अनुसार राज्य की 8 नंबर विधानसभा क्षेत्र टाउन बरदोवाली से भाजपा उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री मानिक साहा ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को आशीष कुमार साहा को 6104 मतों के अंतर से पटखनी दी है। मानिक साहा को 17181 (51.63 प्रतिशत) तथा आशीष कुमार साहा को 11077 (33.29 प्रतिशत) वोट मिले हैं। राज्य की 57 नंबर जुबराजनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मलीना देबनाथ ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उम्मीदवार सैलेंद्र चंद्र नाथ को 4572 मतों के अंतर से पराजित किया है। देबनाथ को कुल 18769 (51.83 प्रतिशत) तथा सैलेंद्र चंद्र नाथ को 14197 (39.2 प्रतिशत) वोट मिले। इसके अलावा 46 नंबर सूरमा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार स्वप्न दास (पॉल) ने निर्दलीय उम्मीदवार बाबूराम सतनामी 4583 मतों के अंतर से हराया है।

स्वप्न दास (पॉल) को 16677 (42.34 प्रतिशत) तथा बाबूराम सतनामी को 12094 (30.7 प्रतिशत) वोट मिला। इसके अलावा राज्य की 6 नंबर अगरतला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार सुदीप रॉय बर्मन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के अशोक सिन्हा 3163 मतों के अंतर से पराजित किया है।

सुदीप रॉय बर्मन को 17431 (43.46 प्रतिशत) मत मिला, जबकि सिन्हा को 14268 (35.57 प्रतिशत) मिले हैं। इस बार राज्य विधानसभा के उपचुनावों में ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक को 2.27 प्रतिशत, टीएमसी को 2.85 प्रतिशत, भाजपा को 44.90 प्रतिशत, सीपीआई (एम) 19.75 प्रतिशत, कांग्रेस 20.10 प्रतिशत, नोटा 1.05 प्रतिशत और अन्य को 9.09 प्रतिशत मत मिले हैं।

## ओडिशा में मादक पदार्थ के चार तस्कर गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की टीम ने शनिवार को छापेमारी के दौरान चार ड्रग तस्करों को पकड़ा और उनके कब्जे से 1030 ग्राम वजन की प्रतिबंधित ब्राउन शुगर जब्त की। एसटीएफ सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर उनकी टीम ने बीबीएसआर टीम के सहयोग से शनिवार को खोरधा में मादक पदार्थ के खिलाफ छापेमारी की। जिसमें तस्करों के पास से 1030 ग्राम वजन की प्रतिबंधित ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि चारों तस्करों को जिला एवं सत्र सह विशेष न्यायाधीश, खोरधा की अदालत में भेजा जा रहा है। एसटीएफ ने साल 2020 से मादक पदार्थों के खिलाफ एक विशेष अभियान के दौरान अब तक 55 किलोग्राम से अधिक ब्राउन शुगर, हेरोइन, 202 ग्राम कोकीन और 111 क्विंटल से अधिक गांजा, 750 ग्राम अफीम जब्त की है। साथ ही 156 से अधिक ड्रग डीलरों तथा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर 25 लाख से अधिक लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में रविवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही। राज्य के लगभग 25 लाख लोग अब भी बाढ़ की चपेट में हैं, हालांकि कुछ इलाकों में नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने दिन के दौरान बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित कछार जिले के सिलचर का दौरा किया और बराक घाटी शहर में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के ताजा बुलेटिन के अनुसार, राज्य के 27 बाढ़ प्रभावित जिलों में 25 लाख से अधिक लोग अभी भी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिनमें 79 राजस्व मंडल और 2,894 गांव शामिल हैं। पिछले दो सप्ताह से बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे पूर्वोत्तर राज्य के 637 राहत शिविरों में 2.33 लाख लोगों ने शरण ले रखी है। एएसडीएमए बुलेटिन में कहा गया है कि 259 वितरण केंद्रों या अस्थायी रूप से खोले गए बिंदुओं के माध्यम से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), दमकल और आपातकालीन सेवाएं, पुलिस और एएसडीएमए स्वयंसेवक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित निकालने में जिला प्रशासन की मदद कर रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 67,237 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। असम के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ के कारण शनिवार को चार और लोगों की मौत हो गई, जिससे राज्य में इस साल बाढ़ और भूस्खलन में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 121 हो गई है। एएसडीएमए ने कहा कि कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले से ताजा भूस्खलन की सूचना मिली है।

## छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की मौत, 20 घायल

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक निजी बस के पलटकर खाई में गिर जाने से दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गयी और कम से कम 20 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार शाम जिले में कुकदुर थाना क्षेत्र के अग्रपाणि गांव के पास पोलमी घाट पर हुई। यह बस उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जा रही थी। बस में ईंट भट्ठों में काम करने वाले 50 से अधिक मजदूर सवार थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार चालक ने संकरे मोड़ पर बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बस पलटकर 25-30 फुट गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में रागिनी साहू (नौ) और सिमरन मांझी (तीन) नामक दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद बस का चालक और संवाहक वहां से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान कर उन्हें तलाश करने की कोशिश कर रही है।

# दिल्ली में आम आदमी पार्टी का जलवा कायम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का जलवा कायम है। राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर 23 जून को हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। उपचुनाव में आप के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक ने 11 हजार 468 मतों से जीत दर्ज की है।

दुर्गेश पाठक की जीत से आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर जश्न का माहौल है। कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और ढोल-बाजे के साथ डांस कर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं, जीत के बाद आप कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए।

आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दुर्गेश पाठक ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा के उम्मीदवार राजेश भाटिया को शिकस्त दी है। काउंटिंग रविवार सुबह आठ बजे से शुरू हुई थी। मतगणना में वह शुरूआत से ही बढ़त बनाए हुए थे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के इस्तीफे से खाली हुई इस सीट पर हुए उपचुनाव में 'आप' ने जीत की हैट्रिक लगाई है।

बता दें कि आम आदमी पार्टी के दुर्गेश पाठक को कुल 40 हजार 319 मत मिले। वहीं, भाजपा प्रत्याशी राजेश भाटिया 28 हजार 851 मत ही अपनी झोली में डाल पाएं। तीसरे स्थान पर कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी प्रेमलता ने 2,014 मत हासिल किए। हालांकि वह अपनी जमानत भी नहीं बचा सकीं। जबकि 546 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था।

8 सालों में 3 बार आप की जीत, कभी दबदबा था, अब भाजपा को लगातार मिल रही पटखनी?

आम आदमी पार्टी ने दुर्गेश पाठक पर दांव लगाया है। इन्होंने 2020 में करावल नगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट से हार गए थे। दुर्गेश मार्च 2017 तक पंजाब में पार्टी के इंचार्ज थे। वह दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी करने आए थे, लेकिन 2011 में जन लोकपाल आंदोलन से जुड़ गए। इसके बाद वो आम आदमी पार्टी में जुड़ गए।

उल्लेखनीय है कि इस उपचुनाव के लिए 23 जून को मतदान हुआ था। कुल 43.75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। इसके तहत 43.67 प्रतिशत पुरुष व 43.86 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया है। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार 25 जून को दोपहर दो बजे तक 246 पोस्टल बैलेट व पांच इलेक्ट्रानिक पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए थे। केजरीवाल ने जताया जनता आभार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस जीत को लेकर राजेंद्र नगर की जनता का आभार जताया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, राजेंद्र नगर के लोगों का दिल से आभार। दिल्ली के लोगों के इस अथाह स्नेह और प्रेम का मैं आभारी हूं। यही हमें और मेहनत एवं सेवा करने की प्रेरणा देता है। लोगों ने उनकी गंदी राजनीति को हराया और हमारे अच्छे काम को सराहा। शुक्रिया राजेंद्र नगर, शुक्रिया दिल्ली। राजेश भाटिया (भाजपा के उम्मीदवार)

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ से अपनी राजनीति शुरू करने वाले भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेश भाटिया वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं। अपने इलाके में बेहद लोकप्रिय राजेश भाटिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी काम किया है। वह डूसू में 1982-83 तक सेंट्रल काउंसलर

राजेंद्र नगर सीट पर बड़ी संख्या में पंजाबी समुदाय के लोग रहते हैं, जो एक तरह से निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। यही वजह है कि भाजपा ने राजेश भाटिया को बतौर पंजाबी उम्मीदवार उतारकर आम आदमी पार्टी को कड़ी चुनौती देने की तैयारी की है। इससे पहले आप के प्रत्याशी राघव चड्ढा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2015 में बेहद आसानी से जीत हासिल की थी। अब परिणाम के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। प्रेम लता (कांग्रेस उम्मीदवार)

कांग्रेस की उम्मीदवार प्रेमलता की पहचान क्षेत्रीय नेता के रूप में है। वह इसी विधानसभा क्षेत्र के दसघरा गांव की रहने वाली हैं। प्रेम लता पूसा वार्ड से निगम पार्षद रह चुकी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के बादली में बंद फैक्ट्री में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के बादली इलाके में रविवार तड़के एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, एक दमकल अधिकारी ने कहा, रोहिणी जेल के पीछे बादली इलाके में देर रात करीब 2:18 के आस-पास आग लगने की सूचना मिली। तुरंत 23 दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के गोदाम में लगी आग को बुझाने के लिए रोबोटिक मशीन का भी इस्तेमाल किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### बालाजी मन्दिर में लगा रक्तदान शिविर

नई दिल्ली। श्री बाला जी हनुमान मंदिर विवेक विहार में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि रामनिवास गोयल स्पीकर दिल्ली विधानसभा और बालाजी मंदिर समिति के चेयरमैन विनोद बिंदल, अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, अशोक अग्रवाल आरडब्ल्यूए विवेक विहार अध्यक्ष आनंद गोयल, श्री राम मंदिर के प्रधान अनिल कंसल, अग्रसेन भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक गर्ग और विजय शंकर गुप्ता, दीपक अग्रवाल, विजय जिंदल, भारत पांचाल, अंकित गर्ग, निर्मल गुप्ता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। निर्मल गुप्ता नें बताया शिविर में कुल 255 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

### यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों ने भूख हड़ताल की

नई दिल्ली। यूक्रेन से लौटे एमबीबीएस के छात्रों ने देश में दाखिला और पढ़ाई को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने के चलते जंतर-मंतर पर सांकेतिक भूख हड़ताल कर विरोध जताया। देशभर के अलग-अलग हिस्सों से छात्र और उनके परिजन विरोध दर्ज कराने के लिए पहुंचे थे। पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ यूक्रेन एमबीबीएस स्टूडेंट्स के तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.बी गुप्ता ने बताया कि यूक्रेन से लौटने वाले मेडिकल छात्रों को लेकर जो मसौदा तैयार किया गया है। उसमें मेडिकल की दूसरे वर्ष से लेकर चौथे वर्ष की पढ़ाई करने वाले छात्रों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। उन छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए नीट परीक्षा देने, पांचवें और छठे वर्ष के छात्रों के लिए अभ्यास की व्यवस्था कर दी गई है। लेकिन बाकी के छात्रों के लिए कोई कार्य योजना नहीं है। इस संबंध में प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा गया है। दिल्ली के सीताराम बाजार निवासी राकेश कुमार गौतम ने बताया कि उनका बेटा यूक्रेन के जिस विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा था।

### रोहिणी में घूम रहा एक शातिर लुटेरा गिरफ्तार, बटनदार चाकू बरामद

नई दिल्ली। रोहिणी जिला के नॉर्थ रोहिणी थाना पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने लूटने की फिराक में घूम रहे एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बटनदार चाकू भी बरामद किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान करण के रूप में हुई है, जोकि दिल्ली के किराड़ी का निवासी हैं। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। रोहिणी जिले के डीसीपी प्रणव तायल के मुताबिक बीते 24 जून को नॉर्थ रोहिणी थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल रविकांत और हेड कॉन्स्टेबल सोहनवीर इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े आठ बजे जब वे 6/7 डिवाइडिंग थाना के पास पहुंचे तो बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल की तरफ से एक लड़के को आते देखा। जब पुलिस ने उसे संदेह के आधार पर रोकी और पूछताछ की, तो उसने खुलासा किया कि वह लूट को अंजाम देने के लिए घूम रहा था।

### कावड़ तीर्थ यात्रियों को मिले तीर्थयात्रा बीमा : प्रमोद अग्रवाल

नई दिल्ली। धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवम हरियाणा की सरकारों से मांग की है कि दिल्ली एनसीआर से जाने वाले सभी कावड़ियों एवम दिल्ली के कावड़ यात्रियों का रजिस्ट्रेशन हो एवम सभी कावड़ तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा बीमा सरकार की और से दिया जाए। इसके लिए जल्द ही महासंघ के प्रतिनिधि मंडल तीनो सरकारो से मिलेंगे और अपना ज्ञापन देंगे। धर्मयात्रा महासंघ की मीटिंग महासंघ के राष्ट्रीय कार्यालय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली में आयोजित की गयी थी। धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री संजीव शर्मा ने बताया कि दिल्ली में 175 कावड़ कैम्प कावड़ियों की सहायता और सेवा हेतु लगाए जाते है।

# नशा मुक्त भारत पर गोष्ठी आयोजित




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

काशियना फाउंडेशन द्वारा नशामुक्त भारत, भारत विश्व गुरु पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मनोज तिवारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, चैयरमेन गांधी शांति प्रतिष्ठान मुख्य रुप से रहे। इस अवसर पर विजय गोयल ने कहा कि नशा जुनून वाला होना चाहिए वो अच्छा है, जो समाज में उचित उपयोगी बदलाब ला सके। उन्होंने कहा लाटरी के चलते देश और दिल्ली में लाखों लोग उसकी लत से बर्बाद हो रहे थे। उसको रोकने के लिए एक जुनून की तरह कार्य किया और उसको रुकवाकर ही दम लिया ऐसा नशा अच्छा है और जो नशा स्वयं को और देश को खोखला बना दे वो बुरा है उससे बचे। मनोज तिवारी ने मात्र शक्ति को नमन करते हुए गीत गाते हुए शरू की उनकी मधुर आवाज आए हुए हर जन का मन मोह गई और आये हुए हर युवा में देश भक्ति का जोश भर गई उन्होंने कहा वो दिन दूर नही जब भारत पूर्ण तरह से नशा मुक्त देश बनेगा। श्याम जाजू जो कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में अपनी बात कहते हुए काशियना फाउंडेशन संस्था द्वारा समय समय पर इस तरह के जन चेतना के कार्यक्रमो की भूरी भूरी प्रशंशा की देश का भविष्य है। युवा और युवा अवस्था में ही सबसे ज्यादा ना ना प्रकार की नशे की लत में पड़ने की संभावना रहती है, जिससे उनको बचना चाहिये आज पूरा विश्व नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व के चलते भारत की और देख रहा है, और भारत अपने युवाओं के बल पर आगे बढ़ रहा है। और एक दिन पुनः विश्व गुरु के रूप में अपना परचम लहराएगा कार्यक्रम में विवेक काबरा, अनिल कुमार गर्ग सहित कई गणमान्काय लोग मौजूद रहे। सुमित अंकुर सिंह कार्यक्रम के सयोंजक रहे।

# आप प्रत्याशी भाजपा उम्मीदवार से दस हजार मतों के अंतर से आगे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता


राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव में रविवार सुबह से मतगणना जारी है। नौवें दौर की मतगणना के बाद आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार दुर्गेश पाठक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेश भाटिया से दस हजार मतों से अधिक के अंतर से आगे चल रहे हैं। रविवार सुबह आठ बजे से जारी मतगणना के सातवें दौर के बाद 'आप' के पाठक को भाजपा के भाटिया से पांच हजार मतों से अधिक की बढ़त हासिल हुई।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, छठे दौर की मतगणना के अंत में पाठक भाजपा के भाटिया से लगभग तीन हजार मतों के अंतर से आगे थे, जो सातवें दौर में बढकर पांच हजार हो गया और नौवें दौर की मतगणना पूरी होने के साथ ही ये अंतर दस हजार तक पहुंच गया। मतगणना की शुरूआत में 'आप' के पाठक 1,500 से अधिक मतों से आगे चल रहे थे, लेकिन पांचवें दौर के अंत तक बढ़त का अंतर घटकर 1,153 रह गया था। अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नौ दौर की मतगणना के बाद 'आप' के पाठक ने लगभग 60.24 प्रतिशत मत प्राप्त किए।

वहीं, नौ दौर की मतगणना में 36.02 प्रतिशत मतों के साथ भाजपा के उम्मीदवार भाटिया उनसे पीछे चल रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमलता महज 2.25 प्रतिशत मतों के साथ पीछे चल रही हैं। इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 23 जून को केवल 43.75 प्रतिशत मतदान हुआ था। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। हालांकि, मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच माना जा रहा है। हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद आप नेता राघव चड्ढा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो गयी थी। यहां सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना जारी है।

# बुराड़ी का जल संकट दूर करने के लिए आदेश ने लगाई केजरीवाल से गुहार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



बुराड़ी विधानसभा में पिछले लगभग दो माह से जलापूर्ति बाधित होने के चलते आम जनता को हो रही मुश्किलों को देखते हुए करावलनगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक पत्र लिखकर क्षेत्र में सुचारू रूप से साफ व स्वच्छ पानी की सप्लाई करने मांग की है। आदेश भारद्वाज ने बताया कि मैं आज से पहले भी बुराड़ी क्षेत्र में साफ व स्वच्छ पानी की नियमित सप्लाई को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल को कई पत्र लिख चुका हूं। लेकिन आज तक किसी तरह का कोई जवाब नही आया है। आदेश भारद्वाज ने दिल्ली सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मुफ्त जल वितरण के नाम पर वोट बटोर कर सरकार बनाने वाले लोगों द्वारा आज नियमित तरीके से जलापूर्ति भी ढंग से नही की जा रही है और अगर किसी इलाके में पानी की आपूर्ति हो भी रही है तो वहां भी एक या दो दिन के अंतराल पर पानी आ रहा है। बुराड़ी विधानसभा के कमालपुर, तोमर कालोनी, बाबा कालोनी, वशिष्ट एनक्लेव, सुनील कालोनी, प्रधान एनक्लेव व कई अन्य कालोनियों के कई लोगों नें बताया है कि पानी के आने का का कोई समय भी निर्धारित नही है कभी आधा घण्टे आता है कभी एक घण्टे और कभी 6 बजे आ जाएगा तो किसी दिन 4 बजे, इससे लोगों में भ्रम की स्तिथि बनी रहती है जिसके चलते बहुत से लोग पानी से पूरी तरह वंचित रह जाते हैं। कण्डक्टर कलोनी की महिलाओं ने मुझे बताया कि वहां पानी 2 दिन के अंतराल पर आता है और वह भी सुबह 4 बजे से 5 बजे के बीच मे, अब पानी भरने के लिए मुह अंधेरे 4 बजे उठना उनकी मजबूरी बन चुकी है आदेश ने आगे बताया कि यही नही जो पानी आता है वह बहुत ही ज्यादा गन्दा व बदबूदार पानी होता है। जिसके प्रयोग से एलर्जी, चमड़ी के रोग होने का डर तो रहता ही है साथ ही पेट सम्बंधित गम्भीर बीमारियों का डर भी बना रहता है। लेकिन सरकार इस तरह के नुकसानों से इतर बेफिक्री की नींद सोई हुई है। इसके अलावा पानी का दाब इतना कम व हल्का होता है कि विधानसभा के कुछ ऊँचाई वाले इलाकों में पानी जा ही नही पाता है। और ये समस्या आज की ही नही ये समस्या एक बड़े लम्बे समय से चली आ रही है।

# एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21-25 के बीच ट्रायल रन शुरू



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवादाता

- अपेक्षित अनुमोदनों के बाद इस सेक्शन को यात्रियों के आवागमन हेतु खोल दिया जाएगा

दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर दो किलोमीटर लंबे द्वारका सेक्टर-21 से द्वारका सेक्टर-25 (आईआईसीसी) मेट्रो सेक्शन पर ट्रायल रन (परीक्षण) शुरू कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने रविवार को एक बयान में कहा कि ट्रायल रन के दौरान सिग्नलिंग सिस्टम का परीक्षण किया गया। इसके पूरा होने के बाद मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) सहित विभिन्न अनुमोदन प्रदान करने वाले प्राधिकारियों द्वारा इस सेक्शन का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा तथा अपेक्षित अनुमोदनों के बाद इस सेक्शन को यात्रियों के आवागमन हेतु खोल दिया जाएगा। इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) को भारत के सबसे बड़े प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बयान में कहा गया कि आईआईसीसी के आसपास सेवाएं देने के अलावा यह नया स्टेशन द्वारका सेक्टर 25 और 26 के निवासियों के साथ-साथ नजदीक ही स्थित गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ नए सेक्टरों को भी मेट्रो सेवा प्रदान करेगा। इन क्षेत्रों के निवासी लगभग आधे घंटे में मध्य दिल्ली में पहुंच सकेंगे।

# दिल्ली के स्कूलों में नो-डिटेंशन नीति खत्म करने के खिलाफ हैं अभिभावक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार ने स्कूलों में नो-डिटेंशन नीति को खत्म करने की एक पहल की गई है। इस समय शिक्षा के अधिकार (आरटीई) नियमों के तहत कोई भी बच्चा कक्षा 8 तक फेल नहीं होता है। अब यह राज्यों पर निर्भर है कि वे इस नीति को जारी रखना चाहते हैं या नहीं। दिल्ली सरकार ने आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को हटाने का निर्णय लिया है। इसके लागू होने पर पढ़ाई में कमजोर छात्रों को उनकी कक्षा में रोका या फेल किया जा सकेगा। दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने अधिसूचित किया है कि दिल्ली में निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार नियम 2011 में संशोधन किया गया है। दिल्ली की सरकार ने आरटीई में डिटेंशन नियम लागू करने का फैसला किया है। ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने इसे गलत फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कभी असफल नहीं होता, शिक्षक या संस्था ही असफल होती है। यह अपनी स्वयं की विफलता को छिपाने और बच्चे के खराब प्रदर्शन के लिए बच्चे और उसके माता-पिता को दोष देने का उपकरण होगा। पेरेंट्स एसोसिएशन के मुतबिक, इससे सरकारी स्कूलों में पढ़ाई छोड़ने और बाल श्रम में वृद्धि होगी। निजी स्कूल इसे पैसा बनाने के उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक अग्रवाल ने कहा, मेरे सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जहां प्राइवेट स्कूल पहले किसी छात्र को फेल करते हैं, फिर प्रमोशन के लिए पैसे मांगते हैं। इस तरह का नियम किसी गरीब बच्चे की मदद नहीं करेगा, बल्कि गरीब बच्चे उसका शिकार बनेंगे। 2012 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का अधिकार माता-पिता या संस्था नहीं, बल्कि बाल केंद्रित है। अभिभावकों का मानना है कि यह संशोधन इस कानूनी सिद्धांत के खिलाफ काम करेगा। कई सरकारी शिक्षक बहुत खुश होंगे, क्योंकि वे हमेशा छात्र को पीटने का अधिकार और उन्हें फेल करने का अधिकार चाहते हैं। इस संशोधन के द्वारा शिक्षकों को इन दोनों में से कम से कम एक अधिकार तो मिल गया है।

## 8 जुलाई से शुरू होगी यूजीसी नेट परीक्षा

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) चेयरमैन एम. जगदीश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) परीक्षा दिस. 2021 और जून 2022 की तिथियां घोषित कर दी हैं। कुमार ने कहा कि दिसम्बर 2021 चरण की परीक्षाएं 8 से 12 जुलाई तक और जून 2022 चरण की परीक्षा 12 से 14 अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा पहले की तरह ही इस वर्ष भी संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी है। आपको बता दें कि मई माह में यूजीसी के दोनों चरणों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। परीक्षा को प्रतिदिन दो शिफ्टों में आयोजित किया जाएगा। ये शिफ्टें सुबह 9 से 12 और दोपहर को 3 से 6 बजे के बीच रखी जाएंगी। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के सफल आवेदक विश्वविद्यालयों में असि. प्रोफेसर की पात्रता प्राप्त करते हैं। साथ ही इस परीक्षा के साथ जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के पात्रों का भी चयन किया जाता है।

# नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने रविवार को नई दिल्ली के प्रगति विहार में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया। भीष्म पितामह मार्ग स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया, जिसमें दौड़-नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध 19वीं दौड़ - का आयोजन किया गया। इस दौड़ का आयोजन नई दिल्ली के हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट के सहयोग से हुआ। इस कार्यक्रम में युवाओं और अन्य लोगों को नशे से दूर करने और देश को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिभागियों को संकल्प भी दिलाया गया। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया का निर्माण करने के लिए उठाए गए कदमों और सहयोग को सुदृढ़ बनाने के लिए मनाया जाता है। नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जन जागरूकता फैलाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा दौड़ को झंडी दिखाने के बाद शपथ दिलाया जाएगा। देश के 272 चिन्हित जिलों में नशा मुक्त भारत अभियान नाम से एक राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इन 272 जिलों में अभियान गतिविधियों के लिए 8000 से अधिक मास्टर स्वयंसेवक हैं, जो वास्तव में अब तक आरंभ किए गए विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से 1.20 करोड़ से अधिक युवाओं और 31 लाख से अधिक महिलाओं सहित 3.10 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच रहे हैं। नशा मुक्त भारत अभियान के परिणाम अभी तक बहुत उत्साहजनक रहे हैं। यह मंत्रालय वर्ष 2022 के अंत तक 100 जिलों को निर्धारित मापदंडों के भीतर नशा मुक्त घोषित करने के लिए भी सख्ती से काम कर रहा है। इस वर्ष की थीम ड्रग्स पर तथ्य साझा करें, जीवन बचाएं है। इसका उद्देश्य दवाओं - स्वास्थ्य जोखिम और विश्व दवा समस्या के समाधान से लेकर साक्ष्य आधारित रोकथाम, उपचार और देखभाल तक - पर वास्तविक तथ्यों को साझा करके भ्रामक सूचना का मुकाबला करना है। नशा मुक्त भारत अभियान दौड़ झ नशीले पदार्थों के विरुद्ध दौड़ के लिए सामूहिक कार्यक्रम से संबंधित पहल की जा रही है और 1 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर दौड़, जुंबा क्लासेज, एरोबिक्स का आयोजन किया जा रहा है।

**सूचना** आरएमएल प्रशासन चाहता है कि अस्पताल के ब्लाक में चल रही लेडी हार्डिंग की ओपीडी जल्द स्थानांतरित हो

# आरएमएल अस्पताल प्रशासन ने की लेडी हार्डिंग में ओपीडी स्थानांतरित करने की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




केंद्र सरकार के लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज के आथोर्पेडिक, मेडिसिन और सर्जरी की ओपीडी दशकों से राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी चलती है, लेकिन इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को है। अब एलएचएमसी में नया ओपीडी और आइपीडी ब्लाक शुरू होने के बाद आरएमएल अस्पताल प्रशासन ने लेडी हार्डिंग की ओपीडी स्थानांतरित करने की मांग की है। इसके मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 16 जून को आदेश जारी कर आरएमएल में दशकों से चल रही लेडी हार्डिंग के विभागों की ओपीडी को एलएचएमसी में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। आरएमएल प्रशासन चाहता है कि अस्पताल के ब्लाक में चल रही लेडी हार्डिंग की ओपीडी जल्द स्थानांतरित हो, ताकि जगह खाली होने पर वहां दूसरी सुविधाओं की शुरूआत की जा सकेगी। वहीं, एलएचएमसी प्रशासन का कहना है कि पहले चरण की विस्तार परियोजना पूरी होने तक आरएमएल अस्पताल की मांग पर अमल कर पाना आसान नहीं है। बहरहाल, आरएमएल अस्पताल में एलएचएमसी के तीन विभागों की ओपीडी चलने की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। दरअसल, 106 साल पुराने इस मेडिकल कालेज में वर्ष 1916 में पहली बार महिलाओं के लिए एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई। तब यह पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्ध था। इस मेडिकल कालेज से जुड़े सुचेता कृपलानी अस्पताल में सिर्फ महिलाओं के इलाज की सुविधा थी। पंजाब विश्वविद्यालय से जुड़े होने के कारण आजादी के बाद भी कुछ साल तक इस कालेज की छात्राओं को अंतिम वर्ष की परीक्षा के लिए लाहौर जाना पड़ता था। वहां उन्हें पुरुष मरीजों को देखना पड़ रहा था। इससे उन्हें परेशानी होती थी। इसके मद्देनजर छात्राओं के बेहतर प्रशिक्षण के लिए दिल्ली में ही पुरुष मरीजों को देखने का प्रविधान किया गया। इसी क्रम में वर्ष 1958 में कलावती सरन बाल चिकित्सालय अस्पताल शुरू हुआ। कालेज प्रशासन का कहना है कि एलएचएमसी के बजट से आरएमएल में पांच मंजिला भवन बनाया गया, क्योंकि उस वक्त आरएमएल महज 60 बेड का एक छोटा अस्पताल था। नए भवन में एलएचएमसी की छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए आरएमएल अस्पताल में आथोर्पेडिक विभाग की एक और मेडिसिन और सर्जरी विभाग की दो-दो यूनिट शुरू की गई। ऐसे में एलएचएमसी से तीन अस्पताल जुड़ गए। बाद में वर्ष 2008 में आरएमएल में ही मेडिकल स्नातकोत्तर का कालेज बन गया और वर्ष 2019 में एमबीबीएस की पढ़ाई भी शुरू हो गई। इसके अलावा आरएमएल में दिल, न्यूरो, लिवर और किडनी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा विकसित हो गई, लेकिन एलएचएमसी में अभी सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा है।

# नशे से होने वाले नुकसानो के प्रति जागरूक करें : पुनीत पटेल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सरस्वती एजुकेशनल सोसाइटी ने समाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में पूर्वी दिल्ली जिलाधिकारी कार्यालय से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखा कर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पुनीत पटेल ने रवाना किया। इस अवसर पर पुनीत पटेल ने अपने संबोधन में उपस्थित युवाओ से अपील करी की वह सब नशे से दूर रहे साथ साथ आस पास के लोगों को भी नशे से होने वाले नुकसानो के प्रति जागरूक करें। जन मानस का भी यह कर्तव्य बनता है कि वह नशीले पदार्थों के खिलाफ मुहिम चलाये और नशा मुक्त भारत बनाने में अपना योगदान दे रैली जिलाधिकारी कार्यालय से होती हुई किशन कुँज, जवाहर पार्क, रमेश पार्क, अंसार नगर, यमुना खादर होती हुई लक्ष्मी नगर थाने पर समाप्त हुई जहाँ थानाध्यक्ष रमेश कुमार अतिरिक्त थानाध्यक्ष प्रकाश रॉय ने रैली में उपस्थित सभी बच्चों और युवाओं का स्वागत किया। रमेश कुमार ने युवाओं का आव्हान किया कि आप को कहीं भी नशे का गैरकानूनी कार्य होता दिखे या कोई भी व्यक्ति आप को नशे के लिए प्रेरित करे तो तुरंत आप मुझे आकर बताएं हम आप की पहचान को गुप्त रखकर तुरंत कार्यवाही करेगे। संस्था अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा पूर्वी दिल्ली में कोई भी बच्चा यदि नशे का शिकार होता है तो वह या उसका परिवार संस्था में संपर्क कर सकता है हम मुफ्त में बच्चे को मनोवैज्ञानिको की देख रेख में उसे नशे से दूर करने का प्रयास करेंगे उन्होंने यह भी बताया कि रैली के साथ साथ चित्रकला, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न माध्यमों से भी संस्था नशे के खिलाफ जनसमुदाय में जागरूकता ला रही है। कार्यक्रम में कुमार गजेंद्र, आशीष जैन, इन्द्रराज, शालिनी, लीना, इस्लामुद्दीन, अलोकिता, मीनाक्षी आदि लोगों ने भी शिरकत की।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्याः NER-BSB0SnT-OT-05-2022
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली-ई" निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रमांकः 1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नामः NER-BSB0SnT-OT-05-2022, कार्य का नामः वाराणसी मंडल के विभिन्न ब्लॉक अनुभागों में समपार फाटकों पर वॉयस लॉगिंग सुविधा के साथ मास्टर, स्लेव गेट टेलीफोन का प्रावधान। विवरणः अनुमानित लागतः ₹1,02,38,755.61 बयाना राशिः ₹2,01,200.00 निविदा प्रपत्र की कीमतः ₹00.00/- कार्य पूर्ण करने की अवधिः 09 माह। निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 19.07.2022 को 15.00 बजे।
1. ई-निविदा दिनांक 19.07.2022 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा किया जा सकेगा।
2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-20 वाराणसी
यात्री सुविधा संबंधित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार 27 जून, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### छह वकीलों को चैम्बर आवंटित

नई दिल्ली। द्वारका अदालत परिसर में छह वकीलों को चैम्बर का आवंटन किया गया है। वरिष्ठता श्रेणी के हिसाब से वकीलों को चैम्बर का आवंटन हुआ है। प्रशासनिक सिविल जज परिधि शर्मा ने उन वकीलों की सूची जारी की है जिनको चैम्बर का आवंटन किया गया है। साथ ही चैम्बर नम्बर का उल्लेख भी सूची में किया गया है। दरअसल वकीलों के चैम्बर आवंटन को लेकर बीती 25 मई को चैम्बर आवंटन समिति की बैठक हुई थी जिसके बाद वरिष्ठता क्रम के हिसाब से चैम्बर का आवंटन किया गया है। इनमें से दो चैम्बर आरक्षण श्रेणी के हैं।

### चोरी के जेवरात गिरवी रखने वाले को जमानत

नई दिल्ली। चोरी के जेवरात को मुथूट फाइनेंस पर गिरवी रखने के आरोपी को अदालत ने सशर्त जमानत दी है। द्वारका स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप जिंदल की अदालत ने आरोपी को कहा कि वह गवाहों और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ का प्रयास ना करे। साथ ही इस मामले की जांच के दौरान पुलिस का सहयोग करे। जांच अधिकारी के बुलाए जाने पर पेश हो। इस मामले में आरोपी नमन पर इल्जाम है कि उसने अपने साथी द्वारा चुराए गए सोने के जेवरों को मुथूट फाइनेंस पर गिरवी रखकर रकम ली थी।

### एसिड फेंकने वाले को कोर्ट से राहत नहीं

नई दिल्ली। होली के मौके पर पड़ोसी की ओर से गुब्बारे फेंके जान से गुस्साए आरोपी ने कथिततौर पर शिकायतकर्ता पर एसिड से भरी बोतल उड़ेल दी थी। इस मामले में अदालत ने आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। द्वारका स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गगनदीप जिंदल की अदालत ने जमानत याचिका को नामंजूर करते हुए कहा कि पीड़ित बुरी तरह से एसिड से झुलस गया है। हालांकि आरोपी की तरफ से उसके वकील ने उसकी मानसिक स्थिति ठीक ना होने की बात कही है लेकिन इसके कोई दस्तावेज पेश नहीं किए। लिहाजा तथ्यों को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका को खारिज किया जा रहा है।

### इस सप्ताह खुल जाएंगी सभी जिला अदालतें

नई दिल्ली । आगामी एक जुलाई से दिल्ली की सभी जिला अदालतें खुल जाएंगी। बीते 10 जून से सभी जिला अदालतें ग्रीष्मावकाश के कारण बंद थीं। हालांकि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालतों में 23 जून से काम शुरू हो गया था। अब एक जुलाई से सत्र अदालतों में भी नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। बहरहाल जमानत याचिकाओं, रिमांड और न्यायिक हिरासत बढ़ाने के लिए अवकाशकालीन अदालतें ही काम कर रही हैं।

### रोडरेज के बहाने युवक से मोबाइल उड़ाया

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी में शनिवार को बदमाश रोडरेज के बहाने स्कूटी सवार युवक से मोबाइल फोन उड़ा ले गया। थोड़ी देर बाद पीड़ित को इसका पता चला। उसने आसपास इलाके में बदमाश की तलाश की, मगर वह नहीं मिला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित 25 वर्षीय आशीष शर्मा परिवार के साथ खजूरी खास इलाके में रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में काम करते हैं। शनिवार को वह अपनी बड़ी बहन को मौजपुर स्थित स्कूल में छोड़ने आए थे। लौटते वक्त जब वह गोकुलपुरी फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर पहुंचे। तभी एक बाइक सवार ने उनकी स्कूटी में हल्की टक्कर मार दी। इसके बाद उनके बीच कहासुनी होने लगी। बाइक सवार नीचे उतरा और उनकी जेब से मोबाइल निकाल लिया। उन्होंने विरोध किया तो वापस उनकी जेब में रख दिया।

### युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

नई दिल्ली। गीता कॉलोनी में शनिवार रात एक युवक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अमरजीत के पास से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। मृतक अमरजीत परिवार के साथ गीता कॉलोनी इलाके में रहता है। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। शनिवार रात उसने परिवार के साथ खाना खाया और चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या की वजह का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# कोरोना से पहले और बाद की स्थितियों ने छात्रों और शिक्षकों में किया बदलाव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



कोरोना के बाद वैश्विक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव हुआ। इससे छात्र और शिक्षक दोनों प्रभावित हुए हैं और स्कूलों के समक्ष भी चुनौतियां बढ़ी हैं। इंडिया हैबिटेट सेंटर में शनिवार को चेष्ठा केयर फाउंडेशन द्वारा विश्व में कोरोना के बाद शिक्षा पर कई विद्वानों ने विचार व्यक्त किये। यहां आयोजित संगोष्ठी में एनसीईआरटी में डिपार्टमेंट ऑफ एलिमेंट्री एजुकेशन की प्रो.उषा शर्मा ने कहा कि कोविड के बाद जबसे स्कूल खुले हैं तो बच्चों को स्पेस मिला है। पहले घर मे यह स्पेस बच्चों को नहीं मिल पाता था। अब बच्चे खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शिक्षकों को भी अच्छा महसूस हो रहा है। शिक्षक और छात्र एक दूसरे के बीच स्पंदन महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि छात्रों व शिक्षकों के स्कूल आने से अब मिली जुली प्रतिक्रिया है। कई बच्चे आलसी भी हो गए हैं। शिक्षक भी ऑनलाइन कक्षा से थक गए थे। तकनीकी कभी शिक्षक का विकल्प नहीं बन सकती। कोविड के समय समझ में आया कि असल शिक्षा क्या है। अभिभावक भी समझ गए हैं कि बच्चे रोबोट नहीं हैं। यूएसएआईडी की एजुकेशन एक्सपर्ट शिखा जैन ने कहा कि पिछले कुछ सालों में बच्चों व अभिभावकों का विस्थापन हुआ है। जो बच्चे पहले शहर के सरकारी स्कूल में पढ़ रहे थे वह अब गांव के स्कूल में पढ़ रहे हैं। अगर अभिभावकों की आर्थिक स्थिति खराब है तो उसका सीधा प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। कई निजी स्कूल बंद भी हुए हैं। अभिभावकों की क्षमता फीस देने की नहीं थी इसलिए वह बंद हुए हैं। सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ी है लेकिन शिक्षकों की संख्या घटी है। कोरोना के मामले जिस तरह से बढ़ रहे हैं उससे स्कूलों में अभी भ्रम की स्थिति है। अब बच्चों को शिक्षकों के सामने बात करते हुए, हाथों से काम करते हुए दिक्कत हो रहा है। शिक्षकों के सामने भी यही दिक्कतें आ रहा हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे कोविड के दौरान एक मानसिक परेशानी से गुजरे हैं। कई बच्चों ने बताया कि वह अपने स्कूल शिक्षक को याद करते हैं लेकिन अब बच्चे और शिक्षक दोनों जान सकते हैं कि अब पढ़ने व सीखने की जगह केवल स्कूल नहीं है। उन्होंने समाधान के रूप में बताया कि अब प्रशासन को शिक्षक और छात्रों से पूछने की जरूरत है कि वह क्या चाहते हैं। सोशल हेल्थ और मेंटल हेल्थ को ठीक करने की जरूरत है। उनके अंदर क्षमताओं का विकास करना आवश्यक है। भारती फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ममता सैकिया ने कहा कि कोरोना के समय शिक्षकों के साहस ने हमें काफी प्रभावित किया है। गांवों में शिक्षक अपने बच्चों के लिए घरों से निकले हैं और इस चुनौती को स्वीकार किया। अभिभावकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसके साथ तकनीकी ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोग तकनीकी के साथ सहज हुए। यह लोगों का साहस था कि वह इस दौरान भी सकारात्मकता अपनाने में सहज हुए। इसके आगे बढ़ाने की जरूरत है। कोविड के दौरान स्कूलों में बच्चों ने कहा मॉस्क के कारण शिक्षक व बच्चे अभिव्यक्ति का वह जुड़ाव महसूस नहीं कर पा रहे हैं। अब भी बच्चों में स्कूल आने की उपस्थिति भी घटी है। 45 मिनट की कक्षाएं अब उनको बड़ी लगती हैं। चेष्ठा केयर फाउंडेशन की निदेशिका डा.जयश्री सेठी ने कहा कि कोविड के बाद स्कूल खुलने से बच्चे बहुत खुश हैं। मुझे भी बच्चों से कहानी सुनाने के लिए कहा गया लेकिन शुरू में जूम के सामने कहानी सुनाना हमें अजीब लगता था। कोविड के दौरान छोटे और बड़े बच्चों के समक्ष अपनी अपनी चुनौतियां थी। कोविड के बाद बच्चों के स्वास्थ्य व आदतों पर भी असर पड़ा है।

## आपातकाल में जेल गये लोगों को किया सम्मानित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला द्वारा कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में आपातकाल लगाए जाने के विरोध में काला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला द्वारा आपातकाल के समय जेल गए हुए वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने आपातकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से त्याग करने से ही हम जीवन में कुछ पा सकते है और इन्हीं आपातकाल बंदियों के त्याग के कारण ही आज भारतीय जनता पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है। शाहदरा जिला अध्यक्ष राम किशोर शर्मा ने आपातकाल बंदियों को नमन करते हुए कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को इन सभी आपातकाल बंदियों से प्रेरणा लेते हुए निःस्वार्थ भाव से पार्टी और संगठन को मजबूत करते रहना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डिप्टी मेयर संजय गोयल ने की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री दीपक गाबा, महामंत्री यशपाल कैंतुरा, कुसुम बंसल, जिला उपाध्यक्ष दीपक पांडेय, सनरिका झा, भरत गौतम एवम जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष उपस्तिथ रहे।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर एम्स में निकाली गई साइकिल रैली



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। नशीली वस्तुओं और पदार्थों के निवारण के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सात दिसंबर 1987 को यह प्रस्ताव पारित किया था। तभी से हर साल लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इसे मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर दिल्ली के एम्स में लोगों को और युवाओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। जिसको दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना और एम्स के डायरेक्टर डॉ. ने साइक्लोथॉन रैली का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर अस्थाना ने कहा है कि आज नशा एक ऐसी बीमारी है, जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन करके युवा वर्ग नशे का शिकार हो रहा है। फुटपाथ और रेलवे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं।

एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि लोग सोचते हैं कि वो बच्चे कैसे नशा कर सकते हैं। जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता है, लेकिन नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरूरत नहीं होती है बल्कि व्हाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और बाम का सेवन करना भी नशे जैसा ही है जो बेहद खतरनाक है।

एम्स के डायरेक्टर ने यह भी कहा कि जो भी नशा छोड़ना चाहते हैं। एम्स में आकर सलाह ले सकते हैं। उनका इलाज भी किया जाएगा और एम्स की तरफ से उनकी हर संभव मदद की भी जाएगी। क्योंकि आज के समय में युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रही है, हमें उन्हें रोकना है।

# दिल्ली पुलिस ने झपटमार और गहनों की चोरी करने वालों को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो घरों में रेकी कर सोने के गहनों को अपना निशाना बनाता था। पुलिस ने एक जोहरी को भी गिरफ्तार किया है जो पकड़े जाने के डर से सोने को पिघला दिया करता था। ये बड़ी सफलता दिल्ली के रोहिणी जिले के विजय विहार थाना पुलिस के हाथ लगी हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 59 ग्राम पिघला हुआ सोना और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी जब्त की हैं। आरोपियों की पहचान राजेश उर्फ रिंकू उर्फ कंसतर और चंद्रशेखर के रूप में हुई हैं। दरअसल, रोहिणी जिले के डीसीपी प्रणव तायल ने जानकर देते हुए बताया कि बीते दस जून को विजय विहार इलाके में एक घर से लाखों के गहने चोरी हुए थे। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने वारदात के आस पास पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की। टेक्निकल सर्विलांस का सहारा लेते हुए अपने लोकल इनपुट को भी खंगाला, कई संदिगधों से पूछताछ भी की गई। इसके अलावा तिहाड़ जेल से बाहर आए बदमाशों की लिस्ट बनाकर उनकी फोन लोकेशन के बारे में जानने की कोशिश की। पुलिस टीम की कड़ी मशक्कत के बाद लगातार छापेमारी कर राजेश उर्फ रिंकू को मंगोलपुरी इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर खुलासा हुआ कि उसने चोरी के गहने मेरठ यूपी में रहने वाले चंद्रशेखर को बेच दिये थे। आरोपी की निशानदेही पर मेरठ शताब्दी नगर में घेराबंदी कर उसे भी गिरफ्तार किया। चंद्रशेखर की निशानदेही पर पुलिस ने 59ग्राम पिघला हुआ सोना भी जब्त किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि राजेश अपने साथी भोमाराम के साथ मिलकर इलाको में रेकी कर जानने की कोशिश करते थे, कि किस घर के लोग साप्ताहिक व दो से तीन दिनों तक बाहर गए हैं। जानकारी पुख्ता होने के बाद दोनों उसी घर के ताले तोडकर घर में रखे सोने के गहने चोरी कर लिया करते थे। बाद में गहनों को चंद्रशेखर को मेरठ जाकर बेच दिया करते थे, जिससे वह पकड़े ना जाए। चंद्रशेखर भी पकड़े जाने के डर से तुरंत गहनों को पिघला दिया करता था। पुलिस के मुताबिक राजेश राजपार्क पुलिस का घोषित बदमाश हैं। वह 95 वारदातों में शामिल रहा हैं। जबकि चंद्रशेखर चार वारदातों में शामिल रहा हैं।

## रोडरेज के बहाने बदमाश ने युवक के मोबाइल पर किया हाथ साफ

नई दिल्ली। रोडरेज के बहाने बदमाश ने स्कूटी सवार युवक के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। मामला गोकुलपुरी इलाके का है जहां पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आशीष शर्मा परिवार के साथ खजूरी खास इलाके में रहता है और एक निजी कंपनी में काम करता है। शनिवार को वह अपनी बड़ी बहन को मौजपुर स्थित एक स्कूल में छोडे आया था। वापस आते समय गोकुलपुरी फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर पहुंचा। तभी एक बाइक सवार ने उनकी स्कूटी में हल्की टक्कर मार दी। इसके बाद उनके बीच कहासुनी होने लगी। बाइक सवार नीचे उतरा और जबरन उनकी जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया। उन्होंने विरोध किया तो वापस उनकी जेब में रख दिया। इसके बाद वहां से चला गया। आशीष भी घर की तरफ जाने लगा। इस दौरान उन्हें शक हुआ तो जेब में मोबाइल नहीं था। सिर्फ मोबाइल का कवर था, मोबाइल गायब था। वह तुरंत घटना स्थल पर आया और आसपास बदमाश की तलाश की, मगर वह नहीं मिला। इसके बाद गोकुलपुरी थाने में शिकायत दी।

# आईआईटी-दिल्ली से 11वीं की छात्राओं ने हासिल की विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित, इंजीनियरिंग में मेंटरशिप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कक्षा 11वीं की छात्राओं के पहले बैच ने आईआईटी दिल्ली के (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित, इंजीनियरिंग) एसटीईएम मेंटरशिप प्रोग्राम पूरा किया है। एसटीईएम मेंटरशिप प्रोग्राम के दौरान छात्रों को आईआईटी में फैकल्टी और पीएचडी छात्रों के साथ उपयोगी चर्चा की। यहां उन विषयों पर चर्चा की गई जो स्कूली पाठ्यक्रम में नहीं पढ़ाए जाते हैं। युवा स्कूली छात्राओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए एसटीईएम मेंटरशिप प्रोग्राम दिसंबर 2021 में शुरू किया गया था। चयनित छात्रों को आईआईटी दिल्ली के संकाय सदस्यों द्वारा सात महीने की अवधि में कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण, नैनो तकनीक से पानी का पुन उपयोग का मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान, जलवायु परिवर्तन, मस्तिष्क मानचित्रण और तंत्रिका विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों पर सलाह और मार्गदर्शन दिया गया। एसटीईएम मेंटरशिप प्रोग्राम के बारे में बोलते हुए, प्रोफेसर पृथ्वी चंद्र, एसोसिएट डीन, आईआईटी दिल्ली




ने कहा, एक संस्थान के रूप में, हम ईमानदारी से मानते हैं कि हर बच्चे को सभी विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार है छात्राओं के लिए एसटीईएम कार्यक्रम शुरू करने के लिए हमारी प्राथमिक प्रेरणा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित करियर में पाए जाने वाले लिंग असंतुलन को कम करने में मदद करना था। कार्यक्रम की सफलता ने हमें अपने मिशन के साथ आगे बढ़ने और अधिक तक पहुंचने का विश्वास दिलाया है। इस कार्यक्रम को स्कूलों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पहले बैच में, दिल्ली के 10 सरकारी स्कूल के छात्रों का चयन किया गया और उनमें से प्रत्येक को एक संकाय संरक्षक नियुक्त किया गया। अपने अनुभव का वर्णन करते हुए, कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं में से एक, संमिता पॉल ने कहा, मुझे एसटीईएम मेंटरशिप प्रोग्राम के दौरान आईआईटी दिल्ली में फैकल्टी और पीएचडी छात्रों के साथ बातचीत करना बहुत अच्छा लगा। मुझे नई चीजें सीखने को मिलीं, जिसने मेरी शोध रुचियों को विकसित किया। विशेष रूप से, ऑनलाइन व्याख्यान श्रृंखला उन अवधारणाओं के बारे में जानने के लिए बहुत उपयोगी थी, जिन्हें स्कूली पाठ्यक्रम में नहीं पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम ने मुझे उस विषय को तय करने में मदद की है जिसमें मैं अपनी उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाना चाहता हूं। आईआईटी दिल्ली के सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में एक संकाय सदस्य और एसटीईएम मेंटरशिप प्रोग्राम के समन्वयक प्रो दिव्या नायर ने कहा, छात्रों के पहले बैच की सफलता के साथ, हमारा लक्ष्य देश के अन्य क्षेत्रों में कार्यक्रम का विस्तार करना है। भविष्य में इस कार्यक्रम में छात्रों की संख्या बढ़ाना और हमारे शोध विद्वानों और यूजी छात्रों को सक्रिय रूप से शामिल करना है।

## नाबालिग लड़की के साथ अभद्रता करने वाले शख्स का वीडियो वायरल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

● उक्त शख्स एक विशेष समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कर रहा था और लड़की के साथ अभद्रता से पेश आ रहा था

सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स को एक नाबालिग लड़की को गालियां देते हुए और एक समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है। इस मामले पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस नौ सेकंड की वीडियो क्लिप में, उक्त शख्स एक विशेष समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कर रहा था और लड़की के साथ अभद्रता से पेश आ रहा था।

इस वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने रविवार को दिल्ली पुलिस को एक नोटिस जारी कर मामले में दर्ज एफआईआर का विवरण मांगा। मालीवाल ने कहा, वह आदमी साफतौर से छोटी लड़की को डरा रहा है, जिसे वीडियो में देखा जा सकता है।

लड़की डरी हुई है और कांप रही है। यह बहुत ही गंभीर मामला है। डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने तीन दिनों के भीतर दिल्ली पुलिस से कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हालांकि, दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

# सरकारी जमीन का घोटाला करना होगा मुश्किल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सरकारी जमीन को निजी लोगों के नाम कर देने के मामले सामने आने के बाद दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने सभी भूमि अभिलेखों को एक केंद्रीय सर्वर पर लाने और उन्हें आसानी से सुलभ बनाने का निर्णय लिया है। हालांकि भूमि रिकार्ड डिजिटल है, लेकिन कोई ऐसा पोर्टल या साइट नहीं है, जहां इस रिकार्ड की पहुंच आसानी से अधिकारियों तक हो। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने अब सभी सरकारी भूमि पंचायत, ग्राम सभा, खाली या कब्जा में ली गई भूमि का विवरण एक केंद्रीय सर्वर पर लाने का फैसला लिया है और इसे वेबसाइट पर अपलोड भी किया है। यह सब-रजिस्ट्रारों को यह निर्धारित




करने में मदद करेगा कि रजिस्ट्री के लिए उनके पास जो भूमि आई है, उसकी बिक्री विलेख साफ है और स्वामित्व की एक उचित श्रृंखला है। कहीं यह जमीन सरकारी एजेंसी द्वारा अधिग्रहित तो नहीं की गई है। हाल ही में सामने आए झंगोला गांव के भूमि घोटाले में सरकारी अधिकारियों ने कथित तौर पर पिछले सात वर्षों में निजी संस्थाओं के नाम 500 करोड़ रुपये से अधिक की खाली भूमि को स्थानांतरित करने की अनुमति दी थी। राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि घोटाला संभव नहीं होता अगर जमीन के रिकार्ड आनलाइन उपलब्ध होते।भूमि की रजिस्ट्री से पहले सब-रजिस्ट्रारों को भूमि की स्थिति पर विभिन्न कार्यालयों से कुछ एनओसी की आवश्यकता होती है, जिसमें समय लगता है और भ्रष्टाचार की गुंजाइश बढ़ जाती है। यदि जानकारी आनलाइन उपलब्ध है, अब सब-रजिस्ट्रारों को एनओसी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वे अपने कंप्यूटर पर जमीन की स्थिति की जांच कर सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार 1921 में दिल्ली में 314 गांव थे, प्रत्येक जनगणना के साथ संख्या गिरती रही। 2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में गांवों की संख्या 118 के करीब है। इन गांवों में पंचायत या ग्राम सभा और सरकार के स्वामित्व वाले कई भूखंड हैं। अधिकारियों ने कहा कि शहर भर में फैली हुई संपत्तियों की संख्या भी 700 के करीब है। ये संपत्तियां सीधे भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं।

## दिल्ली पुलिस ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के सीमापुरी थाना पुलिस ने 46 किलो गांजे के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। दोनों तस्कर बाहर के राज्यों से पैकिंग बॉक्स में दिल्ली में अलग-अलग ठिकानों पर सप्लाई करते थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद दोनों को दबोच लिया। दिल्ली में नशीले पदार्थ की बढ़ती तस्करी को देखते पुलिस सक्रिय है और लगातार धरपकड़ जारी हैं। शाहदरा जिले के सीमापुरी इलाके में पुलिस को गांजा सप्लाई करने वाले दो युवक के बारे में गुप्त सूचना मिली, जिसके लिए पुलिस इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान सीमापुरी गोल चक्कर के पास दो युवक तीन बैग लिए खड़े दिखे। पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों युवक घबरा गए, जब पुलिस ने इनकी तलाशी ली तो बैग से तकरीबन 45 किलोग्राम गांजा मिला।

सूचना **मन की बात कार्यक्रम से देश-विदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत की जनाकरी मिलती है : आदेश गुप्ता**

# आदेश गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया मन की बात कार्यक्रम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और विजिनरी सोच की वजह से देश में यूनिकॉर्न की संख्या सौ के पार पहुंच गई है जो हमारे लिए गर्व की बात है। इन यूनिकॉर्न का कुल वैल्यूएशन 330 अरब डॉलर से ज्यादा है, यानी 25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा। एक यूनिकॉर्न कम से कम 7.5 हजार करोड़ रुपये का स्टार्ट-अप है।

आज दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनडीएमसी फ्लैट में आयोजित मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद श्री आदेश गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज कोरोना वैक्सीन की संख्या पूरे विश्व में सबसे अधिक है और हमारा देश 200 करोड़ वैक्सीन डोज के पार हो चुका हैं। उन्होंने कहा कि आज मन की बात के 90वें संस्करण में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों में चल रहे खेल आयोजनों का जिक्र किया और साथ ही देश को एक बार फिर से गौरवांवित करने वाले नीरज चोपड़ा की चर्चा की जिन्होंने देश को एक और गोल्ड देने का अवसर प्रदान किया है।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि एक राजनीति पार्टी के सबसे प्रमुख चेहरा होने के बावजूद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम का प्रयोग कभी भी राजनीतिक फायदें के लिए नहीं किया, जो उनके व्यक्तित्व और देश के प्रति समर्पण को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 1975 के इमरजेंसी को याद किया जिसमें लोगों को उनके मौलिक अधिकार को छीनने और लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया। आज भी आपातकाल देश के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज है।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के मंच का प्रयोग करते हुए देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों में घटने वाली समाजिक घटनाओं, विभिन्न परम्पराओं और प्रेरणा देती लोगों की कहानियों को रखा जो इस कार्यक्रम की विशेषता है। आज हम एक नए बदलाव की ओर निरंतर बढ़ रहे हैं जिसके पीछे हमारी सांस्कृतिक गतिशीलता और यात्राओं का बहुत बड़ा योगदान है। आज इस मौके पर प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष श्री विष्णु मित्तल, जिला अध्यक्ष श्री प्रशांत शर्मा सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

क्लासिफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क क
फोन न. 011- 4909 46
813069121

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता की सूचना के लिए है कि एक राजनीतिक दल 'भारतीय प्रवासी जनता पार्टी' के नाम से पंजीकृत होने का प्रस्ताव है, पार्टी का कार्यालय 407, डीएलएफ सेंटर प्वाइंट, मेन मथुरा रोड, मेट्रो पिलर नंबर 845, सेक्टर–11, फरीदाबाद (दिल्ली एनसीआर)–121006 पर स्थित है। इस पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को आवेदन प्रस्तुत किया है। नई दिल्ली लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पार्टी के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं:
1. राष्ट्रीय अध्यक्ष: डा0 अजय तिवारी
2. महासचिव: सपना तिवारी
3. कोषाध्यक्ष: संतोष तिवारी
पता.– जे–86, डीएलएफ, सेक्टर–10, फरीदाबाद–121006
यदि किसी को 'भारतीय प्रवासी जनता पार्टी' के पंजीकरण में कोई आपत्ति है तो वे इसके कारण पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं, सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किल श्री अशोक कुमार पुत्र श्री मंगलू पता मकान नं० ई-23, पॉकेट-3, सेक्टर -16ए, द्वारका साउथ वेस्ट दिल्ली -110078 ने अपने पुत्र आकाश कुमार को उनके नियन्त्रण में न होने और प्रतिदिन मेरे मुवक्किल से लडाई झगडा करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उरारो अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिये है। अब मेरे मुवक्किल से उपरोक्त पुत्र का कोई सन्बन्ध नहीं रहा है, यदि भविष्य में उक्त पुत्र के साथ कोई व्यक्ति लेन देन करता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, इसमें मेरे मुवक्किल की कोई जिममेदारी नही होगी ।
एस. के. तिवारी अधिवक्ता
चैम्बर नं० 832,
जिला न्यायालय द्वारका कोर्ट, द्वारका, नई दिल्ली
110075 मो० नं० 9811947649

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### नर सेवा नारायण सेवा के सद्धांत पर कार्य कर रही है संस्था : चंद्रप्रकाश



गुरुग्राम। जैकबपुरा स्थित आर्य समाज परिसर में संस्था द्वारा जरुरतमंद लोगों के लिए दयानंद धर्मार्थ दंत चिकित्सालय शुरू किया गया है, जिसका शुभारंभ डा. परमेश्वर अरोड़ा, डा. हर्मेश अग्रवाल, डा. इंदू अग्रवाल आदि ने संयुक्त रुप से किया। आर्य समाज के प्रधान चंद्रप्रकाश ने बताया कि संस्था नर सेवा नारायण सेवा के मूल सिद्धांत पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शरीर में सभी अंग जरुरी है। मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए समय-समय पर चिकित्सकों की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दांतों का जीवन में बहुत महत्व है। दांतों से चबाया हुआ खाद्य पदार्थ आसानी से पाचन क्रिया करता है तथा मनुष्य को स्वस्थ रखता है। इस अवसर पर आर्य समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ड्राइंगरूम में बैठकर नहीं, बूथ पर सामूहिक रूप से सुने मोदी जी के मन की बात: नड्डा

गुरग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



**मन की बात**

- नड्डा ने औमप्रकाश धनखड़, राव इंद्रजीत के साथ बादशाहपुर विस के बूथ पर सुना मन की बात कार्यक्रम

गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा है कि सभी को मन की बात कार्यक्रम बूथ पर सामुहिक रूप से सुनना चाहिए, इससे बूथ का सुदृढ़ीकरण होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ड्राइंगरूम में अकेले बैठकर सुनने का नहीं है, बल्कि सामुहिक रूप से बूथ पर बैठकर सुनने का है।

नड्डा ने कहा कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम कार्य को एक्टिविटी में बदलने की प्रेरणा देता है, इसलिए हम सभी को सामुहिक रूप से इस कार्यक्रम में उठाए गए सामाजिक विषयों पर चर्चा करने के साथ-साथ इन्हें अपने जीवन में भी उतारना चाहिए। गुरुग्राम की बादशाहपुर विधानसभा के बूथ नंबर 338 पर मोदी के मन की बात सुनने के लिए पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के साथ प्रदेश अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश के मंत्री बनवारी लाल, सांसद सुनिता दुग्गल सहित अनेक नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद अपने संबोधन में भाजपा के न राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को देश के लौकतांत्रिक इतिहास में एक काला अध्याय बताया। नड्डा ने कहा कि भारत के जन-जन की मूल विचारधारा लोकतंत्र ही रही है, जिसने आखिरकार आपातकाल की तानाशाही को उखाड़ फेंका। उन्होंने आपातकाल की घटना को साझा करते हुए कहा कि उन्हें कालेज की क्लास से अरेस्ट किया गया था। आपातकाल का विरोध करने वाले हजारों लोगों को जेल में लंबे समय तक बंदी बनाकर रखा गया था। नड्डा ने कहा कि अगर हम उजाला चाहते हैं, तो हमें अंधेरों को भी याद रखना होगा। इसलिए हमें आपातकाल को याद रखकर लोकतंत्र को लगातार मजबूत करने के लिए काम करना होगा। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ ने एक महीने में दूसरी बार गुरुग्राम में मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। धनखड़ ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को उनके अब तक के अमृत पथ की एक यात्रा बताया। धनखड़ ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम नवनीत की तरह है, जो हर दिन हम सब देशवासियों की ताजगी का एहसास देती है ।प्रसारित कार्यक्रम मन की बात का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज के कार्यक्रम में चरैवेति-चरैवेति कहावत की सटीक व्यख्या की है। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ व केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत का कार्यक्रम के संयोजक पार्षद कुलदीप यादव, राजेंद्र यादव और जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला, जिला महामंत्री मनीष गाडोली व महेश यादव ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश के मंत्री बनवारी लाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता केके शर्मा, शहजाद पूनेवाला, राजीव जेटली, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, विधायक सत्यप्रकाश जरावता, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू, आईटी हैड अरूण यादव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक सुनिल राव, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

**एससी मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर में भी पहुंचे नड्डा और धनखड़**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मन की बात कार्यक्रम के बाद रविवार को यहां गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में चल रहे एससी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर भी पहुंचे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ ने भी इस कार्यशाला में सिरकत की। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर नड्डा ने पार्टी कार्यकताओं को पार्टी की रीढ़ बताया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रशिक्षण शिविर के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार फुलवारिया, राष्ट्रीय महामंत्री संजय निर्मल, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने तबला वादन पर शास्त्रीय संगीत की रंगारंग प्रस्तुति दी




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सेक्टर 44 अपैरल हाउस में ब्रह्म नाद कल्चर सेंटर द्वारा एक तबले पर आधारित शास्त्रीय संगीत के रंगा रंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के विशेष गणमान्य अतिथि पंडित सुधांशु बहुगुणा जोकि सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के गुरु भी है ।

एम रिटायर्ड मेजर बीएस गिल मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर गुरु सार्थक कुमार के लगभग 5 दर्जन शिष्यों ने तबले पर अपनी प्रस्तुति दी। तबले पर प्रस्तुति देने वाले 4 वर्ष की उम्र से लेकर 17 वर्ष की उम्र तक के प्रतिभागी थे ।लगभग 3 घंटे तक चले इस कार्यक्रम की सभी प्रस्तुतियों का उपस्थित लगभग 300 दर्शकों के साथ साथ विशिष्ट अतिथि में भरपूर लुफ्त उठाया ।इस अवसर पर विशेष गणमान्य अतिथि पंडित सुधांशु बहुगुणा ने कहा कि तबले में गुरु सार्थक कुमार का प्रयास और उनके शिक्षा ने केवल गुरुग्राम बल्कि पूरे हरियाणा में एक उच्च स्तर का मुकाम रखिए ऐसे गुरु और शिष्य मिलकर ही हमारी संस्कृति धरोहर को आगे ले जा सकते हैं और पूरे विश्व में इसका प्रचार प्रसार कर सकते हैं कार्यक्रम के अंत में ब्रह्म नाद संस्था की ओर से पंडित सुधांशु बहुगुणा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा फरदीन हुसैन व आयुष सावेदकर को उभरता सितारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

# दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से होगा मामलों का निपटारा : ललिता

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

- 13 अगस्त को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है।

इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 अगस्त को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

# सत्ता जाने के डर से कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर की थी लोकतंत्र की हत्या: सूर्या

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नाटक से लोकसभा सांसद श्री तेजस्वी सूर्या ने गुरुग्राम की SGT यूनिवर्सिटी में हरियाणा प्रदेश भाजयुमो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि 25 जून का दिन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विरुद्ध फैसला सुनाते हुए कहा कि उन्होंने अपना लोकसभा चुनाव गलत तरीके से जीता है और उनका यह चुनाव रद्द किया जाता है प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता जाने के डर से पूरे देश में इमरजेंसी लगाकर देश में लोकतंत्र का गला घोट दिया वही कांग्रेस सरकार ने देश की सारी प्रशासनिक शक्तियांओ को अपने पास केंद्रित कर लिया विपक्ष के सभी बड़े बड़े नेताओं को बंदी बनाकर कारागार में डाल दिया था और उनको तरह-तरह की यातना दी गई थी ताकि उनके खिलाफ कोई भी आवाज ना उठा सका इसके लिए प्रेस पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई थी 21 महीने तक देश में लोकतंत्र को समाप्त करके हिटलर जैसा शासन स्थापित कर दिया गया था देश के बड़े-बड़े व्यापारियों को विपक्ष के नेताओं को और आम जनमानस को जेल में बंद करके तरह-तरह की यातनाएं दी जाती थी ताकि यह लोग कांग्रेस के खिलाफ अपनी आवाज ना उठा पाए लेकिन 21 महीने बाद दिन देश का सारा विपक्ष एक हुआ और उन्होंने देश के प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर इतना दबाव बनाया कि 1977 में इमरजेंसी को खत्म कर के दोबारा से चुनाव कराना पड़ा चुनाव में कांग्रेस ने 21 महीने तक जो कृत्य किए थे उसके परिणाम स्वरूप कांग्रेस को बुरी तरह हार का मुंह देखना पड़ा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्य जी,वक्ता के रूप में ललित बत्रा जी, भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश जी राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम जी राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी विनीत त्यागी जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एडान भाटी जी, विशु बसौया जी, राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रमुख कपिल परमार जी अक्षय बंसल जी भाजयुमो हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष श्री राहुल राणा जी प्रभारी श्री वरुण श्योराण जी प्रदेश महामंत्री सुमित हुड्डा योगेश वर्मा सोशल मीडिया के प्रमुख नारायण भडाना ,प्रदेश सचिव पर्व शर्मा कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद यादव ,मयंक निर्मल ,भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी फरीदाबाद भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला पलवल भाजयुमो जिलाध्यक्ष दिवांशु गौड़ भाजयुमो जिलाध्यक्ष केशव पंडित सोनीपत जिला अध्यक्ष योगेश झटेड़ी उपस्थित रहे।

# हास्य कवि सुंदर कटारिया ने सोनी टीवी पर दी दमदार प्रस्तुति




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

- कविताएं सुनकर सभी हो गए लोटपोट

गुरुग्राम के प्रसिद्ध युवा हास्य कवि सुंदर कटारिया ने सोनी टीवी के इंडियाज लाफ्टर चैंपियनशिप में अद्भुत प्रस्तुति देकर सभी को अपनी कविताओं से लोटपोट कर दिया। उनकी इस प्रस्तुति की गुरुग्रामवासी सराहना कर रहे हैं। बतादें कि सुंदर कटारिया गुरुग्राम के युवा हास्य कवि हैं। उनकी लाजबाव हाजिर जबावी के लिए उन्हें जाना जाता है और अपनी हास्य कविताओं से वे सभी को गुदगुदाते आए हैं। इंडियाज लाफ्टर चैंपियनशिप में दी गई प्रस्तुति से उन्होंने निर्णायक मंडल में शामिल अभिनेत्री अर्चना पूरण सिंह, अभिनेता शेखर सुमन का दिल जीत लिया और क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। इस शो में देश के प्रसिद्ध कवि सुरेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए और सुंदर कटारिया की रचनाओं की सराहना की। अब सुंदर कटारिया आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाले सेमी फाइनल के लिए आगे बढ़ते दिखाई देंगे। सुन्दर कटारिया ने अपने चुटीले अन्दाज और प्रसिद्ध रचना दादा की धोती से सभी को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।

### किसान अपनी खरीफ फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर कराए पंजीकरण

**गुरुग्राम।** मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों के पंजीकरण का कार्य शुरू हो गया है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि जो किसान अपने खेतों में खरीब फसलों की बुवाई कर चुके हैं। वे उपरोक्त पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। फसल बिक्री के समय सरकार द्वारा केवल पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही खरीद की जाएगी, ऐसे में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज करा उसका पंजीकरण अवश्य करवाएं। कृषि विभाग के सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी मनमीत यादव ने कहा कि फसलों का पंजीकरण करवाने के लिए संबंधित किसान के पास परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है।

### पद्म पुरुस्कारों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त

**गुरुग्राम।** जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर घोषित होने वाले पदम पुरस्कारों के लिए प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम 15 अगस्त निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य, सार्वजनिक मामलों, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। उन्होंने आग्रह किया कि सरकार पद्म पुरस्कारों को जन पद्म के रूप में तब्दील करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विधायक सिंगला ने किया वाटर कूलर का शुभारंभ



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

महाराणा प्रताप पार्क में राष्ट्र संत मुनि तरुण सागर के 55वें जन्म दिवस पर समाजसेवी रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन एडवोकट द्वारा वाटर कूलर लगाया गया, जिसका उद्घाटन गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला द्वारा किया गया।

इस मौके पर लेजरवैली पार्क (महाराणा प्रताप पार्क) के प्रधान नारायण सिंह ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक सुधीर सिंगला ने रविंद्र जैन द्वारा किए गए इस कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रविंद्र जैन गुरुग्राम में सामाजिक कार्य में सबसे अग्रणी हैं।

चाहे रोटरी क्लब के माध्यम से ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर हो, वॉटर कूलर लगवाना, गरीब बच्चों को शिक्षा देनी हो, वे हमेशा अग्रणी रहते हैं। इस अवसर पर पवन गुप्ता, संदीप जैन, ओमबीर सिंह, अनूप सिंह पार्षद, सूरज समेत काफी लोगों ने यहां शिरकत की और प्रसाद ग्रहण किया।

# शहर में धडल्ले से चल रहा नकली खाद्य पदार्थों का कारोबार

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की लापरवाही के चलते शहर में नकली खाद्य पदार्थों का कारोबार धडल्ले चल रहा है। बतादें कि विवाह समारोह, घरों में सब्जियों की रानी पनीर, जिसको बड़ी पसंद से खाया जाता है। वह उच्च गुणवत्ता का है या नहीं यह कहना संभव नहीं है।

मजे की बात यह है कि बाजार में थोक के भाव 150 से 200 रुपए किलो तक पनीर बडी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। एक हलवाई दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हल्की गुणवत्ता का पनीर थोक के भाव 150 से 180 रुपए किलो तथा उससे बेहतर गुणवत्ता का पनीर 200 रुपए प्रति किलो तक मिल जाता है। जब उनसे यह पूछा गया कि बाजार में गाय व भैंस का दूध 60 से 70 रुपए किलो मिलता है तो पनीर व खोवा सस्ता कैसे उपलब्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि 5 किलो दूध से एक किलो असली पनीर निकलता है तथा 5 किलो दूध में सवा किलो असली खोवा निकल पाता है। उन्होंने कहा कि यदि 60 रुपए किलो दूध लगाया जाए तो 300 रुपए का दूध की लागत आती है। गैस सिलेंडर (ईंधन) व लेबर का अलग खर्च होता है। सारा खर्च मिलाकर असली पनीर करीब 500 रुपए घर पर पड़ता है। अबआप स्वयं ही अंदाजा लगा लीजिए कि दोनों का नाम पनीर है और इनमें क्या अंतर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दूध तथा दूध से बने पदार्थों की खपत अधिक होने के चलते अन्य राज्यों से इसकी पूर्ति की जाती है।

उस पनीर को बेचने में न केवल दुकानदार को अच्छी खासी बचत होती है, बल्कि ग्राहक को भी सस्ता उपलब्ध हो जाता है। गौरतलब है कि कई बार मुख्यमंत्री उडनदस्ते द्वारा समय-समय पर जांच पड़ताल कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाती है और कभी कभार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग भी खानापूर्ति करता दिखाई देता है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था मैत्री कल्याण मंच द्वारा रविवार को सैक्टर 4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर के प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन एसएस दहिया ने बताया कि शिविर में करीब 120 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की गई।

उन्होंने बताया कि शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच डा. इरफान, डा. कृष्णा सोनी, डा. प्रमोद, डा. आरिफ खान व उनकी टीम द्वारा की गई। चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरुक भी किया और उनसे आग्रह किया कि वे किसी भी बीमारी को कम न समझें, उसका तुरंत उपचार कराएं।

कोरोना के बढ़ते मामलों से भी लोगों को अवगत कराते हुए उनसे आग्रह किया कि कोरोना से बचाव के लिए जारी दिशा-निदेर्शों का वे पालन करें, ताकि कोरोना के संभावित खतरे से बचा जा सके।

# गुरुग्राम में 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग व तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाया

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




- सीएम ने पुलिस अकादमी मधुबन से सभी जिलों से ऑनलाइन जुड़ते हुए दिलाई मादक पदार्थों से दूर रहने & दूसरों को प्रेरित करने की शपथ

गुरुग्राम में 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग & तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' रविवार को मनाया गया। इसके लिए कार्यक्रम लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें गुरुग्राम मंडल के आयुक्त श्री राजीव रंजन, डीसी निशांत कुमार यादव सहित जिला के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

इस जिला स्तरीय कार्यक्रम को करनाल जिला के मधुबन स्थित पुलिस अकादमी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से ऑनलाइन जोड़ा गया, जहां पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्यातिथि थे। वहीं से मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रमों में शामिल लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने तथा दूसरों को भी दूर रहने को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नशा मुक्त हरियाणा की कार्य योजना का शुभारंभ किया और कहा कि इसके अनुसार हरियाणा सरकार के सभी विभाग एक साथ मिलकर नशा तस्करों को पकड़ेंगे। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता अभियान चलाएंगे और भटके हुए युवाओं का उपचार एवं पुनर्वास करके उनको समाज की मुख्यधारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना के 3 पहलू हैं - जन जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति व पुनर्वास और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।

उन्होंने कहा कि इस मिशन के लिए गांव व वार्ड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया जा चुका है जिसमें सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी, सेवानिवृत्त, सैन्य कर्मी, स्कूल के प्राचार्य, बीट प्रभारी, नंबरदार, महिला सदस्य आदि को शामिल किया गया है। इसमें आम जनता की भागीदारी से इसे जन आंदोलन के रूप में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को नशा करने वालों के उपचार और परामर्श सुविधा के लिए सशक्त बनाया जाएगा। नशा पीड़ितों और उनके परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग के लिए मनोवैज्ञानिकों का सहयोग लिया जाएगा। गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मंडल आयुक्त राजीव रंजन ने कहा कि नशा पीड़ितों की मदद करने और ड्रग पेडलिंग की गतिविधियों के बारे में जनता से जानकारी एकत्र करने के लिए राज्य सरकार ने टोल फ्री एंट्री ड्रग हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पहले ही शुरू किया हुआ है। जिला का कोई भी व्यक्ति इस हेल्पलाइन नंबर पर मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों तथा ड्रग पेडलिंग की गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की जानकारी दे सकता है।

सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस मौके पर उपस्थित डीसी निशांत कुमार यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सब की यह जिम्मेदारी बनती है कि युवा पीढ़ी को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करें। जो युवा नशे का आदी है, उसको नशा छुड़वाने के लिए सहयोग दें और प्रेरित करें। इसके लिए केवल कानून से ही अपेक्षित सफलता संभव नहीं है। हम सभी को मिलकर नशा मुक्त समाज बनाने की दिशा में काम करना होगा।

### श्रीसनातन धर्मसभा के चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी किया नियुक्त

**गुरुग्राम।** न्यू कालोनी स्थित श्रीसनातन धर्मसभा के चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए जिला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसायटीज के द्वारा चुनाव अधिकारी के तौर पर सेवानिवृत सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां महादेव शर्मा को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सोसायटीज के आदेशानुसार संस्था की गवर्निंग बॉडी की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 24 जुलाई को चुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि रविवार को सदस्यों की सूची पर उठाई गई आपत्तियों को सुना गया। 30 जून को सदस्यों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, नामांकन 10 जुलाई को किए जा सकेंगे और नामांकन की जांच 12 जुलाई तथा 14 जुलाई को विभिन्न पदों पर चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दी जाएगी। 17 जुलाई तक नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। 18 जुलाई को चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट लगा दी जाएगी। 24 जुलाई को विभिन्न पदों पर चुनाव कराए जाएंगे और चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना उसी दिन करा दी जाएगी।

# नशे न करने के लिए संस्था ने श्रमिकों को किया जागरुक



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन ने बहरामपुर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को जागरुकता अभियान चलाकर श्रमिकों को नशा न करने के लिए जागरुक किया और उन्होंने श्रमिकों को शपथ भी दिलवाई कि वे भविष्य में कोई नशा न करेंगे। अध्यक्ष राजेश पटेल ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद तो बर्बाद होता ही है, उसका प्रभाव उसके परिवार पर भी पड़ता है। उन्होंने श्रमिकों से आग्रह किया कि वह स्वयं और अन्य लोगों को भी नशा न करने के प्रति जागरुक करें। महात्मा गांधी का सपना भी था कि देश नशा मुक्त होना चाहिए। उनके सपने को साकार करने के लिए समाज को नशा मुक्त बनाने की सख्त जरुरत है।

नशा शरीर व बुद्धि दोनों को खात्मे की कगार पर ले जाता है और परिवार बुरी तरह से प्रभावित होते हैं। इस अवसर पर राजीव ठाकुर, योगेंद्र, सतबीर, इमरान, शेर सिंह, फरहान आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# कोरोना वैक्सीन संजीवनी

कोरोना महामारी से बचाव के लिए बनाई गई वैक्सीन भारत के साथ-साथ अन्य देशों के लिए संजीवनी साबित हुई है। इस वैक्सीन ने भारत में जहां 42 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई है वहीं पूरी दुनिया में दो करोड़ से अधिक लोगों को मौत के मुंह में जाने से रोका है। लांसेट जर्नल के दिसंबर 2020 से दिसंबर 2021 तक के आंकड़ों में यह बात सामने आई है। शोधकताओं ने कहा कि दुनिया में कोरोना से 3.14 करोड़ मौतों का अनुमान लगाया गया था लेकिन टीकाकरण की वजह 1.98 करोड़ की जान बचाई गई। अध्ययन का अनुमान है कि अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2021 के अंत तक दो या अधिक खुराक के साथ प्रत्येक देश में 40 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण करने का लक्ष्य पूरा किया गया होता तो और 5 लाख 99 हजार 300 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। अध्ययन के प्रमुख लेखक ओलिवर वाटसन ने कहा कि भारत के लिए, हमारा अनुमान है कि इस अवधि में टीकाकरण से 42 लाख से अधिक मौतों को रोका गया। भारत में कोरोना महामारी के दौरान 51 लाख से अधिक लोगों की मौत का अनुमान लगाया गया था लेकिन कोरोना टीकाकरण की वजह से लाखों लोगों की जान बचाई गईं। कोरोना के प्रति भारतीयों की सावधानी और समय पर वैक्सीन लेना ही रामबाण बना है। भारत महामारी की शुरूआत में पूरी दुनिया की नजरों में था और भयावहता का अंदाजा सभी लगा रहे थे, मगर जिस खूबी से भारत ने महामारी को पस्त किया, वह दूसरों के लिए मिसाल बन गया। आधुनिक चिकित्सा पद्धति का दावा करने वाले अमेरिका और अन्य यूरोपीय देश जब पस्त हो गए तब भारत ने अपने कौशल से महामारी को हराया। कोरोना को हराने में वैक्सीन को नजरअंदाज करना गलती होगी। सरकार के सख्त फैसले भी जीत में बड़ी भूमिका रखते हैं। फैसलों को लागू करने में कोरोना वॉरियर्स का भी रोल अहम है। भारतीयों की नियमों को मानने में दिखाई गई तत्परता भी कम नहीं आंकी जा सकती। इन सब में टीकाकरण अभियान निश्चित ही एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। महामारी की भयावहता और दुनियाभर में इसके कहर से इतना तो साफ हो गया था कि जब तक टीका नहीं आ जाता, तब तक बचाव संबंधी उपाय ही जीवन को बचाने में मददगार साबित हो सकते हैं। लॉकडाउन जैसे कदम भी इसीलिए उठाए गए थे, ताकि लोग घरों से न निकलें और संक्रमण का प्रसार न हो। इसलिए टीके को लेकर लंबे समय से इंतजार था। अमेरिका और यूरोप के ज्यादातर देशों की तस्वीर तो डराने वाली रही। भारत में भी संक्रमण से हुई मौतों का आंकड़ा डेढ़ लाख को पार कर चुका है। ऐसे में बिना किसी कारगर टीके के संभव ही नहीं था कि महामारी को शिकस्त दी जा सके। भारत की आबादी को देखते हुए टीकाकरण का काम चुनौती भरा रहा। सबको जल्द ही एक साथ टीका लगा पाना किसी भी सूरत में संभव नहीं था। इसलिए इसके लिए प्राथमिकता तय की गई। टीके के लिए शोध, परीक्षण से लेकर इसके निर्माण और देश में जगह-जगह पहुंचाने का काम भी कोई मामूली नहीं था। तैयार टीकों को सुरक्षित रूप से हर राज्य में भेजने के लिए वायुसेना की सेवाएं ली गईं। टीकाकरण के काम में कहीं कोई चूक न रह जाए, इसके लिए देश भर में कई बार पूर्वाभ्यास किए गए। भारत के वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और इस महाभियान से जुड़े लोगों ने जिस जीवट के साथ काम किया, उसी का परिणाम है कि साल भर के भीतर ही कुछ गिने-चुने देशों के साथ हम भी टीका बनाने से लेकर उसे लगाने में सफल हो पाए हैं। इसे भी बड़ी कम बड़ी उपलब्धि नहीं माना जाना चाहिए कि भारत में बने टीकों का दुनिया के दूसरे देशों में हम निर्यात करने में भी सक्षम हैं। देश में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के टीके कोविशिल्ड और भारत बायोटेक के टीके कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी गई। हालांकि टीकों को लेकर कुछ विवाद भी खड़े हुए और इस कारण लोगों में भय और अविश्वास भी पैदा हुआ। लेकिन देश के चिकित्सा विशेषज्ञों और महामारी विशेषज्ञों ने टीके कारगर होने का भरोसा दिलाया। यही भरोसा अंत में भारत को जीत दिलाने में कामयाब रहा।

# कश्मीर के बफार्नी बाबा

**शिबन कृष्ण रैणा**

भारतवर्ष तीर्थों की पवित्र भूमि है। इस धरा पर शायद ही ऐसा कोई प्रांत होगा जहाँ तीर्थस्थल न हों। ये तीर्थस्थल दीर्घकाल से भारतीय जनमानस की आस्था एवं विश्वास के प्रमुख केंद्र रहे हैं। कश्मीर प्रांत में स्थित अमरनाथ नामक तीर्थस्थल का विशेष महत्व है। कल्हण की राजतरंगिणी में इस तीर्थ को अमरेश्वर बताया गया है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शिव के द्वादश ज्योतिर्लिगोंः सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी-विश्वनाथ आदि के अतिरिक्त अमरनाथ का विशेष महत्व है। शिव के प्रमुख स्थलों में अमरनाथ अन्यतम है। अतः अमरनाथ को तीर्थो का तीर्थ कहा जाता है।

अमरनाथ तीर्थस्थल जम्मू-कश्मीर राज्य के श्रीनगर शहर के उत्तर-पूर्व में 141 किलोमीटर दूर समुद्र तल से 3, 888 मीटर (12756 फुट) की ऊंचाई पर स्थित है। इस गुफा की लंबाई (भीतर की ओर गहराई) 19 मीटर और चौड़ाई 16 मीटर है। यह गुफा लगभग 150 फीट क्षेत्र में फैली है और गुफा 11 मीटर ऊंची है तथा इसमें हजारों श्रद्धालु समा सकते हैं। प्रकृति का अद्भुत वैभव अमरनाथ गुफा, भगवान शिव के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। एक पौराणिक गाथा के अनुसार भगवान शिव ने पार्वती को अमरत्व का रहस्य (जीवन और मृत्यु के रहस्य) बताने के लिए इसी गुफा को चुना था। मृत्यु को जीतने वाले मृत्युंजय शिव अमर हैं, इसीलिए अमरेश्वर भी कहलाते हैं।श्रद्धालु अमरेश्वर को ही अमरनाथ कहकर पुकारते हैं। शिव-भक्त इसे बाबा अमरनाथ या बफार्नी-बाबा भी कहते हैं।

अमरनाथ हिंदी के दो शब्द अमर अर्थात अनश्वर और नाथ अर्थात भगवान को जोड़ने से बनता है। एक पौराणिक कथा के अनुसार जब देवी पार्वती ने भगवान शिव से अमरत्व के रहस्य को प्रकट करने के लिये कहा, जो वे उनसे लंबे समय से छिपा रहे थे, तब यह रहस्य बताने के लिये भगवान शिव, पार्वती को हिमालय की इस गुफा में ले गए, ताकि उनका यह रहस्य कोई भी न सुन पाये और यहीं पर भगवान शिव ने देवी पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था।

११ मीटर ऊँची अमरनाथ गुफा में पानी की बूंदों के जम जाने की वजह से ठोस बर्फ की एक सुंदर मूर्ति बन जाती है। हिन्दू धर्म के लोग इसी बफीर्ली मूर्ति को शिवलिंग मानते है। कहा जाता है की भगवान शिव पहलगाम (बैल गाँव) में नंदी और बैल को छोड़ गए थे। चंदनवाड़ी में उन्होंने अपनी जटाओं से चन्द्र को छोड़ा था और शेषनाग सरोवर के किनारे उन्होंने अपना साँप छोड़ा था। महागुनास (महागणेश पहाड़ी) पर्वत पर उन्होंने भगवान गणेश को छोड़ा था। पंजतारनी पर उन्होंने पाँच तत्वः धरती, पानी, हवा, आग और आकाश छोड़ा था। और इस प्रकार दुनिया की सभी वस्तुओं का त्याग कर भगवान शिव ने वहाँ तांडव नृत्य किया था और अंत में भगवान शिव देवी पार्वती के साथ पवित्र गुफा अमरनाथ आये थे।

इतिहासकारों का विचार है कि अमरनाथ यात्रा हजारों वर्षों से चली या रही है तथा अमरनाथ-दर्शन का महत्त्व पुराणों में भी मिलता है। बृंगेश सहिंता, नीलमत पुराण, कल्हण की राजतरंगिणी आदि में इस तीर्थ का बराबर उल्लेख मिलता है। नीलमत पुराण में अमरेश्वर के बारे में दिए गए उल्लेख से पता चलता है कि इस तीर्थ के बारे में छठी-सातवीं शताब्दी में भी लोगों को जानकारी थी। कश्मीर के महान् शासकों में से एक थे जैनुलबुद्दीन (1420-70 ईस्वी), जिन्हें कश्मीरी लोग प्यार से बड़शाह कहते हैं। माना जाता है कि उन्होंने भी अमरनाथ गुफा की यात्रा की थी।(इस बारे में इतिहासकार जोनराज ने उल्लेख किया है।) अकबर के इतिहासकार अबुल-फजल (16वीं शताब्दी) ने आइना-ए-अकबरी में भी उल्लेख किया है कि अमरनाथ एक पवित्र तीर्थस्थल है। गुफा में बर्फ.का एक बुलबुला बनता है जो थोड़ा-थोड़ा करके 15 दिन तक रोजाना बढता रहता है और दो गज से अधिक ऊंचा हो जाता है। चन्द्रमा के घटने के साथ-साथ वह भी घटना शुरू कर देता है और जब चांद लुप्त हो जाता है तो शिवलिंग भी विलुप्त हो जाता है। स्वामी विवेकानन्द ने 1898 में 8 अगस्त को अमरनाथ गुफा की यात्रा की थी और बाद में उन्होंने गदगद होकर कहा कि मुझे, सचमुच, लगा कि बर्फ.का लिंग स्वयं शिव हैं। मैंने ऐसी सुन्दर, इतनी प्रेरणादायक कोई चीज नहीं देखी और न ही किसी धार्मिक-स्थल की यात्रा का इतना आनन्द आया।

# नरेन्द्र मोदी के खिलाफ शरारतों का हश्र

**2002 के गुजरात दंगों के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को विशेष जांच दल की ओर से मिली क्लीनचिट को सही ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की, वे मोदी के खिलाफ सक्रिय शरारती तत्वों को एक करारा तमाचा है। यह सर्वविदित है कि पिछले दो दशकों से किस तरह मोदी को आरोपित एवं लांछित करने का एक शरारत भरा कुत्सित एवं विडम्बनापूर्ण अभियान छेड़ा गया। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर इस शरारती अभियान को रेखांकित किया कि ऐसा लगता है कि विशेष जांच दल की रिपोर्ट को चुनौती देने वाली जाकिया जाफरी किसी और के इशारे पर काम कर रही थी। यह एक यथार्थ भी है। नरेन्द्र मोदी को गुजरात दंगों के लिए जिम्मेदार बताने के लिए छद्म धर्मनिरपेक्ष तत्वों के साथ संदिग्ध किस्म की तथाकथित मानवाधिकारवादी जमात सक्रिय थी। इसका साथ कुछ राजनीतिक दल, नौकरशाह, पत्रकार और नेता भी दे रहे थे। यह महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पाया कि जाकिया जाफरी की याचिका में कई झूठी एवं बेबुनियादी बातें दर्ज की गई।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

कांग्रेसियों, वामपंथियों और कट्टरवादियों की ओर से नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लगातार किये जा रहे उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक विरोध एवं नीति ने एक बार फिर घुटने टेके हैं, एक बार फिर परास्त हुई है। 2002 के गुजरात दंगों के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को विशेष जांच दल की ओर से मिली क्लीनचिट को सही ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की, वे मोदी के खिलाफ सक्रिय शरारती तत्वों को एक करारा तमाचा है। यह सर्वविदित है कि पिछले दो दशकों से किस तरह मोदी को आरोपित एवं लांछित करने का एक शरारत भरा कुत्सित एवं विडम्बनापूर्ण अभियान छेड़ा गया। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर इस शरारती अभियान को रेखांकित किया कि ऐसा लगता है कि विशेष जांच दल की रिपोर्ट को चुनौती देने वाली जाकिया जाफरी किसी और के इशारे पर काम कर रही थी। यह एक यथार्थ भी है। नरेन्द्र मोदी को गुजरात दंगों के लिए जिम्मेदार बताने के लिए छद्म धर्मनिरपेक्ष तत्वों के साथ संदिग्ध किस्म की तथाकथित मानवाधिकारवादी जमात सक्रिय थी। इसका साथ कुछ राजनीतिक दल, नौकरशाह, पत्रकार और नेता भी दे रहे थे। यह महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पाया कि जाकिया जाफरी की याचिका में कई झूठी एवं बेबुनियादी बातें दर्ज की गई। संसार में दो प्रकार के व्यक्ति होते हैं। पहली श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो उजालों का स्वागत करने के लिए तत्पर रहे हैं व रहते हैं। दूसरी श्रेणी की रचना उन लोगों ने की है, जो अंधेरे सायों से प्यार करते हैं। ऐसे लोगों की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि ऐसे देश तोड़क तत्वों को उजाले के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है उन लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश के पैबंद लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं। मोदी भारत के अकेले ऐसे राष्ट्रनायक हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती, कोई विकृत सोच उनकी महानता को दबा नहीं सकती, कोई झूठ या भ्रामकता उनकी राष्ट्रवादी छवि को धुंधला नहीं सकती। देखना यह है कि देश की महान् विभूति की छवि को धुंधलाने का जो दुस्साहस किया गया है या किया जा रहा है, उसका हम कितना करारा जबाव देते हैं। आज जैसे बुद्धिमानी एक ह्वैल्यूह्ल है, वैसे बेवकूफी भी एक ह्वैल्यूह्ल है और मूल्यहीनता के दौर में यह मूल्य काफी प्रचलित है। आज के माहौल में यह ह्वैल्यूह्ल ज्यादा फायदेमंद है लेकिन इसका नुकसान भी बड़ा है, यही बात दुनिया को समझाने की जरूरत है, मोदी विरोधियों के गले उतारने की जरूरत है। क्योंकि इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक नीति के द्वारा किसी का भी हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे उन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिनकी ऐसी आलोचना की जाती है। यह तो समय, शक्ति एवं अर्थ का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों को टेज्न में जिंदा जलाने वाले गोधरा कांड के बाद गुजरात में भड़के दंगों को राज्य प्रशासन के षडयंत्र का हिस्सा बताने के लिए किस हद तक झूठ, फरेब एवं भ्रामकता का सहारा लिया गया, इसे इससे समझा जा सकता है कि कुछ अधिकारियों ने यह फर्जी दावा किया कि वे मुख्यमंत्री की उस बैठक में उपस्थित थे, जिसमें कथित तौर पर दंगों की साजिश रची गई। विशेष जांच दल ने प्रमाणों के साथ यह सिद्ध किया कि इन अधिकारियों का यह दावा कोरा झूठ था। इसी तरह का एक झूठ यह भी था कि बतौर मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दंगों को रोकने के लिए कोई कोशिश नहीं की। जबकि मोदी एवं उनकी सरकार ने जिस जागरूकता का परिचय दिया, उसी से जितनी व्यापक हिंसा एवं जनहानि की संभावना थी, वह नहीं हुई। असामाजिक तत्वों एवं गुण्डों को सक्रिय कर गोधराकांड कराया गया। निहत्थे कारसेवकों की बोगी बंद कर उसमें आग लगाई। गुजरात में दंगे कराए गए। लेकिन नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की जानी चाहिए कि जिस तरीके से उन्होंने गोधराकांड में क्रूरतापूर्वक जलाकर मार डाले गए निहत्थे कारसेवकों के परिवारों के आंसू पोंछे और दंगाइयों पर नियंत्रण किया, यह केवल उनके और उनके ही साहस और समझ की बात है। पूरे देश में अकेला गुजरात है जहां हिंदू और मुसलमान भाईचारे से कंधे से कंधा मिलाकर विकास की गति को तेज करते रहे हैं, सहजीवन की आदर्श मिसाल कायम करते रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर इस झूठ की भी पोल खोली कि पुलिस की कमी के बावजूद मुख्यमंत्री ने दंगों को रोकने की पूरी कोशिश की और बिना समय गंवाए केंद्रीय सुरक्षा बलों एवं सेना को बुलाने के साथ शांति बनाये रखने के लिए कई बार अपील भी की। ये सारे तथ्य उस विशेष जांच दल की रिपोर्ट का हिस्सा है, जिसका गठन सुप्रीम कोर्ट ने किया था और जिसके कामकाज की निगरानी भी वही कर रहा था। इसके बाद भी कुछ लोग इस जांच दल की रिपोर्ट को चुनौती देते रहे। यह काम सुनियोजित तरीके से किया जा रहा था, इसकी पुष्टि सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से होती है कि निहित स्वार्थों के चलते इस मामले को वर्षों तक जिंदा रखा गया। उसने यह कहा कि जिन लोगों ने कानूनी प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल किया और अदालत को गुमराह करने की कोशिश की, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई इसलिए आवश्यक है, क्योंकि कुछ लोगों ने कानूनी प्रक्रिया के दुरूपयोग को अपना धंधा बना लिया है। नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर क्लीनचिट मिलने के बाद कांग्रेस, वामपंथियों और तथाकथित साम्प्रदायिक ताकतों से पूछा जाना चाहिए कि आपकी पूरी दुकान जो पिछले 20 साल से नरेन्द्र मोदी के विरोध पर चल रही थी, उसे आप कितने दिन और चलाएंगे? क्योंकि नरेन्द्र मोदी का असाधारण व्यक्तित्व निरंतर निखार पर है और वह अत्यंत आत्मतोष के साथ प्रगतिपथ को मापता हुआ, राष्ट्र को मजबूत करता हुआ निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनके आचार पक्ष, विचार पक्ष, अनुशासन एवं राष्ट्रीय एकता के संकल्प ने सबको प्रभावित किया है जिसे न केवल देश बल्कि दुनिया नजदीकी से एवं तटस्थ भाव से देख और जान रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा की शीतल छांह और सुनहरी धूप समूचे राष्ट्र को विकास के नये आयाम दे रही है। लोकतंत्रीय पद्धति में किसी भी विचार, कार्य और राजनैतिक शैली की आलोचना पर प्रतिबंध नहीं है। किंतु आलोचक और निंदक का यह कर्तव्य है कि वह पूर्व पक्ष को सही रूप में समझकर ही उसे अपनी आलोचना की छैनी से तराशे। आरोपों की छिद्रान्वेशी से बचे। किसी भी तथ्य को गलत रूप में प्रस्तुत कर किसी व्यक्तित्व को खण्डित करना या उसकी आक्षेपात्मक आलोचना करना उचित नहीं है। जिन लोगों का उद्देश्य या मिशन ही निंदा करने का हो, विरोध की राजनीति करना हो, उनकी समझ सही कैसे हो सकती है? गांव जलाने वाले और गांव को जलती आग से बचाने वाले दोनों एक कैसे हो सकते हैं? कौन क्या लिखता है, उसके प्रति जागरूक होना जरूरी है। कौन क्या छापता है, उसके प्रति भी जागरूक होना जरूरी है। जागरूक होने का अर्थ है आत्मनिरीक्षण करना, अपने आपको तौलना, अपनी कोई खामी लगे तो उसका परिष्कार करना और जनता को भ्रांत होने से बचाना। जागरूकता का अर्थ निषेधात्मक विचारों की प्रतिक्रिया करना नहीं है। नरेन्द्र मोदी सदा इस प्रतिक्रियात्मक प्रवृत्ति से बचते रहे हैं। उनका संकल्प रहा है कि वे कभी प्रतिक्रियात्मक चक्रव्यूह में नहीं उलझेंगे।

# राजस्थान भाजपा में हार से बढ़ी तकरार

**भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े सुभाष चंद्रा को भी पार्टी के पूरे वोट नहीं मिल पाये थे। जिससे वह चुनाव हार गए थे। सुभाष चंद्रा को मात्र 30 वोट ही मिले थे। जबकि भाजपा के विजेता रहे प्रत्याशी घनश्याम तिवाड़ी को 43 वोट मिले थे। राजस्थान में भाजपा के 71 विधायक है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के तीन विधायकों ने भी सुभाष चंद्रा के पक्ष में वोट डाला था। जीतने के लिए 41 वोटों की जरूरत थी। इस तरह भाजपा के घनश्याम तिवारी को 41 वोट देने के बाद 34 वोट बचते थे। इस हिसाब से सुभाष चंद्रा को 34 वोट मिलने चाहिए थे मगर मिले मात्र 30 वोट ही। भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाहा ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी। वहीं पार्टी के दो अन्य विधायकों ने भी निर्दलीय सुभाष चंद्रा को वोट न देकर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घनश्याम तिवाड़ी के ही पक्ष में वोट डाल दिया था।**







**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।**

राजस्थान में राज्यसभा की चार सीटों के लिए संपन्न हुए चुनाव में भाजपा एक सीट ही जीत सकी थी। भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े सुभाष चंद्रा को भी पार्टी के पूरे वोट नहीं मिल पाये थे। जिससे वह चुनाव हार गए थे। सुभाष चंद्रा को मात्र 30 वोट ही मिले थे। जबकि भाजपा के विजेता रहे प्रत्याशी घनश्याम तिवाड़ी को 43 वोट मिले थे। राजस्थान में भाजपा के 71 विधायक है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के तीन विधायकों ने भी सुभाष चंद्रा के पक्ष में वोट डाला था। जीतने के लिए 41 वोटों की जरूरत थी। इस तरह भाजपा के घनश्याम तिवारी को 41 वोट देने के बाद 34 वोट बचते थे। इस हिसाब से सुभाष चंद्रा को 34 वोट मिलने चाहिए थे मगर मिले मात्र 30 वोट ही। भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाहा ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर दी। वहीं पार्टी के दो अन्य विधायकों ने भी निर्दलीय सुभाष चंद्रा को वोट न देकर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घनश्याम तिवाड़ी के ही पक्ष में वोट डाल दिया था।

पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ क्रास वोटिंग करने के कारण भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने धौलपुर से पार्टी विधायक शोभारानी कुशवाह को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं दो अन्य विधायक जिन्होंने सुभाष चंद्रा के बजाय भाजपा प्रत्याशी घनश्याम तिवाड़ी के पक्ष में वोट डाला उनके खिलाफ पार्टी कोई कार्यवाही नहीं कर सकती है। क्योंकि उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी को ही वोट दिया था। हालांकि अंदर खाने चर्चा है कि ऐसा उन्होंने पार्टी के एक बड़े नेता के इशारे पर किया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा आसानी से तीनों सीटें जीत लेने व भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी सुभाष चंद्रा के पक्ष में किसी भी निर्दलीय या अन्य किसी दल के प्रत्याशी का वोट नहीं मिलना भाजपा के प्रदेश नेतृत्व की कमी को ही दशार्ता है।

भाजपा का प्रादेशिक नेतृत्व पिछले काफी समय से नेताओं की आपसी गुटबाजी में फंसा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया एक दूसरे के विरोधी गुट से होने के चलते राजस्थान में भाजपा भी गुटों में बंटी हुई है। इसी के चलते राज्यसभा चुनाव में 13 में से एक भी निर्दलीय प्रत्याशी का वोट सुभाष चंद्रा के पक्ष में नहीं डल पाया। ऊपर से वसुंधरा राजे समर्थक शोभारानी कुशवाहा ने कांग्रेस के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर भाजपा की फजीहत करवा दी।

राज्यसभा चुनाव में शिकस्त खाने के बाद वसुंधरा राजे समर्थक प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया को उनके पद से हटाने की मांग करने लगे हैं। वही सतीश पूनिया समर्थक भी दबी जबान से वसुंधरा राजे को ही क्रास वोटिंग का जिम्मेदार बता रहे हैं। वसुंधरा समर्थकों का आरोप है कि राजस्थान में निर्दलीय विधायकों की संख्या 13 है तथा माकपा के दो, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो व राष्ट्रीय लोकदल का एक विधायक है। इस तरह देखे तो कांग्रेस के बाहर 18 अन्य ऐसे विधायक थे जो कांग्रेस व भाजपा दोनों के प्रत्याशियों को हराकर चुनाव जीते थे। मगर कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन सभी 18 विधायकों से तालमेल बैठाकर राज्यसभा चुनाव में वोट ले लिया। चर्चा यह भी है कि भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाहा गहलोत के ही माली समाज की होने के चलते भी गहलोत के कहने से वोट डाल दिया।

कांग्रेस के पक्ष में क्रॉस वोटिंग करने के बाद अपने निष्कासन पर सफाई देते हुए शोभारानी कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के ही बड़े नेता पार्टी में रहकर उनके खिलाफ गतिविधियां चलाते थे। ऐसे में उनका भाजपा से जुड़े रहने का कोई कारण नहीं रह गया था। शोभारानी कुशवाहा अपने पति को उम्र कैद की सजा होने के बाद उनकी विधायकी समाप्त होने पर उपचुनाव में वसुंधरा राजे के प्रयास से भाजपा में शामिल होकर उपचुनाव में विधायक बनी थी। फिर 2018 के चुनाव में भी उन्हें भाजपा ने टिकट दिया था और वह चुनाव जीत गई थी। शोभारानी कुशवाहा के परिजनों पर ढाई सौ करोड़ का चिटफंड घोटाला करने का भी आरोप लगा हुआ है। जिसके चलते उनके पति व देवर जेल की हवा भी खा चुके हैं।

भाजपा राजस्थान में 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद से सभी बड़े चुनावों में हार रही है। राजस्थान में चार सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट पर ही बीजेपी जीत सकी। इस चुनाव में कांग्रेस की दो और बीजेपी की एक सीट पक्की थी। चौथी सीट के लिए मुकाबला था। लेकिन बीजेपी चुनावी प्रबंधन में कांग्रेस से बाजी हार गई। क्रॉस वोटिंग ने भी भाजपा को चिंता में डाल दिया है। इससें पूर्व जून 2020 को राजस्थान में 3 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने दो प्रत्याशी जिताने में कामयाब रही थी। जबकि बीजेपी के राजेन्द्र गहलोत ही जीत दर्ज कर सके थे। भाजपा के दूसरे प्रत्याशी ओंकार सिंह लखावत को मात्र 20 वोट मिल थे। उस वक्त भाजपा का एक वोट रिजेक्ट हो गया था तथा 2 वोट अनुपस्थित रहे थे।

28 जनवरी 2019 में अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी साफिया जुबेर खान ने भाजपा के सुखवंत सिंह को 12 हजार 228 मतों से हराया था। 24 अक्टूबर 2019 को राजस्थान के मंडावा और खींवसर सीट के विधायको के सांसद बनने से हुए उपचुनाव में मंडावा से कांग्रेस की रीटा चौधरी और खींवसर से बीजेपी की सहयोगी आरएलपी के नारायण बेनीवाल ने जीत दर्ज की थी। 2018 में हुए चुनाव में मंडावा सीट से बीजेपी के नरेन्द्र खीचड़ व खींवसर सीट आरएलपी के हनुमान बेनीवाल जीते थे। उदयपुर की वल्लभनगर और प्रतापगढ़ की धरियावद विधानसभा सीटों पर 30 अक्टूबर 2021 को हुए उपचुनाव में दोनों सीटें कांग्रेस ने जीतीं। कांग्रेस के नगराज मीणा की धरियावद में जीत हुई। बीजेपी के खेत सिंह तीसरे नम्बर पर रहे। वल्लभनगर में कांग्रेस की प्रीति शक्तावत 20 हजार से ज्यादा वोटों से जीतीं। वहां बीजेपी के हिम्मत सिंह झाला की जमानत तक जब्त हो गई थी।

# भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की जरूरत

**प्रियंका सौरभ**

सिंगल यूज प्लास्टिक से तात्पर्य उन प्लास्टिक वस्तुओं से है जो एक बार उपयोग की जाती हैं और त्याग दी जाती हैं। एकल-उपयोग प्लास्टिक में निर्मित और उपयोग किए गए प्लास्टिक के उच्चतम प्रयोग में वस्तुओं की पैकेजिंग से लेकर बोतलों, पॉलिथीन बैग, खाद्य पैकेजिंग आदि शामिल है। यह विश्व स्तर पर उत्पादित सभी प्लास्टिक का एक तिहाई हिस्सा है, जिसमें 98% जीवाश्म से निर्मित है। भारत कूड़े वाले सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्पष्ट आह्वान के साथ, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट अमेंडमेंट रूल्स 2021 को अधिसूचित किया, जो 2022 तक कम उपयोगिता और उच्च कूड़े की क्षमता वाले एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाता है। सरकार की अधिसूचना 1 जुलाई, 2022 से प्लेट, कप, स्ट्रॉ, ट्रे और पॉलीस्टाइनिन जैसी पहचान की गई एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में केंद्र द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके अंतर्गत 1 जुलाई, 2022 से पॉलीस्टाइनिन और विस्तारित पॉलीस्टाइनिन सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग, वस्तुओं को प्रतिबंधित किया जाएगा। दिसंबर से 120 माइक्रोन से कम के पॉलीथिन बैग पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। जबकि निमार्ता 50- और 75-माइक्रोन बैग के लिए एक ही मशीन का उपयोग कर सकते हैं, मशीनरी को 120 माइक्रोन के लिए अपग्रेड करने की आवश्यकता होगी। मांग पक्ष पर, ई-कॉमर्स कंपनियों, प्रमुख एकल उपयोग वाले प्लास्टिक विक्रेताओं / उपयोगकताओं और प्लास्टिक कच्चे माल के निमार्ताओं को चिन्हित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं। चिन्हित वस्तुओं की आपूर्ति पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर निर्देश जारी किए गए हैं। उदाहरण के लिए, सभी प्रमुख पेट्रोकेमिकल उद्योग प्रतिबंधित एसयूपी उत्पादन में लगे उद्योगों को प्लास्टिक के कच्चे माल की आपूर्ति नहीं करते हैं। प्लास्टिक बैग भूमि और पानी को प्रदूषित करते हैं, क्योंकि वे हल्के होते हैं, प्लास्टिक सामग्री हवा और पानी से लंबी दूरी की यात्रा कर सकती है। जब प्लास्टिक लंबे समय तक पर्यावरण में रहता है और सड़ता नहीं है, तो यह माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है - पहले हमारे खाद्य स्त्रोतों और फिर मानव शरीर में प्रवेश करता है। प्लास्टिक सामग्री का उत्पादन बहुत ऊर्जा गहन है। उन्हें अपने उत्पादन के लिए बहुत अधिक पानी की आवश्यकता होती है। गैर-पुनः उपयोग योग्य होने के कारण, प्लास्टिक की थैलियां महासागरों में समाप्त हो जाती हैं। जब वे पहुंचते हैं, तो वे छोटे छोटे टुकड़ों में टूट जाते हैं और वन्यजीवों द्वारा खा जाते हैं। जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं या मृत्यु भी हो सकती है। कई जानवर प्लास्टिक की थैलियों में भी फंस जाते हैं। मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्लास्टिक की थैलियों से निकलने वाले जहरीले रसायन रक्त और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बार-बार एक्सपोजर से कैंसर, जन्म दोष, बिगड़ा हुआ प्रतिरक्षा, हार्मोन परिवर्तन, अंतःस्त्रावी व्यवधान और अन्य गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। जबकि प्लास्टिक का उत्पादन मॉडल बहुत बड़ा और अनियंत्रित है, पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या बहुत कम है। ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध से मदद मिलेगी। सरकार को प्रतिबंध के लाभों को प्राप्त करने के लिए जनता और व्यापार निकायों को शिक्षित करना चाहिए। वर्तमान में, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के कचरे के नकारात्मक प्रभावों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता अभी भी सीमित है। संचार, रणनीतिक योजना और उपभोक्ता जागरूकता अभियानों के माध्यम से इसे और मजबूत करने की जरूरत है। इससे न केवल नागरिकों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता में सुधार होगा बल्कि व्यापक कार्यों को सशक्त और प्रोत्साहित भी किया जाएगा। कपास, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देना। पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के लिए उपयुक्त विकल्पों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं को समर्थन शामिल हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनुष्य कर्मों की प्रारब्ध सुख या दुख के रूप में भोगते हैं:बी. के. अर्चना

अमरोहा। ब्रह्माकुमारीज बीके अर्चना ने कहा कि कर्म ही सुख और दुख का कारण है। यह तो सभी मनुष्य जानते हैं कि जीवन में दुख और सुख कर्म के आधार से फल के रूप में मनुष्य के जीवन में चलते हैं। जरूर पहले ऐसे कर्म किए हैं जिसकी प्रारब्ध दुख या सुख के रूप में मनुष्य आत्मा को भोगनी होती है। तो सुख और दुख का संबंध मनुष्य आत्मा के कर्म से है। लेकिन कर्म को किस्मत कहकर भी नहीं छोड़ सकते, कर्म तो करना ही होता है। कई लोग ऐसे समझते हैं कि जो किस्मत में होगा। इसलिए दुख और सुख को किस्मत समझ लेते हैं लेकिन यह समझना भी बहुत जरूरी है कि किस्मत भी किसने बनाई। यह दुख व सुख जो मनुष्य भोगता है उस दुख सुख को बनाने वाला भी मनुष्य है क्योंकि कर्म करने वाला मनुष्य है, इसलिए यह जिम्मेवारी मनुष्य आत्मा की खुद की ही है।

### गंगा में डूबे युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं, तलाश जारी

गजरौला। गंगा में स्नान करते डूबे युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। शनिवार को युवक अंतिम संस्कार में शामिल होने तिगरी आया था। स्नान समय गहरे पानी में जाने के चलते हादसा हुआ था। रविवार सुबह फिर से उसकी तलाश शुरू कर दी गई। संभल जनपद के बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नगला खाकम निवासी नरेश कुमार पुत्र राजेंद्र की ससुराल असमोली थाना क्षेत्र के गांव नवादा में है। शनिवार को उसकी ससुराल में एक बुजुर्ग का निधन हो गया था। नरेश उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने तिगरी आया था। अंतिम संस्कार के बाद गंगा स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया था। साथ मौजूद अन्य लोगों ने जब नरेश को पानी में हाथ-पांव मारते देखा तो शोर मचा दिया। उसे कोई बचा पाता, इसके पहले ही वह पानी में डूब गया। गोताखोरों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। रविवार सुबह फिर से उसकी तलाश शुरू की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि युवक की तलाश जारी है।

### अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश

अमरोहा। थाना सैदनगली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का खुलासा कर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की दो मोटर साईकिल बरामद हुई है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने पर ढक्का मोड़ से असलम पुत्र अशरफ निवासी ढक्का थाना सैदनगली गिरफ्तार कर लिया। जबकि जिसका एक साथी अंधेरे का लाभ लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस को असलम की निशानदेही पर दो चोरी की मोटर साईकिल बरामद हुई। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जोकि आर्थिक लाभ लेने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर नोएडा व आसपास के क्षेत्रों से दोपहिया वाहनों की चोरी कर और उनके फर्जी कागजात बनाकर व वाहनों की नम्बर प्लेट बदलकर बेच देता था। पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# समर अमरोही नवयुवक सर्वधर्म तसव्वुर अजान समिति के जिलाध्यक्ष मनोनीत

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



नवयुवक सर्वधर्म तसव्वुर अजान रजि0 के प्रदेश अध्यक्ष ने शहर के युवा समाजसेवी समर अमरोही को समिति का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिससे समर के समर्थकों में खुशी की लहर है।नगर के मोहल्ला बटवाल स्थिति नवयुवक सर्वधर्म तसव्वुर अजान समिति रजि0 उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष तसव्वुर अजान के निवास स्थान पर संगठन के विस्तार हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शाह अल्वी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान अल्वी और औद्योगिक विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व पीआरओ आरबी शर्मा पहुंचे। वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर बटवाल सभासद सनव्वर अल्वी रहे। सभी अतिथियों का समिति प्रदेश अध्यक्ष ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उसके पश्चात नवयुवक सर्वधर्म तसव्वुर अजान समिति रजि0 का विस्तार करते हुए समर अमरोही को समिति का जिलाध्यक्ष नियुक्त करते हुए मनोयन-पत्र सौंपा। सभी ने समर को बधाई दी। शाह अल्वी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान अल्वी ने कहा कि समर संगठन को गति प्रदान करेंगे। आरबी शर्मा ने कहा कि उम्मीद है कि संगठन को जिले में उच्च स्तर पर ले जाने के लिए समर जी जान से मेहनत करेंगे।उधर समिति प्रदेशध्यक्ष तसव्वुर अजान ने कहा कि सर्वधर्म समिति का विस्तार शुरू किया गया है। जिसमें समर अमरोही को सर्वधर्म समिति का जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। निश्चित ही समर समिति के उद्देश्य को जन-जन के बीच पहुंचाने का काम करेंगे।इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष समर अमरोही ने कहा कि समिति प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। वह उसका पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। संगठन को मजबूती प्रदान करना व समिति के उद्देश्य को लोगों के बीच पहुंचाना पहली प्राथमिकता रहेगी।इस दौरान दानिश अल्वी, रोहित गुप्ता, मोहम्मद कैफ, अयान, संजीव आदि लोग मौजूद रहे।

### अवैध तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल

**गजरौला।** युवाओं में स्टंटबाजी और तमंचेबाजी का शौक सिर चढ़कर बोल रहा है। इन कारनामों की वजह से कई युवाओं पर पुलिस ने कार्रवाई भी की है। लेकिन युवा है कि मानने को तैयार नहीं हैं। कोतवाली इलाके में फिर एक युवक का अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ है।अवैध तमंचे संग सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो में दिखने वाला युवक गजरौला थाना इलाके के एक गांव का बताया जा रहा है। फोटो में युवक हाथ में अवैध तमंचा लिए दिख रहा है। जिसके बाद इस वायरल फोटो के सामने आने पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस टीम को संबंधित गांव भेजा गया है। वायरल फोटो के आधार पर युवक की तलाश की जा रही है।अवैध तमंचे संग फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने का ये कोई नया मामला नहीं है। पहले भी कई बार अवैध तमंचे लहराते हुए युवकों के फोटो सामने आए हैं। फोटो सामने आने के बाद पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। लेकिन पुलिस की सख्त कार्रवाई के बाद भी युवाओं में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है।

# नशीली दवाओं के खिलाफ दिलाई जागरूकता की शपथ



हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

रविवार को नशीली दवाओं और उसकी तस्करी के खिलाफ जागरूकता की शपथ दिलाई गई। भविष्य दर्पण एजुकेशनल सोसाइटी के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। कहा ये खुद के साथ परिवार और आसपास को लोगों को भी नुकसान पहुंचाता है।पीयूष अग्रवाल ने कहा कि यह सिर्फ किसी एक क्षेत्र की नहीं बल्कि पूरे विश्व की जटिल समस्या है। इसके खिलाफ अभियान में पूरे विश्व को एक मंच पर आना होगा। जिससे नशीली दवाओं के उपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाई जा सके। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि हर साल 26 जून को विश्व ड्रग दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों और सहयोग के विभिन्न प्रयासों का प्रतीक है। विश्व ड्रग दिवस की शुरूआत 26 जून 1989 को हुई थी।वहीं, बच्चों ने शपथ लेकर निश्चय किया कि वह भी बड़े होकर और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान की शुरूआत करेंगे। शपथ कार्यक्रम पुरुषोत्तम शरण राम मूर्ति सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज में हुआ। इस अवसर पर सुमित सैनी, प्रिया अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, निधि चौहान और अंकुश मित्तल आदि मौजूद रहे।

### करंट से झुलसे लाइनमैन की हालत गम्भीर

**हसनपुर।** विधुत ट्रांसफार्मर का तार ठीक करते वक्त करंट से झुलसे युवक की हालत नाजुक है। निजी अस्पताल में उपचार जारी है। थाना सैदनगली के गांव पहाड़पुर बक्काल निवासी बब्बू थाना रहरा क्षेत्र के गांव बुरावली के बिजलीघर पर लाइनमैन के सहायक के रूप में कार्य करता है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम वह दौलतपुर कला में ट्रांसफार्मर का तार ठीक कर रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट में आकर झुलस गया। बब्बू जमीन पर आकर गिरा। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बिजलीघर से लाइनमैन मौके पर पहुंचे और परिजनों को खबर की। झुलसी हालत में बब्बू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। दावा किया जा रहा है कि बब्बू ने बिजलीघर से शटडाउन लिया था। अभी इस मामले में किसी तरह की कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। परिजन बब्बू की सलामती के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। अवर अभियंता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# वर और वधू पक्ष में मारपीट के बाद चलीं गोलियां

मंडी धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता

**झगड़ा**

- बिन दुल्हन लौटी बरात

दहेज की मांग को लेकर हुए विवाद में बरातियों और घरातियों में मारपीट हो गई। मारपीट में वधू पक्ष के चार लोग घायल हो गए। वधू पक्ष के लोगों ने वर पक्ष के लोगों पर फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद बरात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। दुल्हन के भाई की ओर से दूल्हे समेत चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रिपोर्ट में कई अज्ञात को भी आरोपी बनाया गया है।थाना क्षेत्र के गांव पारा खालसा में शनिवार रात ककराला गांव से बरात आई थी।पुलिस के मुताबिक, लड़का और लड़की दोनों सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। बरात नगर के एक बरातघर में पहुंची थी। बरातियों के स्वागत के बाद चढ़त की तैयारी चल रही थी।

इसी दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट होने लगी।वधू पक्ष का आरोप है कि वर पक्ष के लोगों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग की। दहशत में आए वधू पक्ष के लोग खेतों में छिप गए।सूचना मिलने पर 112 व थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस को देखकर वर पक्ष के लोग भाग गए। वधू के भाई दीपक का आरोप है कि वर पक्ष के लोगों ने दहेज में कार व पांच लाख रुपये की मांग की। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर वर पक्ष के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट में दुल्हन के भाई समेत चार लोग घायल हो गए।युवती के भाई ने दूल्हा विवेक पर जान से मारने के इरादे से फायर करने का आरोप लगाया।पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराया है। बरात बगैर दुल्हन के लौट गई।दुल्हन के भाई की ओर से वर विवेक, उसके पिता रमेश, उसकी मां व बहन समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व दहेज की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### गांव में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण भयभीत

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर डायल हंड्रेड व वन विभाग की टीम भी पहुच गई। और ग्रामीणों के साथ मिलकर जंगल में तेंदुए की तलाश की, परन्तु कामयाबी नहीं मिली। थाना क्षेत्र के गांव मुस्सलेपुर में रविवार की सुबह तालाब के निकट सड़क पर तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। खेत पर काम कर रही केला देवी ने तेंदुए को सड़क पर घूमते हुए देखा तो शोर मचा दिया। जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जूट गई। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ खेतो के रास्ते भाग निकला। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए ने एक बंदर पर भी हमला किया है। तेंदुए की सूचना पाकर मौके पर हंड्रेड डायल पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। गांव में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन रेंजर करण सिंह ने बताया कि गांव में तेंदुए की सूचना मिली है। जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

# डीएम ने मेधावियों को किया सम्मानित, बोले बच्चें ही देश का भविष्य


रजबपुरप्रात: किरण संवाददाता



कन्या गुरुकुल चोटीपुरा महाविद्यालय में जिला अधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी द्वारा शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह तथा उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लागू सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरुकता बढ़ाए जाने तथा पठन-पाठन के स्तर में वृद्धि लाने हेतु विचार गोष्ठी संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के हाई स्कूल इंटर में जनपद स्तर पर 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को माला पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही हाई स्कूल में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाली नूतन यादव समेत टॉप टेन में आने वाले 16 और इंटर की परीक्षा में आए 15 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने कक्षा 10 और 12 में जनपद में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को उनकी इस ईमानदारी के साथ मेहनत करने की सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालयों के प्रधानाचार्य व उनके माता-पिता को भी बधाई देते हुए कहा की आप लोगों के अथक प्रयास व उच्च सोच के कारण ही आज यह बच्चे इस मुकाम पर पहुंचकर जनपद में परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में भारत माता इंटर कॉलेज के छात्रों ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।उसी प्रकार अन्य विद्यालयों को भी उनसे शिक्षा लेनी चाहिए और उसी के अनुसार बच्चों को शिक्षा देनी चाहिए। साथ ही जिलाधिकारी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत सी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, जो बच्चों से संबंधित हैं। प्रधानाचार्य उन योजनाओं को अवश्य लागू करें और अपने बच्चों को उन योजनाओं से लाभान्वित कराएं।

# बदला मौसम का मिजाज, आसमान में छाए बादल

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



रविवार सुबह से जनपद में मौसम की चाल बदली नजर आई। पुरवा हवा के साथ आसमान में बादल छाए जिससे आम लोगों और किसानों को बारिश की उम्मीद जगी। मौसम विभाग ने भी सोमवार से चार जुलाई तक बारिश का पूवार्नुमान जारी किया है। बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से आमजन को राहत मिल सकती है। बीते कई दिनों से जिले में भीषण गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल है। मौसम में उमस बढ़ती जा रही है। पछुआ हवा चलने से मौसम के साफ रहने पर गर्मी और बढ़ गई। इस बीच रविवार की सुबह राहत लेकर आई। पुरवा हवा ने दस्तक दी। तेज हवा संग आसमान में घने बादल उमड़े। तापमान में गिरावट आई। बारिश के आसार बने हैं। मौसम विभाग ने भी 26 जून से चार जुलाई तक बारिश का पूवार्नुमान जारी किया है। ऐसे में सोमवार से जिले में बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता। फिलहाल मौसम के बदले मिजाज को देख किसान धान की रोपाई की तैयारी में जुट गए हैं। आम लोगों को भी उमस भरी गर्मी से फिलहाल मिली राहत के जारी रहने की उम्मीद है। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह के मुताबिक बारिश शुरू होने पर ही किसान धान की रोपाई करें। बताया कि अगले एक से दो दिन बारिश के आसार बन रहे हैं।

### यश प्रभाकर बने हिंदू युवा वाहिनी के जिला मीडिया प्रभारी

**अमरोहा।** हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें यश प्रभाकर को हिन्दू युवा वाहिनी के जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सचिन चौहान, जिला महामंत्री कपिल शर्मा, जिला संगठन मंत्री अपूर्व पाल उपस्थित रहे। हिंदू युवा वाहिनी को जनपद में संगठन विस्तार करने के मुद्दो पर चर्चा की गई। जिला मंत्री एकांत शर्मा ने जानकारी देते कहा कि प्रदेश में दौबारा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनाने से कई फर्जी संगठन बन गए हैं जो कि भविष्य में कोई गलत हरकत करके हिंदू युवा वाहिनी व योगी आदित्यनाथ की छवि को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि इसे संगठनो पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जानी चाहिए। इसी बीच सभी उच्च पदाधिकारियों की सहमति से यश प्रभाकर को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत भी किया गया। बैठक में हिन्दू युवा वाहिनी जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारि मौजूद रहे ।

# शासन द्वारा शिक्षा, जन कल्याणकारी एवं महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं का संचालन किया जा: सीडीओ

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्य विकास अधिकारी केपी सिंह ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा, जन कल्याणकारी एवं महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुख सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें सुरक्षात्मक जीवन यापन कराना है। उन्होंने कहा कि आमजन राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी के अभाव में उनका समुचित लाभ हासिल नहीं कर पाते जिसके कारण अनावश्यक समस्याओं से ग्रस्त हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य यह है कि माध्यमिक शिक्षकगणों को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभागीय अधिकारियों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि वो छात्र एवं छात्राओं को विस्तार के साथ उक्त जानकारी मुहैया कराएं और उनके माध्यम से घर-घर में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके और आमजन उनके बारे में जागरूक हो कर लाभान्वित हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी श्री सिंह स्थानीय बिजनौर इंटर कॉलेज, बिजनौर के सभागार में उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में लागू सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता बढ़ाये जाने तथा पठन-पाठन के स्तर में वृद्धि लाने संबंधी विषयक पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आमतौर पर यह देखने में आता है कि जन सामान्य शासकीय लाभप्रद योजनाओं से जानकारी के अभाव में उनसे समुचित रूप से लाभान्वित नहीं हो पाते, जिसके कारण विभागीय लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते और आमजन को उनका लाभ भी प्राप्त नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि इस गैप को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि माध्यमिक शिक्षा से संबंधित सभी बोर्डों जिनमें माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएससी शामिल हैं, के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, महिला सुरक्षा आदि विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शिक्षक गणों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए और और प्रधानाचार्य एवं शिक्षक अपने अपने शिक्षण संस्थानों में उक्त जानकारी को छात्र एवं छात्राओं को जागरूक करने के लिए मुहैया कराएं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामार्ज ने बताया कि शासन द्वारा जन सामान्य विशेष रूप से महिला सुरक्षा के संबंध में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न के संबंध में किसी भी महिला द्वारा 109 अथवा 112 पर किसी भी समय कॉल करके पुलिस की सहायता प्राप्त की जा सकती है। संगोष्ठी के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नौशाद हुसैन, बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव, बिजनौर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इरफान अहमद, महिला एवं बाल कल्याण विकास अधिकारी रूबी गुप्ता, प्रवक्ताध्विज्ञान शिक्षा के नोडल अधिकारी सुधांशु कुमार सहित जिले के सभी एंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

# काली मंदिर से बिजौरी मार्ग तक सड़क निर्माण के लिए सामग्री का आना शुरू

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत के बाद नगर को साहनपुर व ग्राम क्षेत्रों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई एक रिपोर्ट में मालन नदी पर यूपी सेतू निगम के बने पुल से काली मंदिर से होते हुए दोयज वाले मुख्य मार्ग( बिजौरी रोड) जोकि बेहद खस्ता हालत में है, को सही कराए जाने की मांग की थी जिस पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड टीम नजीबाबाद ने उक्त मार्ग के निर्माण कार्य को विशेष कार्य योजना में शामिल कर शीघ्र कार्य शुरू कराए जाने का आश्वासन अपनी रिपोर्ट में दिया था इसी परिपेक्ष मे उक्त मार्ग पर विभाग द्वारा शनिवार को निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और सड़क निर्माण के लिए बजरी तथा अन्य सामग्री आनी शुरू हो गई है। उक्त संपर्क मार्ग मालन नदी पर बने पुल से जुड़ता है। यह संपर्क मार्ग खस्ता हालत में होने से स्कूली बच्चों तथा आमजन को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा हरिद्वार जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही थी। उन्होंने शिकायत मे कहा था कि खस्ताहाल और गढ्ढायुक्त सम्पर्क मार्ग पर काली का प्रसिद्ध मंदिर भी है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का लगातार आना जाना रहता है जिनमें बड़ी संख्या स्त्री श्रद्धालुओं की होती है तथा साहनपुर और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी पूरी की है जो सराहनीय है, परन्तु यह सम्पर्क मार्ग अभी भी आधा अधूरा बन रहा है। वहां पर मौजूद विभाग से जुड़े लोगों ने बताया कि यह सम्पर्क मार्ग 125 मीटर तक ही बनाया जा रहा है जबकि मालन नदी से बिजौरी रोड तक की लम्बाई दो सौ मीटर से भी अधिक प्रतीक होती है। इस सम्बन्ध में विभाग के जेई विक्रम सिंह ने बताया कि वह खुद चाहते हैं कि सम्पर्क मार्ग पूरा ही बनाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन से यदि कोई आदेश मिलता है तो वह जरूर इसे पूरा बनवाएंगे।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरुक

मनोज शर्मा, प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/रहरा। मिशनशक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण, स्वावलम्बी, सुरक्षित परिवेश, आत्मरक्षा के प्रति निरन्तर महत्वपूर्ण जानकारियाँ देकर जागरुक किया जा रहा है। रविवार को जनपद के प्रत्येक थानों पर गठित की गयी विशेष सुरक्षा दल, एंटी रोमियों स्क्वाड द्वारा माहिला अपराधों एवं मिशनशक्ति के अन्तर्गत महिलाओं को स्वावलम्बी, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा की कला पैदा करने के लिए महिला हेल्पलाइन-1090, यूपी-112, 181 तथा कानून की धाराएं जैसे- बाल संरक्षण अधिनिमय, छेड़छाड़ आदि एवं उनके अधिकारों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक करने के साथ साथ बालकोंध्नवयुवकों आदि के साथ मीटिंग कर अपराधों से दूर रहने तथा अपने आसपास तथा समाज में स्वच्छ वातावरण बनाने हेतु प्रेरित किया गया तथा अपने गांव की महिलाओं बच्चियों की सुरक्षा के संबंध में अवगत कराते हुए उनकी सुरक्षा की जिम्मेदार नागरिक बनने के सम्बन्ध में गाँव गाँव गली मोहल्लों के घर-घर जाकर महिलाओं को जागरुक किया गया। जनपद के समस्त थानों पर महिलाओं की सहायता हेतु स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी ।

# समाधान दिवस के दौरान दर्ज करायी गयीं पांच शिकायतें

## तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



यहां कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान पांच शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से तीन शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सीओ अफजलगढ़ शुभ सुचित के मुताबिक समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा पांच शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतें सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं।

कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह के अलावा एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार, प्रधान कैलाशचंद चैधरी, मेहर आलम एडवोकेट, सहित कानूनगो अफजलगढ़ नरेन्द्र कुमार, कानूनगो सुआवाला सतीश प्रकाश, लेखपाल बेनीराम सिंह, शीशराम सिंह, रोहिताश चैहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह, अंशारूलहक, अनुरूद्ध, गौरव चैहान, कश्मीर सिंह राणा, ऋषिपाल सिंह, पप्पू शाह, नगेन्द्र सिंह, आसाराम सिंह, सौरभ चैहान तथा संजीव कुमार सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

# रामपुर में घनश्याम ने लहराया भगवा

लखनऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता आजम खान के घर में ही उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करारी शिकस्त दी है। भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी ने सपा के आसिम राजा को करीब 38 हजार वोटों से पराजित किया है। हालांकि चुनाव आयोग से घोषणा होना बाकी है। यह तब हुआ है, जब आजम खान ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को रामपुर में प्रचार करने से मना किया था। आजम ने वादा किया था कि वह रामपुर संसदीय सीट पार्टी को जीत कर देंगे। वह ऐसा कर पाने में बुरी तरह असफल रहे।

2024 से पहले उप्र में हुए लोकसभा उपचुनाव को सेमी फाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। रामपुर में भाजपा को मिली जीत आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए अच्छे संकेत हैं। आजमगढ़ सीट पर भाजपा और सपा में कड़ी टक्कर मानी जा रही थी। कयास लगाए जा रहे थे कि निरहुआ आजमगढ़ में सीट निकाल सकते हैं जबकि, रामपुर में सपा के लिए लोग एकतरफा जीत का दावा कर रहे थे। मतगणना के दौरान इसके उलट स्थिति देखने को मिली। रामपुर में घनश्याम लोधी ने एक बार बढ़त बनाई तो पलट कर नहीं देखे। रामपुर में कमल खिलने से भाजपा के खेमे में खुशी की लहर है। सपा के कद्दावर नेता आजम खान का किला ढह गया है। भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी ने चुनाव जीत लिया है। परिणाम आने के साथ ही यह चर्चा शुरू हो गयी है कि आजम अपने घनश्याम से शिकस्त खा गए। घनश्याम कभी आजम के बेहद करीबी हुआ करते थे। आजम के दाहिने हाथ के तौर पर वह उनकी सियासी ट्रेन दौड़ाया करते थे।

भाजपा ने घनश्याम को ही टिकट दे दिया। घनश्याम को आजम के सारे दांव-पेंच पता थे। लिहाजा आजम की कोई भी चाल इस बार घनश्याम के सामने नहीं चल पाई और भाजपा को जीत मिल गई। इसके साथ ही आजम पर सियासी संकट मंडराने लगा है। रामपुर से पहले पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस जीतती रही। पहली बार 1977 में गैर कांग्रेसी दल जनता पार्टी का कब्जा हुआ। 1952 में रामपुर संसदीय सीट से पहला चुनाव कांग्रेस के कद्दावर नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद जीते। 1957 और 1962 में भी कांग्रेस के उम्मीदवार क्रमशः अहमद मेहंदी और जुल्फिकार अली खान को जीत मिली। जुल्फिकार अली खान ने 1971 के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में सफल रहे।

पहली बार गैर कांग्रेसी दल से 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी के राजेंद्र कुमार शर्मा जीते। 1980, 1984 और 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जुल्फिकार अली खान को लगातार इस सीट पर जीत मिली। 1991 में रामपुर सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र कुमार शर्मा एक बार फिर चुनाव जीते। 1996 में फिर से कांग्रेस की उम्मीदवार बेगम नूर बानो ने बाजी मारी। 1998 में भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी को जीत मिली। 1999 में फिर से बेगम नूर बानो ने कांग्रेस को जीत दिलाई। 2004 और 2009 समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार जयाप्रदा ने रामपुर सीट से जीत दर्ज की। 2014 में मोदी लहर में भाजपा के डॉक्टर नेपाल सिंह इस सीट पर जीते लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के आजम खान ने जीत दर्ज की। 2022 के उपचुनाव में भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी ने बाजी मारी है।



फाइल फोटो

**चुनाव**

- भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने सपा को दी करारी शिकस्त

## भाजपा की जीत पर मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य की रामपुर लोक सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार घनश्याम कोरी की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। रामपुर सीट पर मतगणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी घनश्याम कोरी ने दोपहर बाद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार आसिम रजा से 42 हजार से अधिक मत की निर्णायक बढ़त बना ली थी। हालांकि चुनाव आयोग ने अभी इस सीट पर चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। योगी ने ट्वीट कर अपने बधाई संदेश में कहा, रामपुर लोक सभा सीट पर उप चुनाव में मिली विजय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में जन-कल्याणकारी नीतियों पर डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रति आमजन के विश्वास की मुहर है। उन्होंने रामपुर की जनता का आभार प्रकट करते हुए एक अन्य ट्वीट में कहा, यह विजय भाजपा के यशस्वी नेतृत्व तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा स्थापित सुशासन का सुफल है। रामपुर की जनता का हृदय की गहराइयों से आभार। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने भी ट्वीट कर रामपुर सीट पर पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रामपुर लोक सभा सीट 37 हजार से अधिक वोट से जीत कर इतिहास रच दिया है। आजमगढ़ सीट पर भी भाजपा जीत के करीब है। संतोष ने कहा कि यह परिणाम सांप्रदायिक, विभाजनकारी और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति के लिये खतरे की घंटी है।

# कॉलेज की दीवार गिराने के आरोप में सपा विधायक पर मामला दर्ज

प्रतापगढ़, एजेंसी

प्रतापगढ़ जिले की कंधई थाना पुलिस ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के शिवसत गांव में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज की दीवार गिराने के आरोप में समाजवादी पार्टी के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा समेत छह नामजद और 40 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सतपाल अंतिल ने रविवार को यह जानकारी दी। अंतिल ने बताया कि निर्माणाधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की कार्यदायी संस्था अमरोट्रांस इंफ्राटेक प्रा.लि. के परियोजना प्रबंधक मोहम्मद इरशाद की तहरीर पर विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ कॉलेज की निर्माणाधीन दीवार गिराने के आरोप में शनिवार देर रात संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

मोहम्मद इरशाद ने दी गयी तहरीर में आरोपित किया है कि निर्माणधीन राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में विधायक डॉक्टर आरके वर्मा और उनके 40-50 समर्थक, जिसमें वीएल पटेल, दिनेश पटेल, दिनेश सिंह, योगेश और मोनू शामिल हैं, गाड़ियों से आए। तहरीर के मुताबिक उस दिन चिनाई की गयी दीवार को गिराने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। इरशाद ने आरोप लगाया कि उन लोगों ने मना करने पर गाली गलौज और मारने की धमकी भी दी। पुलिस के मुताबिक विधायक और उनके समर्थकों ने सरकारी कार्य में बाधा डालकर शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई है। गौरतलब है कि निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण में घोर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रानीगंज से सपा विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि यहां कॉलेज नहीं, बल्कि कब्रगाह का निर्माण हो रहा है। वर्मा ने शुक्रवार को निर्माणाधीन कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद कहा कि वह बेलखरनाथ धाम में सामूहिक विवाह में शामिल होने जा रहे थे, तभी क्षेत्र के लोगों ने शिवसत गांव में निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज एवं अस्पताल की निर्माण सामग्री को लेकर शिकायत की और निरीक्षण करने का अनुरोध किया।

## संक्षिप्त खबरें

### उप्र : शराबी प्रवृत्ति के युवक ने दादा-दादी की हत्या की

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के एक गांव में शराबी प्रवृत्ति के पौत्र द्वारा कथित तौर पर अपने दादा-दादी की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुजुर्ग दंपति के शवों को सड़ी-गली हालत में बरामद किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, दामरी गांव में बुजुर्ग दंपति के शव सड़ी-गली अवस्था में अलग-अलग बंद मकानों में मिले हैं और उनकी शिनाख्त प्रेमशंकर (65) व उनकी पत्नी भगवानदेई (60) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ग्रामीण सिद्धार्थ वर्मा के अनुसार, मृतक दंपति के मंझले पुत्र गेंदनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में दिल्ली में मजदूरी करने वाले अपने बड़े भाई रामपाल के बेटे हिमेश पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंमने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में टीम लगा दी है। वर्मा के मुताबिक, प्रेमशंकर के तीन पुत्रों में से दो रामपाल व इंद्रपाल दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि मंझला बेटा गेंदनलाल गांव में ही नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि 22 जून को गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुजुर्ग दंपति दिल्ली से गांव आए थे, लेकिन दावत के बाद प्रेमशंकर और भगवानदेई गांव में किसी को भी नहीं दिखाई दिए।

### मुजफ्फरनगर में किसान की गोली मारकर हत्या, किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना में बस अड्डे के पास एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार की रात हुई जब अज्ञात बदमाशों ने बस अड्डे के पास किसान सत्येंद्र कुमार (42) की गोली मारकर हत्या कर दी। फुगाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शरद चंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्यारों की तलाश की जा रही है। इस बीच, ग्रामीणों ने घटना का विरोध किया और त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर फुगाना में मेरठ-करनाल मार्ग को जाम कर दिया।

## व्यापारियों को ब्लैकमेल करने के आरोप में महिला सिपाही, होमगार्ड गिरफ्तार

**कानपुर।** एडीसीपी कार्यालय में तैनात एक महिला सब-इंस्पेक्टर (एसआई), एक होमगार्ड और एक अन्य व्यक्ति को कानपुर में दो व्यापारियों को ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों ने जालौन के दो व्यापारियों को वेश्याओं के साथ पकड़े जाने पर धमकी देकर उनसे रंगदारी वसूलने का प्रयास किया था। अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के तहत दो व्यापारियों को भी गिरफ्तार किया गया और उन पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, एसआई ने कोतवाली थाने में तैनात होमगार्ड के साथ मिलकर देह व्यापार रैकेट की सूचना पर पनकी के एक घर में छापा मारा था, जहां उन्होंने दो कारोबारियों को पकड़कर बंधक बना लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसआई ने करीब तीन घंटे तक व्यवसायियों को अपनी कार में बंधक बनाकर रखा और उनकी रिहाई के लिए 15 लाख रुपये की मांग को लेकर शहर में घूमते रहे। हालांकि, दोनों व्यवसायी खुद को मुक्त करने में कामयाब रहे और पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीणा से मिले और उन्हें घटना से अवगत कराया।

# नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ लें: आस मोहम्मद

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने सभी जनता से अपील की और जागरूक करते हुए बताया आइए हम सब मिलकर अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ लें और नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से समाज में लोगों को जागरूक करें और लोगों को बताना होगा की नशे के कारण ही आए दिन घर-घर में लड़ाई झगड़े और जघन्य अपराध जैसी घटनाएं भी नशे की लत के कारण घटित हो रही हैं और हमें लोगों को अवगत कराना होगा की इस नशे की लत के कारण ही परिवार टूटते जा रहे हैं।

गृह क्लेश बढ़ते जा रहे हैं और आए दिन पति पत्नी के विवाद और ना जाने समाज में कितने अपराध इस नशे की लत के कारण ही घटित हो रहे हैं नशा एक ऐसी बीमारी है जोकि हमारे शरीर को दिन पर दिन कम करती जाती है इसलिए हमें नशा नहीं करना चाहिए समिति के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया के समिति हर सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है और एकता भाईचारे के प्रति जानकारी हमें समाज में भाईचारा बनाए रखना चाहिए एक दूसरे की मदद करना चाहिए और लोगों को बुरी लतों से दूर रहना चाहिए।




**नशा निरोधक दिवस**

- नशा एक ऐसी बीमारी है जोकि हमारे शरीर को दिन पर दिन कम करती जाती है

## बच्चे के बयान से मां की हत्या में पुलिस ने पिता को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** चार साल के बेटे के बयान के आधार पर पत्नी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुई है। दुबग्गा थाना प्रभारी (एसएचओ) अनिल प्रकाश सिंह ने कहा कि आरोपी रिंकू गौतम ने पुलिस को फोन किया और उन्हें बताया कि उसकी पत्नी बृजेश कुमारी की मौत उसके कमरे में पंखे से लटककर हुई है। बाद में, उनके ससुर लतोरी राम ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें दावा किया गया कि गौतम ने उनकी बेटी को प्रताड़ित किया और उसकी हत्या कर दी क्योंकि वह उसकी दहेज की मांग को पूरा नहीं कर सकी। दोनों की शादी सात साल पहले हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से लटका पाया। रविवार को एसएचओ ने कहा, गौतम के बेटे ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि पापा ने मम्मी को सोफे पर धक्का दिया, थप्पड़ मारा और जोर से गर्दन को पकड़ लिया। मम्मी की सांस फूल रही थी और फिर पापा ने उनकी गर्दन को किसी में बांधकर छत से लटका दिया।

# थाना नखासा पुलिस ने 3 अभियुक्तों को भेजा जेल

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

संभल थाना नखासा पुलिस को मिली सफलता थाना नकाशा प्रभारी सत्येंद्र पवार ने मय पुलिस टीम के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार अभियुक्त हफीज पुत्र हिफजुर्रहमान उर्फ मुन्ने नि0 मौ0 पजाया दीपासराय थाना नखासा जनपद सम्भल तथा सह अभियुक्त शाहबेज पुत्र मौ0 मिया नि0 मौ0 गैरतपुरा दीपासराय थाना नखासा जनपद सम्भल, जहाँगीर पुत्र सगीर नि0 मौ0 गैरतपुरा दीपासराय थाना नखासा जनपद सम्भल, - हिलाल पुत्र अखलाक हुसैन नि0 मौ0 शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल, फरहाद पुत्र बदरूज्जमा नि0 मौ0 गैरतपुरा दीपासराय थाना नखासा जनपद सम्भल, जफर पुत्र अब्दुल खालिद नि0 मौ0 शहबाजपुरा खुर्द थाना नखासा जनपद सम्भल जिसमे उक्त गैंग में हफीज उपरोक्त गैंगलीडर है तथा आईपीएल माफिया है, अभियुक्त शाहबेज, जहाँगीर, हिलाल, फरहाद, जफर उपरोक्त सक्रिय सदस्य है। इनके द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर अपने व अपने परिवार के आर्थिक व भौतिक व दुनियावी लाभ अर्जित करने के लिये जुआं खेलकर अपने व अपने परिवार के लिये अवैध रूप से धन अर्जित किया जाता है।

अपराध करने की ओर अग्रसर है उक्त सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 290/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत किया गया था, आज दिनांक 26.06.2022 को थाना नखासा पुलिस टीम द्वारा - जहाँगीर पुत्र सगीर नि0 मौ0 गैरतपुरा दीपासराय थाना नखासा जनपद सम्भल, हिलाल पुत्र अखलाक हुसैन नि0 मौ0 शहबाजपुरा थाना नखासा जनपद सम्भल, जफर पुत्र अब्दुल खालिद नि0 मौ0 शहबाजपुरा खुर्द थाना नखासा जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## प्रेम प्रसंग में प्रेमिका की हत्या करने वाला प्रेमी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बढ़ापुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार हरपाल निवासी मौ0 नौमी कस्बा व थाना बढापुर जनपद बिजनौर द्वारा थाना बढ़ापुर पर सूचना दी कि 4 जून 22 को उसकी पुत्री ज्योति उम्र 19 वर्ष धामपुर आर एस एम स्कूल के लिये कह कर गयी थी जो वापस नहीं आयी सूचना पर थाना बढ़ापुर में गुमशुदगी दर्ज की गयी। एसपी ने थाना बढ़ापुर पुलिस को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में पुलिस द्वारा की गयी जांच में प्रवीन पुत्र प्रताप सिहं निवासी जाफ्तानगर थाना रेहड़ (उम्र 21 वर्ष, जाति गडरिया) को हिरासत में लेकर की गयी पूछताछ में गुमशुदा ज्योति उपरोक्त का शव जंगल ग्राम अठरावली में नाले से बरामद हुआ। इस सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना बढ़ापुर पर मु0अ0सं0 131/22 धारा 302/201 भादवि0 पंजीकृत किया गया। थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा अभि0 सलेन्द्र उर्फ प्रवीन पुत्र प्रताप सिहं निवासी ग्र्राम जाब्तानगर उर्फ अठवारीवाला थाना रेहड जनपद बिजनौर को थाना बढापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# ग्राम प्रधान की सरपरस्ती में चल रहा अवैध खनन



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

संभल में खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद है की धरती का सीना चीर कर उपजाऊ भूमि को बंजर बनाया जा रहा है सभी नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ निडर होकर एवं प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के टांडा बेला मलक नवादा में अबैध खनन से भरे ट्रैक्टर ट्राली दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा खनन अधिकारी को आदेशित किया गया था जनपद में किसी भी दशा में अबैध खनन न किया जाए और यदि खनन माफिया खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं तो इनके खिलाफ 24 घंटे के अंदर एफ आई आर दर्ज कराई जाए सवाल यह उठता है कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं संभल में खनन का कारोबार जोरों पर फल फूल रहा है। देखना है कि जिला प्रशासन एवं खनन अधिकारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है या फिर अवैध कारोबार ग्राम प्रधान की सरपरस्ती जनपद में ऐसे ही चलता रहेगा।

# तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान जारी रहेगा: जिला विद्यालय निरीक्षक

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री, प्रवक्ता एवं जिला संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी, प्रदेशीय मंत्री श्री नरेंद्र कुमार वर्मा, जिला मंत्री श्री महेश चंद्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 अमरकांत सिंह से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर तदर्थ शिक्षकों के जून मास के वेतन भुगतान के संबंध में शिक्षा निदेशक से की गई जिज्ञासा के संबंध में वार्ता की।

वार्ता में जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिज्ञासा के कारण तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं रोका जाएगा। उन्होंने जिला संगठन के तर्क को मानते यह भी आश्वस्त किया कि जब तक शासन या शिक्षा निदेशक स्तर से वेतन भुगतान रोके जाने के स्पष्ट निर्देश नहीं मिल जाते हैं तब तक तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान जारी रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सिंह ने वेतन बिल तथा भुगतान आदि का कार्य देख रहे कार्यालय सहायक सर्वेश निगम को बुलाकर उन्हें भी स्पष्ट निर्देश दिए। इसके पूर्व दिनांक 24 जून, 2022 को शिक्षक विधायक माननीय सुरेश कुमार त्रिपाठी ने तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान के संबंध में अपर मुख्य सचिव (माध्यमिक शिक्षा) आराधना शुक्ला से वार्ता की। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उन्होंने तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान रोके जाने का कोई आदेश नहीं दिया है। माननीय त्रिपाठी जी ने उसके पश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रतापगढ़ एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ से तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान को बाधित न किए जाने के संबंध में वार्ता की।



- तदर्थ शिक्षकों के जून मास के वेतन भुगतान के संबंध में शिक्षा निदेशक से की गई वार्ता

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भारत की बैठक आयोजित

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत की बैठक में वर्ष 2022 के सम्मानों की घोषणा 24 जुलाई को जबकि समिति का 34 वां स्थापना दिवस समारोह तीन जुलाई को करने का निर्णय लिया गया। नगर के आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि समिति का 34 वां स्थापना दिवस समारोह तीन जुलाई को सायं चार बजे से महरिशी महर्षि दयानंद जूनियर हाईस्कूल आर्य समाज मंदिर सम्भल में मनाया जाएगा। जिसकी व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी के नेतृत्व में चार सदस्यीय एक उपसमिति का गठन किया गया। जबकि वर्ष 2022 के प्रदेश गौरव, समाज गौरव, सरस्वती, साहित्य रत्न, हिन्दी गौरव, कर्तव्यनिष्ठ, शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ, डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिभा सम्मान, साबित्री बाई फूले, नन्ही देवी रामस्वरूप, सजग प्रहरी, सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन,हम्माद अहमद मेमोरियल अवॉर्ड, सम्भल गौरव, समेत सभी सम्मानों की घोषणा 24 जुलाई को होने वाली सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति की बैठक में घोषणा की जायेगी। सम्मानों के चयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम की अध्यक्षता में एक उपसमिति का गठन किया गया।



# मंदिरों का जीर्णोद्धार करके संभल को बनाए पर्यटन स्थल

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

कैला देवी धाम में हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित धर्म सभा में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, मठ मंदिरों के साधु-संत- महंत, पुजारी पंडित जन ने भाग लेकर सामूहिक रूप से संभल को पर्यटन स्थल बनाने का संकल्प लिया। मंदिरों के जीर्णोद्धार कराने का तथा सभी सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत समाज को लाभ दिलाने की बात कही गई। धर्म सभा का प्रारंभ कैला देवी धाम के महंत श्री ऋषि राज गिरी, उदयवीर सिंह, अनंत कुमार अग्रवाल, अजय गुप्ता सर्राफ, अजीत पाल सिंह यादव ने कैला देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके तथा पूजन अर्चन कर के किया।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। मां कैला देवी की जय जयकार भारत माता की जय जय कार के साथ प्रारंभ हुई धर्मसभा में अपनी बात रखते हुए हिंदू जागृति मंच के प्रांतीय कार्य अध्यक्ष अजय गुप्ता सर्राफ ने कहा कि सभी संतों महात्माओं का कल्याण हो इसके लिए हिंदू जागृति मंच सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मठ मंदिरों तक पहुंचाने तथा मंदिरों के द्वारा समाज तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करता रहेगा। मंडल अध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने प्रत्येक मठ मंदिर में संध्या वंदन आरती का समय निर्धारित करने को कहा और सुझाव दिया कि सभी मंदिरों में नित्य प्रति समाज को एकत्र कर संध्या वंदन आरती निश्चित समय पर होनी चाहिए। इसमें सभी मठाधीश, संत और पुजारी सक्रिय भूमिका निभाएं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदयवीर सिंह ने प्रस्ताव रखा कि संभल के सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए साथ ही संभल में 68 तीर्थ 19 कूपों का जीर्णोद्धार करने के लिए भगवान श्री कल्कि विष्णु की अवतार स्थली संभल का सम्मान बढ़ाने के लिए सरकार को पर्यटन स्थल घोषित करना चाहिए और इसके लिए समस्त हिंदू समाज मांग करता है। प्रस्ताव के पक्ष में कल्कि भगवान की जय जयकार के साथ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके कहा कि प्रत्येक मठ की ओर से प्रत्येक मंदिर की ओर से और सभी संगठन पर्यटन स्थल बनाने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार से पुरजोर मांग करेंगे।

समाजसेवी अजीत पाल सिंह यादव ने ऐसा हिंदू समाज बनाने का आह्वान किया जिसमें छुआछूत, छोटा बड़ा, अमीर गरीब का भेद खत्म हो और सभी भाईचारे की भावना के साथ परस्पर एक दूसरे के दुख सुख में काम आएं। भाजपा नेता हरेंद्र सिंह चौधरी ने धर्म सभा आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि शहर शहर में मंदिर मंदिर धर्म सभाएं आयोजित होती रहनी चाहिए यह सिलसिला कभी थमना नहीं चाहिए और समाज जागरण तथा अपने मान बिंदुओं की रक्षा का और उनके सम्मान का संकल्प लेना चाहिए। गवां नगर पंचायत के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने हिंदू समाज में आई कुरीतियों को दूर करने ,आपसी मेलजोल बढ़ाने जातिभेद को खत्म करने तथा भारतीय संस्कृति के मान बिंदुओं का सम्मान करने के लिए मंदिरों को मठों को आगे आना चाहिए।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए समारोह अध्यक्ष एवं कैला देवी धाम के महंत ऋषि राज गिरी ने कहा कि भगवान श्री कल्कि विष्णु के अवतार स्थली संभल जहां देव निर्मित 68 तीर्थ 19 कूप हैं। ऐसे संपूर्ण विश्व में कहीं दूसरा कोई स्थल नहीं है। ऐसे पवित्र धाम को हर कीमत पर पर्यटन स्थल घोषित कराया जाएगा। जिससे सभी मंदिरों के रास्ते सुंदर बनें। उनका जीर्णोद्धार हो और सभी 68 तीर्थ कब्जा मुक्त हों इसके अलावा संभल क्षेत्र में कैला देवी धाम के निकट मेडिकल कॉलेज सहित वह सभी कार्य कराए जाएंगे जो प्रदेश सरकार से संभव हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की नजर कैला देवी क्षेत्र पर और संभल पर विशेष रूप से है।




## यूपी : भातखंडे राज्य सांस्कृतिक विश्वविद्यालय 3 और विभागों को जोड़ेगा

**लखनऊ।** भातखंडे राज्य सांस्कृतिक विश्वविद्यालय (बीएससीयू) इस सत्र से तीन नए विभागों को जोड़ने की योजना बना रहा है। साथ ही जो छात्र कला में रुचि रखते हैं और डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहते हैं तो उनके लिए कला विभाग को बढ़ाने की योजना बनाई जाएगी। विश्वविद्यालय जुलाई से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र 2022-23 से 87 पाठ्यक्रम शुरू करेगा। तीन नए कला के विभाग हैं, जिसमें भारतीय इतिहास की संस्कृति, बुद्ध और जैन का अध्ययन हैं। इनका संचालन विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, भारतेंदु नाट्य अकादमी, राज्य ललित कला अकादमी, जैन अनुसंधान संस्थान, बुद्ध अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय कथक संस्थान, संत कबीर अकादमी और अयोध्या शोध संस्थान जैसे स्वायत्त सांस्कृतिक संस्थानों के सहयोग से किया जाएगा। पाठ्यक्रमों की अवधि एक से पांच वर्ष तक की होगी।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सम्मान करके इमरजेंसी का किया विरोध

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

सन 1977 में लगी इमरजेंसी का विरोध करते हुए इमरजेंसी के दंश को झेलने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने सम्मान किया। हिंदू जागृति मंच के कार्यकताओं ने नगर क्षेत्र के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के घर जा जाकर उन्हें भगवा पगड़ी पहनाकर शॉल उड़ाकर हार्दिक स्वागत किया।

इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि इमरजेंसी अर्थात आपातकाल का दौर सर्वाधिक बुरा दौर था। लोगों ने अपनी ही परछाई से डरना शुरू कर दिया था। बिना अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया था ऐसे में आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। अजय कुमार शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन में आपातकाल की घोषणा को सर्वाधिक दुर्दिन के रूप में याद किया जाता रहेगा। उन्होंने आपातकाल में सरकार से विरोध करते हुए जेलों में अपना लंबा समय काटने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के घर जाकर उनका स्वागत करना अपने कर्तव्य का निर्वहन करने जैसा बताया। भाजपा नेता विजय प्रकाश त्यागी तथा समाजसेवी चौधरी महिपाल सिंह को सम्मानित किया गया।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी चौधरी महीपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार एक घमंडी सरकार रही। जितनी ताकत का दुरुपयोग कांग्रेस सरकार ने किया उतना किसी और सरकार ने कभी नहीं किया।

उन्होंने इमरजेंसी के दौर को याद करते हुए देश में अब तक का सबसे बुरा दौर बताया। प्रभु से प्रार्थना की कि आपातकाल इस देश में आगे कभी किसी को देखने को ना मिले। इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, विष्णु कुमार, अनंत कुमार अग्रवाल, अजय गुप्ता सर्राफ, संतोष कुमार गुप्ता आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, सोमवार, 27 जून, 2022



# हरियाणा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री की नई पहल

**करनाल, प्रात : किरण संवाददाता**



करनाल हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने की कड़ी में एक ओर पहल करते हुए प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए देसी गाय की खरीद पर 25 हजार रुपए तक की सब्सिडी देने व प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम किसानों को निशुल्क देने की घोषणा की। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती का मूल उद्देश्य खान-पान को बदलना है, इसके लिए हमें खाद्यान ही औषधी की धारना को अपनाना होगा। प्राकृतिक खेती ही इसका एकमात्र रास्ता है। प्रदेश के 50 हजार एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है, लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए हर खंड स्तर पर एक प्रदर्शनी खेत में प्राकृतिक खेती करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री आज करनाल के डॉ० मंगलसैन ऑडोटोरियम हॉल में प्राकृतिक खेती पर आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने 20-22 कृषि विशेषज्ञों से सीधा संवाद किया और प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के टिप्स दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले पोर्टल पर रजिस्ट्रड 2 से 5 एकड़ भूमि वाले किसानों को देसी गाय खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार की कृषि तकनीक प्रबंधन एजेंसी( आत्मा) से जुड़े तकनीकी सहायक प्रबंधक, ब्लॉक तकनीकी सहायक प्रबंधक व उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषि विभाग की आत्मा योजना सही मायने में रासायनिक खादों के अंधाधुंध उपयोगों से हमारे खेतों में पैदा हो रहे जहरीले खाद्यानों को ठीक करने के लिए एक आवाज है।

**प्रगतिशील किसान अब कहलाएंगे प्रकृतिशील किसान :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ब्लॉक में एक प्रदर्शन प्लांट अवश्य बनाया जाए ताकि उस खंड के किसान उसका आसानी से लाभ उठा सके। ब्लॉक स्तर पर 50 से ज्यादा प्रगतिशील किसान प्रशिक्षित किये जाएं। इस प्रकार प्रदेशभर में ज्यादा से ज्यादा प्रगतिशील किसान तैयार किये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसान अब कहलाएंगे प्रकृतिशील किसान, क्योंकि प्राकृतिक खेती प्रकृति के नियमों के अनुसार की जानी है, जिससे हम अतीत में दूर हो गए थे। उन्होंने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की सराहना की, जिन्होंने प्राकृतिक खेती का प्रारूप देश के प्रधानमंत्री के समक्ष रखा है और गुरूकुल कुरूक्षेत्र में प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण संस्थान के लिए जमीन उपलब्ध करवाई है।

**700 कृषि विकास अधिकारियों की होगी भर्ती: जेपी दलाल**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सदैव किसान हित के बारे में सोचते है तथा किस प्रकार प्रदेश का किसान समृद्ध हो, सक्षम हो और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने 700 कृषि विकास अधिकारियों के पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की है तथा शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम भी मुख्यमंत्री की प्रेरणा से ही संभव हुआ है और यह विभाग की नई-नई योजनाओं का नवांचार है और यह विभाग किसानों के लिए समर्पित होकर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि अपनाने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी और लागत भी बहुत कम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पानी बचाने के लिए मेरा पानी-मेरी विरासत तथा किसानों के उत्पाद का पूरा दाम मिले इसके लिए भावांतर भरपाई जैसी योजनाएं लागू की है। बाजारा किसानों को 450 करोड़ रुपए का लाभ दिया है। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ हरदीप सिंह व उद्यान विभाग के महानिदेशक डा० अर्जुन सैनी ने भी विभागीय गतिविधियों बारे अवगत करवाया। इस मौके पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, मेयर रेनू बाला गुप्ता, बीजेपी के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आंनद, उपायुक्त अनीश यादव, एसपी गंगाराम पुनिया, पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क, कृषि उप-निदेशक डॉ० आदित्य डबास सहित वरिष्ठ अधिकारी व पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनाव में हुई जीत को लेकर दो पक्षों चले लाठी डंडे

सोहना। सोहना बीते 22 जून को चुनाव में हुई जीत को लेकर वार्ड नंबर 20 सांप की नंगली में दो पक्षों में लाठी डंडों से हमला बोल दिया था। जहां एक पक्ष की 4 से महिलाए घायल हो गई वही दूसरे पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमे एक पक्ष की महिला ने दूसरे पक्ष के दर्जन भर नामजद व 40,50 अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और छेड़ खानी सहित कपड़े फाड़ने के आरोप लगाने का मामला दर्ज कराया है वहीं तीन तोले की चेन भी गिर गई। आरोपियों में मुकेश, लोकेश, ललित, रूपेश, जनक, नितेश, योगेश, दिनेश, निक्की, राहुल, नरेंद्र, हितेश शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पंकज देवतवाल ने महावीर पुत्र मोहर सिंह सहित महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसमे बताया कि 22 जून को चुनाव जीतने पर 300 लोग मंदिर पर जा रहे थे। जहां 50 औरतों ने पथराव कर दिया। जहां हमारी महिलाओं के कुंडल चेन छीन लिए। और दो लोग घायल हों गए। वहीं मामले को लेकर एडिशनल थाना प्रभारी रज्जाक खान का कहना है दोनो पक्षों की ओर से शिकायत मिली है मामला दर्ज कर दोनों पक्षों को थाने बुलाया है।

### अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

सोहना। सोहना केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना के लिए लाई गई अग्निपथ योजना के विरोध मे आज 27 जून सोमवार सुबह 10:00 बजे सोहना अनाज मंडी मे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज , ओ बी सी मोर्चा के पहलवान सतबीर खटाना ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। जितेंद्र भारद्वाज ने बताया की पूरे प्रदेश में पूर्व मुख्य मंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया जायेगा। जो सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जारी रहेगा। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के युवाओं को सेना में केवल 4 साल की नौकरी लगाकर सेना को निजी हाथों में सौपना चाहती है। ये युवाओं के साथ भद्दा मजाक है। देश के युवाओं के साथ ये नही होने दिया जाएगा। सरकार ने किसानों के साथ भी ऐसा भद्दा मजाक किया था जहां सेकडो किसानों ने आंदोलन रत अपनी जान गवाई वहीं अब सेना में 4 साल की भर्ती के चलते देश के कई युवाओं ने अपनी जान गवाई है। सरकार को किसान बिल वापिस लेने और झुकना पड़ा वहीं अब फिर से देश के युवाओं के आगे झुकना पड़ेगा और नियमित सेना में भर्ती करनी पड़ेगी।

### कुटेल गांव में मामा के पास रह रहा भांजा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

घरौंडा। कुटेल गांव में अपने मामा के पास रह रहा एक भांजा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। आसपास तलाश करने के बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गांव कुटेल निवासी बलविंद्र कुमार ने शिकायत में बताया है कि उसका भांजा शुभम पुत्र राजबीर निवासी मुदड़ी करीब 10 सालों से उसके पास रह रहा है। शुभम हीरो फाइनकोर्प कंपनी में काम करता है। बीती 24 जून को वह अपने काम के लिए चला गया था लेकिन देर शाम तक भी वापिस नहीं आया।

# इंस्पेक्टर सविता की टीम ने के.एल.जी सोसाइटी में लोगों को किया जागरूक

**फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा दिए गए दिशा निदेशों पर लोगों को नशा के प्रति जागरूक करने के अभियान के तहत एसएचओ बीपीटीपी इंस्पेक्टर अर्जुन देव, सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता टीम के साथ केएलजे सोसाइटी में पहुंचकर डीके और पीके सोसाइटी प्रधान के साथ मिलकर लोगों को नशा के प्रति जागरूक किया है। एसएचओ बीपीटीपी और सीनियर सिटीजन सेल की टीम ने केएलजे सोसाइटी में एक सभा का आयोजन कर लोगों को समाज में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया की आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। जानकारों की मानें तो पूर्व में भी नशा किया जाता था। हालांकि, इसका उद्देश्य समाज को दूषित करना कतई नहीं था, लेकिन आजकल नशा की परिभाषा बदल गई है। आजकल बच्चे-बड़े सभी नशे करते हैं। बच्चे तो कई प्रकार के नशा करने लगे हैं, जिनमें शराब, ड्रग्स और हेरोइन शामिल हैं। बच्चों का नशे में रहना गंभीर चिंता का विषय है। बच्चों के हाथ में देश का भविष्य होता है। इससे आने वाली पीढ़ी पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके साथ ही खपत अधिक होने से अवैध तस्करी भी जमकर हो रही है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत पुलिस की गाड़ी विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक करेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। नशा करने से न केवल धन की क्षति होती है, बल्कि कई बीमारियाँ भी घर कर जाती हैं। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए बच्चों के माता-पिता से भी अपील है कि अपने बच्चों का ध्यान रखें और उन्हें गलत संगत में पड़ने से बचाएं। साथ ही युवा नशे को छोड़कर अपनी उर्जा को अच्छी दिशा में लगाएं ताकि आप और आपके परिवार की खुशियां सलामत रहे। नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को टोल फ्री नंबर पर देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# फरीदाबाद में पहली बार हुआ ग्रैंड डांस कॉम्पिटिशन

**फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



एनसीआर इंफोटेनमेंट, ब्रेक लैस द आर्ट वर्ल्ड और आईसीएआई फरीदाबाद ब्रांच ने हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डांस धमाल 2022 का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि सीए संजय अग्रवाल और विशिष्ठ अतिथि राजेंद्र भाटी, विनय गोयल, प्रताप चौधरी, एकता रमन और आईसीएआई के चेयरमैन सीऐ हर्ष मित्तल ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की। कोरोना काल के बाद फरीदाबाद में पहली बार एक ग्रांड डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली एनसीआर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। एनसीआर इन्फोटेनमेंट इवेंट मैनेजमेंट कंपनी समय- समय पर कलाकारों को मंच देने का सकरात्मक प्रयास करता रहती है। डांस धमाल प्रतियोगिता में डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी डांसर्स की परफॉर्मेंस देख जज और ऑडियंस में पूरा जोश देखने को मिला। डांस धमाल ने वाकई में ही फरीदाबाद में धमाल मचा दिया। इसमें भाग लेने वाले सभी डांसर्स की परफॉर्मेंस अद्वितीय रही। कई प्रतिभागियों की परफॉर्मेंस को देखकर जनता और जजेस ने खड़े होकर तालियां बजाई। डांस धमाल में सोलो जूनियर, जूनियर, सोलो सीनियर, ग्रुप डांस और सुपर सीनियर कैटिगरी की प्रतिभागियों ने धमाल मचा दिया। आपको बता दें कि फरीदाबाद में पहली बार ऐसा हुआ है कि, 31 वर्ष की अधिक उम्र के डांसर्स ने भी भाग लिया। आईसीएआई के चेयरमैन हर्ष मित्तल ने कहा कि, हमारे यहां पर पहली बार इस तरह का सुंदर आयोजन हुआ है, उन्होंने एनसीआर इन्फोटेनमेंट से एकता रमन और प्रताप चौधरी का धन्यवाद करते कहा कि भविष्य में भी आईसीएआई फरीदाबाद ब्रांच साथ मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम करती रहेगी।

# मेरिट सूची में शामिल बच्चों को किया गया सम्मानित

**होडल, प्रात : किरण संवाददाता**



होडल ग्राम भुलवाना स्थित रामहेत कॉलोनी में बृजरज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का 10वीं 12वीं कक्षा में उत्तरनिय रिजल्ट आने पर स्कूल प्रबंधन व ग्राम भुलवाना पंचायत द्वारा फूल माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन बृजरज स्कूल के चेयरमैन मुकेश कुमार ने किया।

होडल ग्राम पंचायत भुलवाना सरपंच पति व समाजसेवी गोविंद राम ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैंने ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम में आए हुए सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया है और वह सम्मानित इसलिए किया है कि छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई हो सके। जिससे गांव के बच्चे का हौसला बढ़े और वह ज्यादा से ज्यादा पढ़कर कंपटीशन करें और अपने गांव स्कूल में अपने मां-बाप का नाम रोशन करें और उन्होंने यह भी कहा कि जब मैंने पिछली वर्ष छात्र छात्राओं को सम्मानित किया था तो लड़कों की संख्या कम थी जिसपर मेने लड़को को प्रोत्शाहित किया जिससे छात्रों ने प्रेरित होकर अब की बार गांव में लड़कों ने ज्यादा मेरिट व प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं और उन्होंने यह भी कहा कि शायद हरियाणा में कोई गांव होगा की जिसने मेरे गांव से ज्यादा बच्चों ने मेरिट ० प्रथम स्थान प्राप्त किया मेरे गांव में हरियाणा के अंदर सबसे ज्यादा बच्चों ने प्रथम स्थान व मेरिट प्राप्त किया और उन्होंने यह भी कहा कि जो बच्चा 95% प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर आएगा उसको ग्राम पंचायत द्वारा लैपटॉप दिया जाएगा और यह भी कहा कि मेरे परिवार का कोई सदस्य सरपंच रहे ना रहे मैं प्रति वर्ष बच्चों की हौसला अफजाई के लिए उन्हें सम्मानित करता रहूंगा इस मौके पर बृजराज स्कूल के चेयरमैन मुकेश कुमार तंवर स्कूल के प्रबंधन कमेटी के सलाहकार मास्टर खूबी राम ० स्कूल के प्रबंधन कमेटी की प्रधान शीला देवी ,पवन कुमार अध्यापक डायरेक्टर पवन कुमार सभी स्टाफ विशेष रूप से मौजूद रहे।

# लोकतंत्र का गला घोट रही भाजपा: कुमारी शैलजा

**गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता**

गुरुग्राम हरियाणा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा को सीडब्ल्यूसी मेंबर बनाए जाने के बाद कार्यकताओं द्वारा गुरुग्राम में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिस दौरान अन्ना हजारे की टीम के कई सदस्यों ने कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा के खिलाफ हर लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धर्मबीर गाबा,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर, राव कमल वीर, बलवान दौलतपुरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता समसुद्दीन, अन्ना हजारे टीम से पीएल कटारिया, प्रदीप जैलदार, कुलदीप कटारिया,सतबीर पहलवान,हिम्मत यादव व अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे,इस कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कुमारी शैलजा ने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली, कुमारी शैलजा ने कहा कि देश में हालात किस तरह बिगड़े हुए हैं यह सबके सामने है, भाजपा सिर्फ अपने राजनीतिक फायदों के लिए लोकतंत्र का गला घोटने में जुटी है, कुमारी शैलजा ने कहा कि जो भाजपा में शामिल हो जाए वह तो समझ लो तुरंत गंगा नहा कर आ गया है, लेकिन जो भाजपा की नीतियों का विरोध करता है वह समझ लो अपराधी है, भाजपा उसके पीछे ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसी लगाकर डराने धमकाने में जुट जाती है, कुमारी शैलजा ने कहा कि देश में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के साथ जिस तरह का रवैया भाजपा के शीर्ष नेताओं के इशारे पर ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों ने अपनाया है जनता सब देख रही है,कुमारी शैलजा ने कहा कि पूरे देश का युवा बेरोजगारी से कराह रहा है आम जनता महंगाई से मर रही है और भाजपा की केंद्र सरकार है कि युवाओं के साथ भद्दा मजाक करने में जुटी है, कुमारी शैलजा ने कहा कि भाजपा पहले वन रैंक वन पेंशन की बात करती थी, अब भाजपा नो रैंक नो पेंशन की बात कर रही है, पेंशन तो छोड़ो, नौकरी भी 4 साल की, इस सरकार के इस रवैया पर देश का युवा आखिर गुस्सा क्यों ना हो, युवा वर्ग उस समय रोड पर आने को, अपनी बात देश की हर जनता तक पहुंचाने के लिए तब तक मजबूर होता रहेगा, जब तक इस तरह की सरकार युवाओं के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ करने की हिमाकत करेंगी।

# मेयर के चुनाव का बजा बिगुल,मेयर की टिकट को लेकर अटकलों का दौर शुरू

**गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता**

गुरुग्राम प्रदेश के नगर निकाय चुनाव अभी समाप्त हुए हैं वहीं नगर निगम चुनावों का बिगुल बज चुका है जहां भाजपा नगर निकाय में जीत का फायदा उठाना चाहती है।हालांकि अभी उप चेयरमैन बनने बाकी हैं और शपथ ग्रहण भी बाकी है।गुरुग्राम नगर निगम चुनाव में नगर निकाय मंत्री पंचकुला से विधायक डॉ कमल गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है।गुरुग्राम और मानेसर में नेता निगम चुनाव की तैयारियों में लगे हुए हैं और यही स्थिति शायद फरीदाबाद की भी हो। जनता में भी यह चर्चा है कि अब के मेयर के लिए चुनाव कौन लड़ेगा? इन्हीं बातों के मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने तीनों निगमों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। गुरुगाम के महत्व को देखते हुए स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता को प्रभार दिया गया है, जबकि पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा को मानेसर निगम बागडोर दी गई है। मुख्यमंत्री के अति विश्वस्त सांसद संजय भाटिया को फरीदाबाद का प्रभार दिया गया है। अर्थात निकाय चुनावों का परिणाम देखते हुए निगम चुनाव में अच्छा परिणाम देने के लिए भाजपा ने अभी से प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं।गुरुग्राम और मानेसर में पहले से ही मेयर और पार्षद की टिकट पाने के लिए कार्यकर्ता अपनी गोटियां बिछाने में लगे हुए हैं और प्रभारी नियुक्त होने से यह तय है कि उनमें तेजी आएगी। यदि पिछले गुरुग्राम के निगम चुनाव को याद करें तो आपको भी स्मरण होगा कि राव इंद्रजीत ने पार्टी लाइन से हटकर अपने प्रत्याशी खड़े भी किए थे और आन-बान-शान का मुद्दा बनाकर गुरुग्राम में अपनी मर्जी का मेयर बनाया था। अब यह तो समय बताएगा कि राव इंद्रजीत किस प्रकार का कदम उठाएंगे। सबसे बड़ी बात यह रहेगी कि पिछली बार की मेयर टीम से जनता प्रसन्न तो नहीं है। भ्रष्टाचार के मुद्दे चलते रहेंगे और आम नागरिक भी निगम की कार्यशैली से परेशान ही रहा है। ऐसी स्थिति से राव इंद्रजीत कैसे निपटेंगे? इसी के साथ मानेसर नया निगम बना है। वहां प्रथम बार चुनाव होंगे परंतु उसमें भी गुरुग्राम और पटौदी के क्षेत्र लगते हैं, जोकि राव इंद्रजीत के क्षेत्र ही कहलातें हैं। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि राव इंद्रजीत इस चुनौती से कैसे निपटेंगे?भाजपा ने तीनों निगमों में अपने प्रभारी तो नियुक्त कर दिए हैं परंतु यह प्रश्न मुंह बाय अवश्य खड़ा है कि भाजपा की सत्ता में भागीदार जजपा क्या साथ लड़ेगी? या वह अपने लिए कोई एक निगम की मांग करेगी? अग्निपथ योजना के अतिरिक्त इस समस्या का भी भाजपा को हल खोजना होगा।

# दिल्ली विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की जीत पर आम आदमी पार्टी ने फरीदाबाद में मनाया जश्न

**फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



राजेन्द्र नगर उप चुनावों में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दुर्गेश पाठक की जीत पर फरीदाबाद में जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में बडखल-गुडगांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर लड्डू बांटकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता मंजू गुप्ता, प्रवेश मेहता, राकेश भडाना, गुलशन बग्गा, हंसराज दायमा, चंचल तंवर, चंद्रवीर, काजल, जोगिंदर चंदेला, सुरेंद्र अरोड़ा, सतीश चंदीला, विजय पासवान, मेहर चंद हरसाना, राकेश कुमार, महेश कुमार, आरती राय, पायल, राजपाल झा, अरुण कुमार, महकचंद्र बैंसला, मंगतराम भडाना, महेश कुमार आदि ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाई और गले मिलकर पार्टी की जीत पर बधाई दी। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक राजेन्द्र नगर उप चुनाव में एक तरफा जीत हासिल कर यह दिखा दिया है दिल्ली की जनता के दिल में आज भी आम आदमी पार्टी बसती है। दिल्ली प्रदेश के लोगों ने उनको जीत दिलाकर यह सुनिश्चित कर दिया है आज भी वो पूरी तरह से आम आदमी पार्टी के साथ हैं। आपको बता दे कि राजेन्द्र नगर उप चुनाव कि वोटिंग 23 जून, वीरवार को हु थी और आज उसके परिणाम सामने आ गए। जिसमें आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दुर्गेश पाठक ने जीत हासिल की है। फरीदाबाद से हरियाणा सह-प्रभारी महेन्द्र चौधरी, हरियाणा संगठन मत्रीं प्रवीण प्रभाकर, जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में फरीदाबाद की टीम ने उनके समर्थन में वोटों के लिए लोगो से अपील की थी। पार्टी प्रत्याशी की जीत से उत्साहित धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी की तरफ लोगों का एकतरफा माहौल है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से दिल्ली के लोग बेहद प्रभावित हैं। विपक्षी पार्टियां चाहे, कितना ही लोगों को बरगलाने का काम करें, मगर उनके नेतृत्व में दिल्ली के लोगों के लिए किए गए उनके काम प्रदेश की जनता याद करती है। जिस प्रकार से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई है, उससे लोगों में पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी लगातार दो बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत हासिल कर चुकी है। केजरीवाल की नीतियों एवं कार्यशैली से आज दिल्ली प्रदेश का हर वर्ग प्रभावित है। युवाओं के दिलो की धडकनें अरविंद केजरीवाल आज दिल्ली के ही नहीं बल्कि देश के रोल मॉडल हैं। उन्होंने कहा की फरीदाबाद में होने वाले आगामी नगर निगम चुनावों में पार्टी पूरी तैयारी से चुनाव लडेगी और पार्टी कार्यकताओं में इसको लेकर उत्साह एवं जोश है।

# स्पेशल अचीवर्स द्वारा आयोजित, सेमीनार में डॉक्टर्स ने दिव्यांगजनों का हौसला बढ़ाया

**फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



गुर्जर भवन, सैक्टर-19 में दिव्यांगजनों के लिए चल रहे स्वास्थ्य जांच शिविर के दूसरे दिन डॉक्टरों ने देश के अलग-अलग कोनों से आए 250 दिव्यांगजनों को हेल्थ, मनोचिकित्सा एवं स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारी दी।

सेमीनार में आए हुए इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर से डॉक्टर्स शिवजीत सिंह राघव, अपोलो अस्पताल के यूरोलोजिस्ट डॉ. विक्रम, इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर की सीनियर फिजियोलोजिस्ट डॉ. शानू श्रीवास्तव, विमहंस नयाति अस्पताल के डॉ. देवोज्योति सरकार एवं मैट्रो अस्पताल के सीएमओ डॉ. संजू भड़ाना की टीम ने दिव्यांग जनों द्वारा पूछे गए सवालों का सहजता से जवाब दिया और उनका मनोबल बढाने के टिप्स दिए, ताकि समाज में वह अपने आपको किसी से कम न समझें। डॉक्टर्स की टीम ने कहा कि दिव्यांगजन जब तक मेंटली स्ट्रांग नहीं होगा, तब तक वह फिजिकली स्ट्रांग भी नहीं हो सकता। अगर वह मेंटली स्ट्रांग है तो उसको कोई भी प्रॉब्लम हरा नहीं सकती। जीवन में अपने उद्देश्यों को पाने और बेहतर जीवनशैली जीने के लिए आत्मविश्वास का होना अति आवश्यक है।

इस अवसर पर डॉक्टरों ने उनकी हेल्थ सम्बंधी कुछ समस्याओं का समाधान भी किया और उनको कुछ परामर्श भी दिया, जिससे वह अपनी रोजमर्रा के जीवन में आने वाली कठिनाईयों पर काबू पा सकते हैं। दिव्यांगजनों ने भी विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे और उनका संतोषजनक जवाब मोटीवेटर डॉक्टर्स की टीम ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चुन्नीलाल चोपड़ा, दिनेश छाबड़ा, टोनी पहलवान, कुलदीप साहनी, सुनील कुमार, अशोक ढल, रविन्द्र मंगला, सतपाल चौधरी व अन्य लोग उपस्थित रहे। सेमीनार में स्पेशल अचीवर्स की संयोजिका माधवी हंस ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों से 250 दिव्यांग भाई-बहनों को बुलाया है, जिनके रहने एवं खाने की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई। आए हुए सभी दिव्यांगजन बहुत ही ऊंचा मुकाम रखते हैं और इनमें कई ऐसे हैं, जिनको पद्मश्री अवॉर्ड प्राप्त है, तो किसी को राष्ट्रपति अवार्ड मिला है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन टोनी पहलवान, कुलदीप सिंह एवं सुनील कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि स्पेशल अचीवर्स संस्था ईमानदारी से काम करती है और ऐसे ही संस्था के साथ सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों को खड़े रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि माधवी हंस के अंदर दिव्यांगों की सेवा करने का एक जनून है, जब भी उनको मौका मिलता ह, तो वह अपने आप ही भाग चल पड़ती है। वह आज बहुत अच्छा काम कर रही हैं। समाज में हर किसी को इस तरह के काम करने चाहिए। अपने लेवल पर हर कोई इंसान कुछ ना कुछ करता है लेकिन दिव्यांग होने के बाद उन्होंने उसको अपनी ताकत बनाया और उस ताकत से आप सबको तब प्रेरित कर रहे हैं।

### घरौंडा हनी गार्डन के पास से मोटरसाईकिल चोरी

**घरौंडा।** घरौंडा में हनी गार्डन के पास से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित बाइक मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वार्ड नंबर सात में स्थित पटेल मार्किट निवासी जयकुमार पुत्र गंगाराम ने शिकायत दी है कि उसका एक मकान हनी गार्डन के पास है। बीती 17 जून की शाम उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन वह करीब पांच बजे वहां से चोरी हो गई। आस पास के एरिया में बाइक की काफी तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस को की है। जांच अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि जयकुमार ने बाइक चोरी की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# नशा निषेध दिवस पर साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**

फरीदाबाद पुलिस प्रशासन, दक्ष फाउंडेशन एवं एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ युवाओं और बच्चों को जागरूक करने के लिए 26 किलोमीटर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कुशल सिंह, डीसीपी बल्लभगढ़ , डॉ. प्रबल रॉय चेयरमैन एकार्ड अस्पताल ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया। रैली में बच्चे और बड़ों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह ने कहा कि 26 जून को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और अपराध के बारे आमजन को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद पुलिस की तरफ से 12 जून से लेकर 28 जून तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से रविवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर साइकिल रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य चौक-चौराहों से होते हुए अस्पताल परिसर में सम्पन्न हुई। एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने साइकिल रैली की अगुवाई की। डॉ. प्रबल राय चेयरमैन एकार्ड अस्पताल ने कहा कि आजकल के युवा तनावग्रस्त तनाव को दूर करने के लिए नशे का सेवन करते हैं जिस कारण से उनके स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं नशे के अत्यधिक सेवन से कैंसर, लिवर डैमेज होना आदि मुख्य बीमारी है, उन्होंने कहा कि हमें अपनी दैनिक दिनचर्या में व्यायाम को स्थान देना चाहिए। दक्ष फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकुर ने कहा कि आज नशे के कारण युवा अपना भविष्य अंधकार में लेकर जा रहे हैं और नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग प्रकार के अपराधों में संलिप्त हैं। नशा समाज को खोखला कर रहा है। समाज को इस घातक बीमारी से बचाने के लिए प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और वाणिज्यिक संस्थाओं को आगे आकर आम जनता को जागरूक करके इससे बाहर निकालना होगा। इसके लिए मिलकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करके हम युवाओं को सही दिशा में ले जा सकते हैं।रैली में लोगों को जागरूक करते हुए एसीपी बल्लभगढ़ एवं नशामुक्त फरीदाबाद अभियान के नोडल अधिकारी मुनीश सहगल ने कहा कि रैली का मकसद लोगों को नशा और नशीली दवाओं के कारोबार के प्रति जागरूक करना है। लोगों को जागरूक करने के साथ ही नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को बाहर निकालने का फरीदाबाद पुलिस की तरफ से प्रयास किया किया जा रहा है। ऐसे युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की भी पुलिस कोशिश करती है। उपस्थित सभी से नशा न करने बारे और नशे की किसी भी प्रकार से तस्करी करने वाले की सूचना हरियाणा पुलिस के नंबर 9050 8-91508 पर देने के लिए शपथ ग्रहण कराई। एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ओर महिला इंस्पेक्टर सविता रानी ने कहा कि फरीदाबाद पुलिस की तरफ से नशे की गिरफ्त में आये बच्चों को सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए बच्चों को ट्रेनिंग दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर यातायात निरीक्षक महावीर सिंह, उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक हुकुम सिंह, ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह एवं एकार्ड अस्पताल से डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. युवराज कुमार, डॉ. ऋषि गुप्ता, डॉ. रामचंद्र सोनी तथा दक्ष फाउंडेशन से डॉ पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अरुण जोशी, अनूप सिन्हा,अजय शंकर श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### विदेशी मुद्रा भंडार 5.87 अरब डॉलर घटकर 590.58 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख बना हुआ है और गत 17 जून को समाप्त सप्ताह में यह 5.87 अरब डॉलर घटकर 590.58 अरब डॉलर आ गया। इससे पिछले सप्ताह में यह 596.45 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.36 अरब डॉलर कम होकर 526.88 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 25.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 40.58 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 23.3 करोड़ डॉलर गिरकर 18.15 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.7 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.96 अरब डॉलर पर आ गया।

### सराफा बाजार : सोना, चांदी में नरमी, सिक्का मजबूत

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी नरमी लिए रहे। इस दौरान सोना 50 रुपये तथा चांदी 900 रुपये सस्ती होकर बिकी। चांदी सिक्का मजबूत बताया गया। कारोबार की शुरुआत में सोना 52150 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 52100 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 62100 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 61200 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 52300 नीचे में 51800 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 62400 तथा नीचे 61000 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1823 डॉलर तथा चांदी 2113 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### इंदौर किराना बाजारः शक्कर-खोपरा गोला में गिरावट

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर, खोपरा गोला नरमी लिए बताया गया। हल्दी, साबूदाना मांग बढ़ी रही। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3580 से 3620 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3570 से 3610 रुपये बोली गई। शक्कर की दैनिक आवक 07 से 08 गाड़ी की रही। सोमवार को खोपरा गोला 170 से 195 रुपये प्रति किलो के स्तर पर खुलकर सप्ताहांत बिका। लग्नसरा के कारण हल्दी में मांग सुधार लिए रही इसमें व्यापार 100 से 162 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा में कामकाज 1950 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम पर खुलने के बाद 2000 से 3500 रुपये बिका। साबूदाना में उठाव बताया गया। इससे महंगा बिका।

### इन्दौर खाद्य तेल : मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार मूंगफली तेल 50 रुपये, सोयाबीन रिफाइंड 45 रुपये और पाम तेल 100 रुपये नीचा बिका। तिलहनों में भाव मजबूत बताए गए। कपास्या खली में उठाव घटा रहा। कारोबार की शुरुआत में मूंगफली तेल 1580 से 1600 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1540 से 1550 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 1365 से 1375 रुपये पर खुलकर 1325 से 1330 रुपये बिका। पाम तेल 1415 से 1420 रुपये खुलकर 1315 से 1320 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव तेजी लिए बताए गए।

# जीएसटी परिषद की बैठक : दरों में बदलाव पर चर्चा संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

इस सप्ताह चंडीगढ़ में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में कुछ वस्तुओं की जीएसटी दरों में बदलाव किया जा सकता है, जबकि 215 से अधिक वस्तुओं की दरों में यथास्थिति बनाए रखने के लिए फिटमेंट समिति की सिफारिशों को मान लिया जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की जीएसटी परिषद की 47 वीं बैठक 28-29 जून को होने वाली है। परिषद की बैठक छह महीने बाद हो रही है। बैठक में दर को युक्तिसंगत बनाने के अलावा विपक्ष शासित राज्य राज्यों को क्षतिपूर्ति के भुगतान पर गर्मागर्म चर्चा कर सकते हैं।

कर दरों पर आधिकारियों की समिति या फिटमेंट कमेटी द्वारा प्रस्तावित दरों पर विचार किया जाएगा। समिति ने कृत्रिम अंगों और आथोर्पेडिक प्रत्यारोपण पर एक समान पांच प्रतिशत जीएसटी दर लागू करने की सिफारिश की है। समिति ने रोपवे यात्रा पर जीएसटी दर को वर्तमान में 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की भी सिफारिश की है।



**बैठक**

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की जीएसटी परिषद की 47 वीं बैठक 28-29 जून को होने वाली है।

इसके अलावा ओस्टोमी उपकरणों पर जीएसटी दर को वर्तमान में 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर जीएसटी दरों पर एक स्पष्टीकरण जारी किया जाएगा, जिसके मुताबिक ईवी, चाहे बैटरी से लैस हों या नहीं, पर पांच प्रतिशत की दर से टैक्स लगेगा। जीएसटी परिषद में राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह की दो रिपोर्टें भी पेश की जाएंगी।जीएसटी परिषद की बैठक में विपक्ष शासित राज्य राजस्व घाटे की क्षतिपूर्ति को जारी रखने की पुरजोर वकालत करेंगे। दूसरी ओर केंद्र ऐसे किसी कदम को तंग राजकोषीय स्थितियों का हवाला देते हुए रोकना चाहेगा। जीएसटी (माल एवं सेवा कर) क्षतिपूर्ति कोष में कमी को पूरा करने के लिए केंद्र ने 2020-21 में 1.1 लाख करोड़ रुपये और 2021-22 में 1.59 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया और राज्यों को जारी किया। उपकर संग्रह में कमी की वजह से ऐसा किया गया।

लखनऊ में जीएसटी परिषद की 45वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि राज्यों को राजस्व की कमी के लिए मुआवजे का भुगतान करने की व्यवस्था अगले साल जून में समाप्त हो जाएगी। देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को एक जुलाई 2017 से लागू किया गया था और राज्यों को जीएसटी के कार्यान्वयन के कारण होने वाले किसी भी राजस्व के नुकसान के एवज में पांच साल की अवधि के लिए क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया गया था।

## कोल इंडिया की असम में दो खदानों में परिचालन की तैयारी

**मार्घेरिटा (असम)।** सार्वजनिक क्षेत्र के कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की इकाई नॉर्थ इस्टर्न कोलफील्ड्स असम स्थित दो खदानों में चालू वित्त वर्ष में परिचालन शुरू करना चाहती है और इस बाबत मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल कोयले की किल्लत की वजह से गर्मियां शुरू होते ही बिजली संकट खड़ा हो गया था। अगले साल इस तरह की स्थिति पैदा होने से रोकने के लिए घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि असम में नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स की तिराप ओसीपी (ओपन कास्ट प्रोजेक्ट) में उत्पादन शुरू हो जाने पर छह लाख टन कोयला मिलने लगेगा। अधिकारी ने कहा, दोनों खदानों में उत्पादन शुरू होने पर कंपनी करीब दस लाख टन कोयले का अतिरिक्त उत्पादन कर सकेगी। यहां से जो कोयला मिलेगा उसमें से एक बड़ा हिस्सा ऊर्जा उत्पादन के लिए इस्तेमाल होगा। नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स में खनन पर्यावरण संबंधी मुद्दों के कारण 2020 में ठप पड़ गया था जो इस साल मार्च में जाकर बहाल हो पाया।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 423 परियोजनाओं की लागत 4.95 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 423 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.95 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है।

मंत्रालय की मई-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,568 परियोजनाओं में से 423 की लागत बढ़ी है, जबकि 721 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,568 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,59,802.67 करोड़ रुपये थी, जिसके बढ़कर 26,54,818.05 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.92 प्रतिशत या 4,95,015.38 करोड़ रुपये बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,42,563.22 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 50.57 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 563 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 569 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 721 परियोजनाओं में से 113 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 121 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 350 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 137 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन 647 परियोजनाओं की देरी का औसत 43.34 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है।

- मंत्रालय की मई-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,568 परियोजनाओं में से 423 की लागत बढ़ी है

## ईवी चार्जिंग कारोबार बढ़ाने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया अधिग्रहण

सोल, एजेंसी

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने रविवार को कहा कि ईवी चार्जिंग के कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कंपनी ने एक घरेलू ईवी चार्जिंग निमार्ता का अधिग्रहण किया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने हाल ही में ऐप्पलमैंगो में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया, जिसमें जीएस एनर्जी और जीएस नियोटेक ने कंपनी में क्रमशः 34 प्रतिशत और 6 प्रतिशत हिस्सेदारी ली।

रिपोर्ट के अनुसार, एलजी ने कहा कि उसकी योजना इस साल के भीतर सोल से लगभग 60 किलोमीटर दूर प्योंगटेक में ईवी चार्जिंग उत्पादन लाइन स्थापित करने की है। बयान में कहा गया है कि अधिग्रहण के साथ, एलजी का लक्ष्य ईवीएस के युग में मौजूदा ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसाय के साथ अपने व्यापार पोर्टफोलियो को मजबूत करना है। 2019 में स्थापित ऐप्पलमैंगो के पास घरेलू और व्यावसायिक उपयोग दोनों के लिए चार्जर बनाने की एडवांस टेक्नोलॉजी हैं। दुनिया के ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस मार्केट के 2030 तक 410 ट्रिलियन वोन (316 अरब डॉलर) तक बढ़ने की उम्मीद है।




**रिपोर्ट**

- रिपोर्ट के अनुसार, एलजी ने कहा कि उसकी योजना इस साल के भीतर सोल से लगभग 60 किलोमीटर दूर प्योंगटेक में ईवी चार्जिंग उत्पादन लाइन स्थापित करने की है।

## भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक से कारोबार पर पड़ेगा असरः कैट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में मध्यम एवं भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर अक्टूबर से पांच महीने तक रोक लगाने के दिल्ली सरकार के फैसले का व्यवसायियों के संगठन सीएआईटी ने विरोध करते हुए रविवार को कहा कि इससे राष्ट्रीय राजधानी में कारोबार को नुकसान पहुंचेगा। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने सर्दियों के दौरान फैलने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयास के तहत अक्टूबर 2022 से फरवरी 2023 तक राष्ट्रीय राजधानी में मध्यम एवं भारी मालवाहक गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि सब्जियां, फल, अनाज, दूध एवं ऐसी अन्य जरूरी चीजें ढोने वाले वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी में आने-जाने की अनुमति होगी।

कन्फेडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने इस फैसले को गैरजरूरी बताते हुए कहा कि इसके परिणामों पर विचार नहीं किया गया। उन्होंने कहा, इस फैसले से बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से दिल्ली में व्यवसाय प्रभावित होंगे क्योंकि पाबंदी वाले इन पांच महीनों में ही त्योहारों और शादियों का मौसम होने से व्यावसायिक गतिविधियां तेज रहती हैं। सीएआईटी ने 29 जून को दिल्ली के अग्रणी व्यवसायी संघों की बैठक बुलाई है जिसमें आगे के कदमों पर विचार किया जाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि इस फैसले से परिवहन कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित होगा इसलिए सीएआईटी परिवहन संगठनों से भी बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के खिलाफ हम मिलकर आंदोलन करेंगे।



- अक्टूबर 2022 से फरवरी 2023 तक राष्ट्रीय राजधानी में मध्यम एवं भारी मालवाहक गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया है।

## वैश्विक रुझान, कच्चे तेल, एफआईआई की चाल से इस सप्ताह तय होगा शेयर बाजारों का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

शेयर बाजारों का रुख इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी संस्थागत निवेश की चाल से प्रभावित होगा। इसके साथ ही विशेषज्ञों ने कहा कि मासिक वायदा सौदों के पूरा होने के चलते भी बाजार को अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव और मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

स्वास्तिका इंवेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, वैश्विक बाजारों में सुधार और जिंस कीमतों में कमी के कारण दो सप्ताह की तेज गिरावट के बाद भारतीय बाजार निचले स्तरों से उबरने में कामयाब रहे। ऐसा लगता है कि ये सुधार आगे जारी रह सकता है और हम इक्विटी बाजारों में आने वाले दिनों में एक अच्छी तेजी की उम्मीद कर सकते हैं।

मीणा ने कहा, वायदा सौदों के पूरा होने के अलावा ऑटो बिक्री के मासिक आंकड़ों और मानसून की प्रगति भी बाजार के लिहाज से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल, रुपये की चाल और एफआईआई का रुख, अन्य महत्वपूर्ण कारक होंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, हमें उम्मीद है कि जून महीने के वायदा सौदों के पूरा होने के कारण इस सप्ताह भी अस्थिरता अधिक रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमत और मानसून की प्रगति का भी बाजार पर असर होगा।



# एफपीआई की निकासी जारी

## जून में भारतीय इक्विटी से अब तक 46,000 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी निवेशकों की भारतीय इक्विटी बाजारों से निकासी जारी है। भारतीय रिजर्व बैंक और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को कड़ा करने के बाद एफपीआई ने इस महीने अब तक लगभग 46,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। फेडरल रिजर्व की नीतियों, कच्चे तेल की कीमतों और अस्थिर रुपये ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख को प्रभावित किया। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई द्वारा 2022 में अब तक इक्विटी से शुद्ध निकासी बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी के प्रमुख विश्लेषक हितेश जैन ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और दूसरे प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक सख्ती, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अस्थिर रुपये के बीच अनुमान है कि एफपीआई उभरते बाजारों से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि एफपीआई की आवक तभी दोबारा शुरू होगी, जब अमेरिका में फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में बढ़ोतरी रुक जाएगी।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इसके अलावा अगर डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल का मौजूदा रुझान बना रहता है, तो एफपीआई द्वारा और अधिक बिकवाली करने की संभावना है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने जून में (24 तारीख तक) इक्विटी से 45,841 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। विदेशी निवेशक अक्टूबर 2021 से भारतीय इक्विटी से लगातार धन निकाल रहे हैं। इस तरह की निकासी आखिरी बार 2020 की पहली तिमाही में देखी गई थी, जब महामारी तेजी से बढ़ रही थी।




## शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का बाजार पूंजीकरण 2.51 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.51 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, जिसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सबसे आगे रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,367 अंक या 2.66 फीसदी बढ़ा।

एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आईसीआईसीआई बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे, जबकि एक मात्र रिलायंस इंडस्ट्रीज लाल निशान में रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 74,534.87 करोड़ रुपये जोड़े, जो शुक्रवार को करीब 12,04,907.32 करोड़ रुपये था।

हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 44,888.95 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,240.10 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 35,427.18 करोड़ रुपये बढ़कर 7,51,800.31 करोड़ रुपये और एचडीएफसी का मूल्यांकन 24,747.87 करोड़ रुपये बढ़कर 3,97,190.50 करोड़ रुपये हो गया।

इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 22,888.49 करोड़ रुपये बढ़कर 6,06,734.50 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 17,813.78 करोड़ रुपये बढ़कर 4,96,354.36 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 15,185.45 करोड़ रुपये बढ़कर 3,68,789.63 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,914.36 करोड़ रुपये बढ़कर 4,05,489.73 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन अवधि में एलआईसी ने 4,427.5 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका मूल्यांकन बढ़कर 4,18,525.10 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 59,901.07 करोड़ रुपये गिरकर 16,91,785.45 करोड़ रुपये पर आ गया।

## ओएनजीसी को पांच महीने के बाद एचपीसीएल बोर्ड में एक निदेशक मिला

**नई दिल्ली।** तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) को आखिरकार पांच महीने से अधिक समय के बाद हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बोर्ड में एक निदेशक मिल गया है। गौरतलब है कि ओएनजीसी ने 36,915 करोड़ रुपये में एचपीसीएल का अधिग्रहण किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 22 जून को एचपीसीएल के बोर्ड में निदेशक के रूप में ओएनजीसी के निदेशक (ऑफशोर) पंकज कुमार की नियुक्ति के लिए अपनी मंजूरी दी।

पांच महीने से अधिक समय से ओएनजीसी का एचपीसीएल के बोर्ड में कोई प्रतिनिधि नहीं था। एचपीसीएल ने डेढ़ साल से अधिक समय तक (जनवरी 2018 और अगस्त 2019 के बीच) ओएनजीसी को अपने प्रवर्तक के रूप में मान्यता नहीं दी थी, जबकि सरकार ने कंपनी में अपनी पूरी 51.11 प्रतिशत हिस्सेदारी उसे बेच दी थी। बाजार नियामक सेबी के हस्तक्षेप के बाद ही एचपीसीएल नरम पड़ी और ओएनजीसी को एक निदेशक नियुक्त करने का अधिकार मिला, जिसे एचपीसीएल ने ह्यसरकारी नामित निदेशक (ओएनजीसी का प्रतिनिधि)ह्न कहा। एचपीसीएल ने शेयर बाजार को बताया, पंकज कुमार को 22 जून 2022 से कंपनी के बोर्ड में सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# भरोसेमंद, निर्णायक नेतृत्व से भारत की वृद्धि को मिला समर्थन : पीयूष गोयल

कोयंबटूर, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भरोसेमंद एवं निर्णायक नेतृत्व के साथ ही लोकतांत्रिक संरचना के चलते हर स्तर पर पारदर्शिता से भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन मिला है।

वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा मंत्री ने कहा कि देश ने एक स्थिर नीति ढांचे की घोषणा की है और सभी क्षेत्रों में किए गए प्रत्येक निवेश का सम्मान किया है। गोयल ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से आयोजित सीआईआई के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक में यह बात कही।

इस बैठक का आयोजन भारत सरकार और इंवेस्ट इंडिया के साथ मिलकर शनिवार शाम को किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि इस बैठक में कपड़ा, हल्के इंजीनियरिंग और आईसीटी क्षेत्रों के सदस्यों ने भाग लिया। गोयल ने कहा कि डीपीआईआईटी के सुधार वैश्विक वृद्धि के लिए भारतीय उद्योगों को सशक्त बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ओएनडीसी नेटवर्क (डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क) की पेशकश से ग्राहक अपनी पसंद के विक्रेताओं के साथ सहजता से जुड़ सकेंगे। मंत्री ने कहा कि मौजूदा ई-कॉमर्स मंच प्रतिबंधात्मक हैं और ये डेवलपर की पसंद के उत्पादों का समर्थन करते हैं, लेकिन ओएनडीसी के जरिए एमएसएमई और स्टार्टअप अपने ग्राहकों के साथ जुड़ने में सक्षम हो सकते हैं।



- वाणिज्य, उद्योग और कपड़ा मंत्री ने कहा कि देश ने एक स्थिर नीति ढांचे की घोषणा की है और सभी क्षेत्रों में किए गए प्रत्येक निवेश का सम्मान किया है।

### वित्त मंत्रालय ने बैंकों से फिनटेक साझेदारी के अवसर तलाशने को कहा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) साझेदारी करने और मिलकर कर्ज देने के अवसरों की तलाश करने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की हाल में समीक्षा के दौरान बैंकों को कर्ज आधार बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और डेटा विश्लेषण पर ध्यान देने को कहा। मंत्रालय ने बैंक प्रमुखों से कहा कि धोखाधड़ी रोकने के लिए वे सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा प्रणाली और साइबर सुरक्षा को मजबूत करें। सूत्रों के मुताबिक, बैंकों से कहा गया है कि वे उत्पादक क्षेत्रों में कर्ज दें जिससे अर्थव्यवस्था को बल मिले। आरबीआई के हाल के आंकड़ों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कर्ज प्रदान करने में वृद्धि मार्च 2022 में बढ़कर 7.8 फीसदी हो गई जो एक साल पहले 3.6 फीसदी थी। कुछ बैंकों ने 26 फीसदी वृद्धि दर्ज की। सूत्रों ने बताया कि बैंकों से गैर-निष्पादित संपत्तियों के समाधान में तेजी लाने और फंसे कर्ज की वसूली पर ध्यान देने को कहा गया।

### इंदौर अनाज मंडीः चना, मसूर, मूंग में मजबूती, दालों में घटबढ़

**इंदौर।** स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग के साथ सप्ताहांत दलहन जिन्सों में मजबूती दर्ज की गई। चना, मसूर तथा मूंग महंगा बिका। इस दौरान दालों में घटबढ़ हुई। चावल में उठाव सुधार लिए बताया गया। सप्ताहांत चना कांटा 4650 से 4675 रुपये खुलने के बाद 4700 से 4750 रुपये होकर बंद हुआ। मूंग 5800 से 6000 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 5000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 6300 से 6400 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 5300 से 6550 रुपये खुलने के बाद 5300 से 6550 रुपये होकर थमी। उड़द 6800 से 7400 रुपये खुलकर 6800 से 7300 रुपये बोला गया। मसूर 6800 से 6825 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6800 से 6850 रुपये होकर प्रति क्विंटल बिकी। दालों में मांग से घटबढ़ दर्ज की गई। सप्ताहांत मूंग दाल, मूंग मोगर, चना तथा तुअर दाल में भाव कम ज्यादा हुए। कारोबार के मध्य चावल तथा पोहा में ग्राहकी बताई गई।

## आईओबी ने खुदरा, एमएसएमई, कृषि, कॉरपोरेट क्षेत्र में अग्रिम बढ़ाने का लक्ष्य रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने वित्त वर्ष 2022-23 में खुदरा, एमएसएमई, कॉरपोरेट और कृषि क्षेत्र में अग्रिम को बढ़ावा देने का लक्ष्य तय किया है। आईओबी ने सतत एवं लक्षित प्रयासों के जरिये अपने बहीखाते में तनावग्रस्त संपत्तियों को काफी हद तक कम कर दिया है। इस वजह से अब बैंक का अग्रिम वृद्धि पर जोर होगा।

बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बेहतर ऋण मांग और मजबूत बही के कारण भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के दृष्टिकोण में सुधार होता दिख रहा है। आईओबी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष में दोगुना होकर 1,709 करोड़ रुपये हो गया था, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 831 करोड़ रुपये था। बैंक ने कहा कि बेहतर ऋण मांग और मजबूत बही से उसे मदद मिली है। बैंक ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार जारी है, हालांकि कुछ ऋणों को महामारी के संदर्भ में आरबीआई की योजनाओं के तहत पुनर्गठित किया गया है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने शेयरधारकों को दिए गए अपने संबोधन में कहा, इंडियन ओवरसीज बैंक का लक्ष्य खुदरा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), कॉरपोरेट और कृषि ऋणों में एक समान वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष में अग्रिमों को बढ़ाना है।




- बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बेहतर ऋण मांग और मजबूत बही के कारण भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के दृष्टिकोण में सुधार होता दिख रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशा एफसी ने फर्नांडिज को मुंबई सिटी से ऋण पर लिया

भुवनेश्वर। ओडिशा एफसी ने रविवार को भारतीय मिडफील्डर रेनियर फर्नांडिज से करार की घोषणा की जो मुंबई सिटी एफसी के साथ 2020-21 सत्र में इंडियन सुपर लीग और शील्ड विजेता रह चुके हैं। मुंबई के 26 साल के खिलाड़ी को ओडिशा एफसी ने एक सत्र के लिये मुंबई सिटी एफसी से ऋण पर लिया है जिसकी ओर से वह तीन सत्र खेल चुके हैं। इसकी जानकारी क्लब ने एक बयान में दी। फर्नांडिज ने अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण थाईलैंड में 2019 किंग्स कप में किया था। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिये टीम में शामिल किया था और उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टीम में भी चुना गया था। एयर इंडिया से अपना फुटबॉल करियर शुरू करने वाले फर्नांडिज ने संतोष ट्राफी में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया था।

### उमरान मलिक टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल होने के हकदार : वेंगसरकर

मुंबई। भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे विशेषज्ञ गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर को लगता है कि तेज गेंदबाज उमरान मलिक टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल होने के हकदार हैं। वेंगसरकर ने आगे कहा कि मलिक को टी20 विश्व कप में मौका देना चाहिए, जो पहले ही आईपीएल के दौरान अपनी तेज गेंदबाजी से खुद को साबित कर चुके हैं और अब टीम प्रबंधन को उन्हें अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का मौका देना चाहिए। मलिक को घर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पहली बार कॉल-अप सौंपा गया था, लेकिन तेज गेंदबाज को मौका नहीं मिला। हालांकि, मलिक फिलहाल हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं जो आयरलैंड में दो टी20 मैच खेलने के लिए तैयार है। वेंगसरकर 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों के साथ लॉर्डस में उनकी जीत की 39वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक पैनल चर्चा के दौरान मौजूद थे। चर्चा में उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मलिक टी20 विश्वकप में भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं, क्योंकि उमरान के पास गेंदबाजी की तेज गति है। रोजर बिन्नी ने भी जल्द से जल्द भारतीय टीम में शामिल करने के लिए उमरान मलिक का समर्थन किया।

### फोक्स कोविड के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर

लीड्स। बेन फोक्स कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं जिसके कारण इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को मैदान पर उतरेगी तो उनकी जगह सैम बिलिंग्स विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे। फोक्स पीठ में दर्द की शिकायत के बाद तीसरे दिन दोपहर बाद मैदान पर नहीं उतरे थे और फिर बाद में लीड्स में टीम होटल में जांच के बाद कोविड पॉजिटिव पाए गए। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में इस दौरान जॉनी बेयरस्टो ने विकेटकीपर की भूमिका निभाई लेकिन बाकी मैच में फोक्स की जगह लेने के लिए बिलिंग्स को टीम में शामिल किया गया है। बिलिंग्स मौजूदा श्रृंखला में दूसरे स्थानापन्न खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड की ओर से खेलेंगे। इससे पूर्व लाडर्स में जैक लीच के क्षेत्ररक्षण करते हुए गिरने पर सिर में चोट लगने के कारण लंका के लेग स्पिनर मैट पार्किंसन को पदार्पण का मौका मिला था।

# मध्य प्रदेश ने पहला रणजी खिताब जीतकर इतिहास रचा

**बेंगलुरू, एजेंसी**

मध्य प्रदेश ने रविवार को पांचवें और अंतिम दिन घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई को एकतरफा फाइनल में छह विकेट से हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास रचा। कोच चंद्रकांत पंडित ने इसी मैदान पर 23 साल पहले रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला गंवाया था लेकिन इस बार वह चैंपियन टीम का हिस्सा बनने में सफल रहे।

अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में 269 रन पर सिमट गई जिससे मध्य प्रदेश को 108 रन का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। सत्र में 1000 रन बनाने से सिर्फ 18 रन दूर रहे सरफराज खान (45) और युवा सुवेद पार्कर (51) ने मुंबई को हार से बचाने का प्रयास किया लेकिन कुमार कार्तिकेय (98 रन पर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों ने मध्य प्रदेश की जीत सुनिश्चित की। कोच के रूप में पंडित



का यह रिकॉर्ड छठा राष्ट्रीय खिताब है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश ने हिमांशु मंत्री (37), शुभमन शर्मा (30) और रजत पाटीदार (नाबाद 30) की पारियों की बदौलत 29.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से पंडित की पुरानी यादें ताजा हो गई जब 1999 में इसी चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनकी अगुआई वाली मध्य प्रदेश की टीम ने पहली पारी में बढ़त के बावजूद फाइनल गंवा दिया था और पंडित के करियर का अंत निराशा के साथ हुआ। पंडित के मार्गदर्शन में विदर्भ ने भी चार ट्रॉफी (लगातार दो रणजी और ईरानी कप खिताब) जीती जबकि उसके पास कोई सुपरस्टार नहीं थे। रजत पाटीदार को छोड़कर यश दुबे, हिमांशु मंत्री, शुभम शर्मा, गौरव यादव या सारांश जैन जैसे खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बनाने की अभी दावेदार नहीं मौजूदा सत्र में उन्होंने

**सफल**

- कोच चंद्रकांत पंडित ने इसी मैदान पर 23 साल पहले रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला गंवाया था लेकिन इस बार वह चैंपियन टीम का हिस्सा बनने में सफल रहे

अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन सभी ने मिलकर 41 बार के चैंपियन मुंबई को एक और रणजी खिताब से महरूम किया। मध्य प्रदेश ने एक बार फिर साबित किया कि रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने लिए आपकी टीम में सुपर स्टार या भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार होना जरूरी नहीं है। राजस्थान ने उस समय खिताब जीता जबकि ऋषिकेश कानिटकर और आकाश चोपड़ा उसके साथ थे। विदर्भ ने जब खिताब जीते तो उसके युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के लिए वसीम जाफर और गणेश सतीश मौजूद थे। मध्य प्रदेश की टीम अपने दो महत्वपूर्ण खिलाड़ियों आवेश खान और वेंकटेश अय्यर के बिना खेल रही थी लेकिन मुंबई पर भारी पर पड़ी। वर्ष 2010 के बाद से रणजी ट्रॉफी में कुछ सत्र कर्नाटक का दबदबा रहा लेकिन इसके बाद सिर्फ मुंबई ही एक खिताब जीत पाई जबकि अधिकांश खिताब राजस्थान (दो), विदर्भ (दो), सौराष्ट्र (एक) और मध्य प्रदेश (एक) जैसी टीम ने जीते जिन्हें घरेलू क्रिकेट में कमजोर माना जाता था। यह दशार्ता है कि मुंबई के शिवाजी पार्क, आजाद मैदान या क्रॉस मैदान, दिल्ली और बेंगलुरू या कोलकाता से क्रिकेट अब छोटे शहरों में भी फैल रहा है।

रणजी ट्रॉफी जब शुरू हुई तो मध्य प्रदेश की टीम बनी भी नीं थी और तब ब्रिटिश युग के राज्य होलकर ने देश के कई दिग्गज क्रिकेटर दिए जिसमें करिश्माई मुशताक अली और भारतीय क्रिकेट टीम के पहले कप्तान सीके नायुडू भी शामिल रहे। होलकर 1950 के दशक तक मजबूत टीम थी जिसे बाद में मध्य भारत और फिर मध्य प्रदेश नाम दिया गया।

# हेले मैथ्यूज बनीं वेस्ट इंडीज महिला टीम की कप्तान

**एंटीगुआ, एजेंसी**



क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) महिला चयन पैनल की सिफारिश की पुष्टि के बाद ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज को महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। हालांकि, मैथ्यूज से पहले कप्तानी की कमान स्टैफनी टेलर के हाथों में थी। टेलर वेस्टइंडीज के इतिहास में सबसे सफल महिला खिलाड़ी में से एक हैं। उन्होंने 2015 से सात वर्षो से अधिक समय तक टीम का नेतृत्व किया है। टीम उस समय शीर्ष पर थी, जब वेस्टइंडीज ने 2016 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप जीता था। वहीं, इस साल की शुरूआत में भी टीम न्यूजीलैंड में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी।

सीडब्ल्यूआई के मुख्य चयनकर्ता एन. ब्राउन-जॉन ने स्टैफनी के योगदान की सराहना करते हुए कहा, हम मानते हैं कि सात साल तक टीम का नेतृत्व करना एक बड़ी उपलब्धि है। चयन पैनल ने नेतृत्व सहित टीम की समीक्षा की है। इस समीक्षा के बाद पैनल ने सिफारिश करने का निर्णय लिया कि हेले मैथ्यूज कप्तान के रूप में भूमिका निभाएं। हेले ने उप-कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व किया है। वेस्टइंडीज महिला टीम और उनकी राष्ट्रीय टीम, बारबाडोस की वर्तमान कप्तान है। महिला टीम के मुख्य कोच और पूर्व तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श ने कहा कि उन्होंने हेली मैथ्यूज की नियुक्ति का पूरा समर्थन किया। चयन पैनल ने महसूस किया कि यह बदलाव करने का समय है। अगर हम अभी कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं तो यह सबसे अच्छा समय होगा ताकि हम विश्व कप में जाने से पहले नए कप्तान को टीम का नेतृत्व सौंप सकें। हेले ने कहा, मैं वेस्टइंडीज महिला टीम की कप्तानी करने का मौका पाकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह टीम मेरे दिल के बहुत करीब रही है। मुझे उम्मीद है कि टीम ने इस प्रकार की प्रगति पर आगे बढ़ने के लिए खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखा है। मैं पिछले कुछ वर्षो में टीम के शानदार नेतृत्व के लिए स्टैफनी को धन्यवाद देना चाहती हूं।

# चेन्नई ओपन शतरंज : बोरिस सावचेंको बने चैंपियन

**चेन्नई, एजेंसी**

रूस के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको ने रविवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूनार्मेंट 2022 में टाई-ब्रेक के जरिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल को हराकर चैंपियन बने। सावचेंको और नितिन दोनों के 10 दौर में साढ़े आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे।

रूस के खिलाड़ी ने हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। नितिन नौवें दौर के बाद बढ़त बनाए हुए थे लेकिन आखिरी दौर में ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडरोव (बेलारूस) के साथ मुकाबला ड्रॉ होने के बाद उनका अभियान साढ़े आठ अंक के साथ खत्म हुआ। इससे सावचेंको को तालिका में नितिन की बराबरी करने



का मौका मिल गया। उन्हें आखिरी दौर के अपने मैच में अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह भारतीय खिलाड़ी को शिकस्त देने में सफल रहे। ग्रैंडमास्टर सावचेंको ने चेन्नई ओपन 2022 ट्रॉफी और तीन लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि उपविजेता नितिन को दो लाख रुपये मिले। बेलारूस के एलेक्सी फेडरोव और भारत के एल आर श्रीहरि ने आठ-आठ अंक हासिल किए, लेकिन फेडरेव बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के कारण तीसरे स्थान पर रहे। स्विस प्रारूप में खेले गए इस टूनार्मेंट में 275-खिलाड़ियों ने भाग लिया। दस दौर के इस टूनार्मेंट में 11 ग्रैंडमास्टर और 14 अंतरराष्ट्रीय मास्टर सहित 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# दीपिका एंड टीम ने तोड़ा भारत का सपना, चीन के सामने नहीं चली कोई चालाकी....

**पेरिस, एजेंसी**

दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में एकतरफा फाइनल में चीनी ताइपे की तिकड़ी से हारकर रजत पदक हासिल किया। भारत ने इस तरह प्रतियोगिता में अपना अभियान एक स्वर्ण और दो रजत पदक से समाप्त किया। इनमें से दो पदक कम्पाउंड वर्ग में मिले थे। महिला रिकर्व टीम को 13वीं वरीयता दी गयी थी क्योंकि तीनों तीरंदाज व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष 30 से बाहर रही थीं। भारतीय टीम फाइनल में प्रभावित नहीं कर सकी और चीनी ताइपे से सीधे सेट में 1-5 (53-56 56-56 53-56) से हार गयी।

चीनी ताइपे के लाइन अप में रियो ओलंपिक टीम कांस्य पदक जीतने वाली टीम की सदस्य लेई चिएन यिंग भी शामिल थीं और इस तीसरी वरीय तीरंदाज ने शुरू में ही दबाव बना दिया, जिसमें उन्होंने दो बार 10 और चार बार नौ पर निशाना लगाया। वहीं भारत ने पहले सेट में सात के शॉट लगाये जो टर्निंग प्वांइट साबित हुए। भारतीय तिकड़ी ने वापसी कर दूसरे सेट में जीत से स्कोर बराबर किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था अगले सेट में चीनी पाइपे की तीरंदाजों ने अपनी निरंतरता कायम रखी और स्वर्ण पदक जीता।

दुनिया की तीसरे नंबर की तींरदाज दीपिका की हालांकि यह यादगार वापसी रही जिन्होंने तोक्यो ओलंपिक की निराशा के बाद टीम से बाहर किये जाने के बाद रजत पदक जीता।

लेकिन टूनार्मेंट कम्पाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नाम की स्वप्निल वापसी के बारे में रहा। जिन्होंने अभिषेक वर्मा के साथ मिलकर भारत को एक स्वर्ण (मिश्रित टीम स्पर्धा) दिलाया और शनिवार को एक व्यक्तिगत रजत पदक जीता।

# ग्रास कोर्ट पर खेलने से विंबलडन में मेरे मौके प्रभावित नहीं होंगे : जोकोविच

**लंदन, एजेंसी**

दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का मानना है कि विंबलडन से पहले ग्रास कोर्ट पर ना खेलने से 27 जून से शुरू होने वाले ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब में उनका लगातार चौथा खिताब जीतने की संभावना कम हो जाएगी। अपने पिछले दो विंबलडन खिताबों में से प्रत्येक में सर्बियाई का शुरूआती मैच सीजन का उनका पहला ग्रास-कोर्ट मैच था।

इस साल भी 20 मेजर्स के विजेता ने विंबलडन में आने वाली ग्रास कोर्ट पर कोई टूनार्मेंट नहीं खेला है, लेकिन जोकोविच पर इसका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच फ्रेंच ओपन में स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल के खिलाफ क्वार्टरफाइनल संघर्ष था। जोकोविच ने एटीपीटूर के हवाले से कहा, मेरे पास विंबलडन की तैयारी के लिए कोई टूनार्मेंट नहीं था, लेकिन मुझे विंबलडन में बिना किसी आधिकारिक मैच और टूनार्मेंट के सफलता मिली है। उन्होंने आगे कहा, वर्षो में, मुझे ग्रास वाले कोर्ट पर सफलता मिली, इसलिए विश्वास नहीं करने का कोई कारण नहीं है कि मैं इसे फिर से कर सकता हूं। वर्षो से मैंने सीखा कि (घास) सतह पर भी अधिक कुशलता से कैसे खेलना है। अपने करियर की शुरूआत में, मैं इसी सतह पर थोड़ा संघर्ष किया है। जोकोविच ने कहा कि ग्रास कोर्ट पर जीतने का तरीका उछाल और स्किडी रिटर्न के साथ तालमेल बिठाना है। जोकोविच सात विंबलडन खिताब जीतने के अमेरिकी महान पीट सम्प्रास की बराबरी की दहलीज पर खड़े हैं और वह स्विस के रोजर फेडरर के रिकॉर्ड आठ से एक खिताब पीछे है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नजरें श्रीलंका के खिलाफ क्लीन स्वीप पर

**दाम्बुला, एजेंसी**

श्रृंखला पहले ही अपने नाम करके आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम सोमवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मेजबान श्रीलंका को हराकर सीरीज में क्लीनस्वीप करने के इरादे से उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 में घरेलू टीम को 34 रन से हराने के बाद दूसरे मैच में पांच विकेट की जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है। इन जीतों से अगले महीने बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारत का मनोबल बढ़ेगा। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में महिला टी20 क्रिकेट पदार्पण कर रहा है। भारत ने जीत की लय हासिल कर ली है लेकिन टीम श्रृंखला में अब तक के अपने प्रदर्शन से पूरी तरह खुश नहीं होगी। दोनों मुकाबलों



में अब तक गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। इसके अलावा भारत का क्षेत्ररक्षण भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। भारतीय गेंदबाजों ने प्रभावित किया है। स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन किया है और धीमी पिचों का पूरा फायदा उठाया है। उन्होंने पहले मैच में 138 रन के स्कोर का आसानी से बचाव किया। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू (43) और सलामी बल्लेबाजी विश्मी गुणारत्न (45) ने दूसरे मैच में 87 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों का अच्छी तरह सामना किया। मेहमान टीम के गेंदबाजों ने हालांकि वापसी करते हुए अंतिम 3.1 ओवर में सिर्फ 14 रन दिए और श्रीलंका को सिर्फ 125 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि इस लक्ष्य को हासिल करने में भी जूझना पड़ा। शेफाली वर्मा (17), साभिनेनी मेघना (17) और यस्तिका भाटिया (13) ने क्रीज पर जमने के बाद विकेट गंवाए।

**बल्लेबाज**

- हरमनप्रीत अब टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत की सबसे सफल बल्लेबाज हैं

पहले मैच में टीम की शीर्ष स्कोरर रही जेमिमा रोड्रिग्ज (03) दूसरे मैच में सस्ते में पवेलियन लौट गई। पहले मैच में नाकाम रही सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 34 गेंद में 39 रन बनाकर जोरदार वापसी की।

मंधाना के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 31) ने भी उपयोगी पारी खेलकर भारत को विजयी बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत अब टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भारत की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। श्रीलंका की टीम लगातार दूसरी श्रृंखला में क्लीनस्वीप से बचने की कोशिश करेगी। टीम को पिछली श्रृंखला में पाकिस्तान ने 3-0 से हराया था।

# ग्रॉस आइलेट टेस्ट : मेयर्स के शतक से वेस्ट इंडीज ने हासिल की बढ़त

**ग्रॉस आइलेट, एजेंसी**

काइल मेयर्स (126 नाबाद) के शतक और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (51) के अंर्द्धशतक ने वेस्ट इंडीज को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को 106 रन की बढ़त दिलायी। पहली पारी में बांग्लादेश को 234 रन पर समेटने के बाद कैरिबियाई टीम ने पहले दिन के अंत तक बिना किसी नुकसान के 67 रन बना लिये थे।

दूसरे दिन मैच को यहीं से आगे बढ़ाते हुए ब्रेथवेट और जॉन कैम्पबेल ने 100 रन की साझेदारी की। शोरिफुल इस्लाम ने 78 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 45 रन बनाने वाले कैम्पबेल को आउट कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलायी। कप्तान ब्रेथवेट भी अपना अर्द्धशतक पूरा करते ही 51 रन पर आउट हो गये। उन्होंने 107 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके लगाये। इसके फौरन बाद ही वेस्ट इंडीज ने



रेमन रीफर (22) और न्क्रुमाह बोनर (0) का विकेट भी गंवा दिया, मगर काइल मेयर्स और जरमेन ब्लैकवुड ने पारी को संभालते हुए 116 रन की साझेदारी की। आउट होने से पहले ब्लैकवुड ने 121 गेंदें खेलकर छह चौकों की मदद से 40 रन बनाये और टीम के स्कोर को 248 तक पहुंचा दिया। इसके बाद मेयर्स ने विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और दिन का खेल खत्म होने तक वेस्ट इंडीज ने 340/5 रन बना लिये। इस दौरान मेयर्स ने अपना शतक भी पूरा किया।

इस समय मेयर्स 180 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की बदौलत 126 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं, जबकि डा सिल्वा 26 रन बनाकर खेल रहे हैं।

# मिताली राज कई लोगों के लिए प्रेरणा: पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मिताली राज की सराहना करते हुए इस पूर्व दिग्गज भारतीय कप्तान को शुभकामनाएं दी जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

सोलह साल की उम्र में पदार्पण करने वाली मिताली 23 साल के अपने करियर के दौरान सबसे अधिक मैच खेलने वाली और सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। वह सबसे सफल महिला कप्तान भी रहीं। मोदी ने रविवार को मन की बात पर मिताली को भारत की सबसे प्रतिभावान क्रिकेटरों में से एक करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रिकेट से उनके संन्यास ने कई खेल प्रेमियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। मिताली ना सिर्फ असाधारण खिलाड़ी रही बल्कि कई खिलाड़ियों की प्रेरणा भी रहीं।

मैं भविष्य के लिए मिताली को शुभकामनाएं देता हूं। आयरलैंड के खिलाफ 26 जून 1999 को पदार्पण करने के बाद मिताली ने 12 टेस्ट, 232 वनडे और 89 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में देश का प्रतिनिधित्व किया। मिताली ने 333 अंतरराष्ट्रीय मैच में तीनों प्रारूपों में कुल मिलाकर 10 हजार 868 रन बनाए। उन्होंने 155 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का भारत की अगुआई की जिसमें टीम ने रिकॉर्ड 89 जीत दर्ज की। बेलिंडा क्लार्क 83 जीत से इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों में खुद से प्रतिस्पर्धा, अपने विश्व रिकॉर्ड को बेहतर करने की कोशिश करूंगी: मीराबाई

**पटियाला, एजेंसी**

भारतीय स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू राष्टमंडल खेलों में प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगी और उनका कहना है कि इनमें उनकी प्रतिस्पर्धा किसी और से नहीं बल्कि खुद से होगी। चानू का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 207 किग्रा (88 किग्रा +119 किग्रा) का है जो नाइजीरिया की स्टेला किंग्सले से बेहतर है जो उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं और वह अब तक 168 किग्रा (72 किग्रा + 96 किग्रा) का ही वजन उठा सकी हैं। चानू ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने ओलंपिक में रजत पदक, एशियाई चैम्पियनशिप



में कांस्य और एक विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। उनका कहना है कि बर्मिंघम में उनकी असली प्रतिस्पर्धा अपनी प्रतिद्वंद्वियों से नहीं बल्कि खुद से होगी। राष्टमंडल खेलों के 2014 चरण में रजत और 2018 चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, राष्ट्रमंडल खेल मेरे लिये आसान होंगे। मैं खुद से ही लड़ूंगी। उन्होंने एनआईएस पटियाला में बात करते हुए कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में इतनी प्रतिस्पर्धा नहीं होगी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इसमें कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होगी।

भविष्य के टूनार्मेंट को देखते हुए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। प्रतिस्पर्धा ज्यादा नहीं होगी तो चानू के दिमाग में बड़ा लक्ष्य तय है। वह 119 किग्रा के अपने ही क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रमंडल खेलों में 120 किग्रा का प्रयास करने का विचार कर रही हूं। यह पूर्व विश्व चैम्पियन स्नैच में 90 किग्रा में भी सुधार करना चाहती है और वह मानती हैं कि यह मानसिक रूप से थोड़ा चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हां, यह मानसिक चुनौती है। हमने राष्ट्रमंडल खेलों में 91 किग्रा या 92 किग्रा उठाने की योजना बनायी है।

उम्मीद है कि ऐसा होगा। लेकिन अपने शरीर से दुगना वजन उठाना आसान नहीं है विशेषकर जब चानू कंधे के संतुलन को लेकर अब भी जूझती हैं। इस महीने के शुरू में वह अपने स्नैच वजन को सुधारने में असफल रही, वह अपनी पीठ के कारण घरेलू प्रतियोगिता में दो बार 89 किग्रा का वजन उठाने में असफल रहीं। उन्होंने कहा, मेरी पीठ इससे दो तीन दिन पहले जकड़ गयी थी।

# सेरेना, स्विएटेक, रादुकानु ने ली राफेल नडाल से प्रेरणा

**लंदन, एजेंसी**

सेरेना विलियम्स, पोलैंड की विश्व नंबर 1 इगा स्विएटेक और मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानु सहित कई शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ियों ने कहा है कि वे स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल से प्रेरणा लेती हैं। साल के पहले दो मेजर जीतने के बाद नडाल ने इससे पहले कभी भी विंबलडन में प्रवेश नहीं किया है, लेकिन 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन और ग्रैंड स्लैम के चैंपियन रहे थे। 1969 में रॉड लेवर के बाद से पुरुष एकल में किसी भी खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की, लेकिन नडाल को दूरी तय करने वाले के रूप में जाना जाता है। सिंगल्स में 23 मेजर की विजेता सेरेना ने शनिवार को अपने विंबलडन प्री-टूनार्मेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नडाल 2022 के सीजन में व्यस्त है। मैं हमेशा से उनकी प्रशंसक रही हूं। 40 वर्षीय सेरेना, जो पिछले साल के विंबलडन के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी एकल मैच में वापसी कर रही हैं, इस सीजन के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। इस महीने की शुरूआत में फ्रेंच ओपन का एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक भी नडाल से प्रभावित हैं। पोल ने अपना दूसरा रोलां गैरो खिताब जीतने के बाद 35 मैचों की जीत के साथ विंबलडन में प्रवेश किया। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचीं।

## संक्षिप्त खबरें

### माल्दोवा ने गेहूं, आटा निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

चिसीनाउ। माल्दोवा ने गेहूं और आटे के निर्यात पर प्रतिबंध हटा लिया है। सरकारी प्रेस सेवा के मुताबिक देश के आपातकालीन आयोग ने गेहूं और आटा के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का निर्णय लिया, जो शनिवार से लागू हो गया है। माल्दोवा के राष्ट्रपति मिया संदू ने शनिवार को कहा था कि वह जल्द ही पड़ोसी देश यूक्रेन की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में संघर्ष से उनके देश में खाद्य सुरक्षा कमजोर होने के साथ ही अनाज की बढ़ती कीमतों से अन्य खाद्य वस्तुओं की लागत बढ़ रही थी। माल्दोवा सरकार ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के परिप्रेक्ष्य में अपने देश में आपातकाल की स्थिति की शुरुआत की थी और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मार्च से गेहूं तथा 12 मार्च से आटे के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप में आठ शव मिले

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप में शनिवार को आठ शव बरामद हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि ये उन आठ लोगों के शव हैं जिनका कैरेबिया के तट पर स्थित एक रिसॉर्ट से अपहरण कर लिया गया था। युकाटन राज्य के अभियोजकों के अनुसार, हो सकता है कि शव उन पुरुषों के हैं जिनके समुद्र तट शहर ज्कलाक से अपहरण किए जाने की सूचना मिली थी। गौरतलब है कि ज्कलाक बेलीज के पास मेक्सिको के कैरिबियन तट के दक्षिणी सिरे पर स्थित है। ज्कलाक में एक खेत से काम के दौरान शुक्रवार को कम से कम सात लोगों और संभवतः आठ लोगों का अपहरण कर लिया गया था। क्विंटाना रू की सीमा से सटे युकाटन गांव के एक खेत में एक किसान को काम करते हुए यह शव दिखाई दिए। युकाटन के अभियोजकों ने कहा कि ऐसा नहीं लगता कि शव जहां मिले उन्हें वहीं मारा गया। उन्होंने कहा हो सकता है कि उन्हें कहीं और मारने के बाद शवों को यहां फेंक दिया गया था। अधिकारियों ने कहा हालांकि, अपहृत पुरुषों की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार वह एक तटीय रेंच में काम करने वाले कामगार थे।

### मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने जर्मनी पहुंचे

म्यूनिख/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज तड़के जर्मनी पहुंच गए। म्यूनिख के हवाईअड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया जहां से वह सड़क मार्ग से श्लॉस एल्माउ के लिए रवाना हो गए जहां जर्मनी की अध्यक्षता में जी-7 शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। श्री मोदी आज अपराह्न प्रवासी भारतीय समुदाय से संवाद करेंगे और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडिस से द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे।

### महाराष्ट्र में कोरोना के 1728 नये मामले

मुंबई। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 1728 नये मामले सामने आये तथा चार और मरीजों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक नये मामलों के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा 79,56,173 हो गया है जबकि इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,47,900 हो गयी है। इसी अवधि में 2708 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसके साथ ही कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 77,83,840 हो गयी है। राज्य में अभी 24,333 सक्रिय मामले हैं और इसके मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

# मंकीपॉक्स को अभी वैश्विक आपातकाल घोषित करने की जरूरत नहीं : डब्ल्यूएचओ

**लंदन, एजेंसी**




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि 50 से अधिक देशों में मंकीपॉक्स के बढ़ते प्रकोप पर करीबी नजर रखी जानी चाहिए, लेकिन फिलहाल इसे वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

डब्ल्यूएचओ की आपातकालीन समिति ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि प्रकोप के कई पहलू असामान्य थे और माना कि मंकीपॉक्स के खतरों पर वर्षों से गौर नहीं किया गया है। हालांकि, समिति ने कहा कि मंकीपॉक्स कुछ अफ्रीकी देशों में अब महामारी नहीं रह गया है।

बयान के मुताबिक, कुछ सदस्यों ने अलग-अलग विचार व्यक्त किए हैं। हालांकि, समिति ने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक को सर्वसम्मति से यह सुझाव देने का निर्णय लिया है कि मंकीपॉक्स को इस स्तर पर वैश्विक आपातकाल की स्थिति नहीं घोषित करना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने प्रकोप की आपातकालीन प्रकृति की तरफ इशारा किया है और कहा है कि इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए तेजी से कदम उठाने की जरूरत है।

**स्वास्थ्य**

- बयान के मुताबिक, कुछ सदस्यों ने अलग-अलग विचार व्यक्त किए हैं। हालांकि, समिति ने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक को सर्वसम्मति से यह सुझाव देने का निर्णय लिया है।

समिति ने कहा कि प्रकोप पर करीबी नजर रखने और कुछ हफ्तों के बाद स्थिति की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है। उसने यह भी कहा अगर कुछ नए घटनाक्रम सामने आते हैं-जैसे कि यौनकर्मियों के बीच प्रसार, अन्य देशों में या उन देशों में संक्रमण का फैलना, जहां पहले से ही मंकीपॉक्स के मामले हैं, मामलों की गंभीरता में वृद्धि या प्रसार की बढ़ती दर तो वह फिर से स्थिति का मूल्यांकन करने की सिफारिश करेगी।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधोनोम घेब्रेयेसस ने बृहस्पतिवार को उन देशों में मंकीपॉक्स के प्रसार को लेकर चिंता जताने के बाद आपातकालीन समिति की बैठक बुलाई थी, जहां पहले इस महामारी की सूचना नहीं थी। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा, वर्तमान प्रकोप विशेष रूप से नए देशों और क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है और संवेदनशील आबादी के बीच इसके प्रसार का जोखिम बढ़ गया है, जिसमें कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग, गर्भवती महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंकीपॉक्स के कारण मध्य और पश्चिम अफ्रीका में दशकों से लोग संक्रमित हुए हैं, लेकिन पिछले महीने तक एक ही समय में कई देशों में या प्रभावित मुल्कों की यात्रा न करने वाले लोगों में इस संक्रमण के मामले सामने नहीं आए थे।

## कोरोना की नयी लहर का सामना कर रहा लेबनान : स्वास्थ्य मंत्रालय

**बेरूत।** लेबनान के जन स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी जारी की है कि देश कोविड-19 की नयी लहर का सामना कर रहा है। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, वैक्सीन कार्यकारी समिति ने नवीनतम महामारी विज्ञान के विकास पर आपातकालीन बैठक में यह चेतावनी जारी की है। मंत्रालय ने देश की जनता से जल्द से जल्द टीकाकरण कराने का आग्रह किया। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, हम कोरोनो वायरस की नयी लहर का सामना कर रहे हैं,जिसके लेबनान और बाकी दुनिया में संक्रमण के आंकड़ों के अनुसार अधिक संक्रामक तथा सबसे तेजी से फैलने की आशंका है। मंत्रालय ने जनता से यह कहते हुए यथाशीघ्र टीके लगवाने पर जोर दिया है कि देश में टीकाकरण वाले लोगों का प्रतिशत 45 प्रतिशत से अधिक नहीं है। कोविड वैक्सीन के डोज किसी भी टीकाकरण केंद्र में निःशुल्क लिया जा सकता है।

# गर्भपात पर अमेरिकी न्यायालय के फैसले से अन्य अधिकारों के हनन की आशंका : ट्रूडो

**टोरंटो, एजेंसी**



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को चेतावनी दी कि गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने के अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले से अन्य अधिकारों का भी हनन हो सकता है। ट्रूडो ने संकेत दिए कि उनका देश कनाडा में अमेरिकियों को गर्भपात कराने की अनुमति देना जारी रखेगा।

ट्रूडो ने अमेरिकी अदालत के फैसले को डरावना करार दिया और चिंता जताई की कि यह निर्णय किसी दिन समलैंगिक संबंधों को दी गई कानूनी मान्यता को वापस लेने का कारण बन सकता है, जिसमें समलैंगिक जोड़ों को मिला शादी का अधिकार भी शामिल है। ट्रूडो ने राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की बैठक के बाद रवांडा के किगाली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम जानते हैं कि यह न केवल बहुत डरावना है, बल्कि कई महिलाओं के लिए दिल तोड़ देने वाला समय है।

उन्होंने कहा, अमेरिका में पीढ़ी दर पीढ़ी महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है, क्या केवल इस दिन को देखने के लिए, क्या केवल इस चिंता में जीने के लिए कि आगे उनके कौन से अधिकार वापस लिए जा सकते हैं। ट्रूडो ने कहा, यह इस बात की याद दिलाता है कि हमें लोगों के अधिकारों की रक्षा के मामले में किसी भी चीज को हल्के में नहीं लेने, सतर्क रहने और हमेशा महिलाओं के अधिकारों के लिए, समलैंगिक लोगों के अधिकारों के लिए, वंचित और हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर खड़े होने की आवश्यकता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी सरकार कनाडा में गर्भपात की अनुमति मांगने वाली अमेरिकी महिलाओं की मदद करेगी, ट्रूडो ने सीधे तौर पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, हर रोज कई अमेरिकी कनाडा आते हैं। वे कनाडा में हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का इस्तेमाल करते हैं। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है, जो जारी रहेगा।

# टेक एम्पलॉयबिलिटी एवं यूआई, यूएक्स डिजाइन कोर्सेज के अग्रणी इन्क्युबेटर्स में से एक

## आईटीएलएच वित्तीय वर्ष 22 में 100 से अधिक कर्मचारियों की भर्ती के लिए तैयार है, टीम में 10 गुना विकास का अनुमान

**दिल्ली, एजेंसी**



तेजी से विकसित होती इन्क्युबेटर, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी लर्निंग हब (आईटीएलएच) जो छात्रों को कोडिंग स्किल्स एवं डिजाइन (यूआईयूएक्स) में दक्षता हासिल करने में मदद करती है। आईटीएलएच साल 2022 के दौरान नवी मुंबई में अपने मुख्यालय के लिए 100 से अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने जा रही है। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक कंपनी अपने मौजूदा आकार से 10 गुना बढ़ जाएगी।

उद्योग जगत में पेशेवरों को प्रोत्साहित करने वाला टेक-स्किल अपग्रेडेशन सेंटर पहले से 40 कर्मचारियों की सशक्त एवं डायनामिक टीम के साथ काम कर रहा है। ये नई नियुक्तियां कंपनी में 6 मुख्य क्षेत्रों- सेल्स, मार्केटिंग, क्वालिटी एनालिसिस, लर्निंग एक्सपीरिएंस विंग, ट्रेनर्स एण्ड मेंटर्स और ह्युमन रिसोर्स में की जाएंगी।

**नियुक्तियां**

- ये भर्तियां जूनियर, इंटरमीडिएट एवं सीनियर स्तरों पर विभिन्न जॉब रोल्स में की जाएगीं।
- छात्रों को सप्ताहान्तों पर प्रशिक्षण देने के लिए की जाएंगी पेशेवरों की नियुक्तियां

भावी विस्तार योजनाओं के तहत कंपनी पहले स्तर के शहरों में भी अपना विस्तार करेगी। साथ ही मध्य पूर्व पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आबूधाबी, कतर और दुबई से भी एनरोलमेन्ट स्वीकार किए जाएंगे। उद्योग जगत के बारे में अच्छी समझ के साथ कंपनी ने सप्ताहान्तों पर छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए कामकाजी पेशेवरों की नियुक्ति की है।अपनी शुरूआत के बाद से ही यह टेक इन्क्युबेटर लगातार विकसित हो रही है जो यूआई और यूएक्स में डिजाइन कोर्सेज उपलब्ध कराती है। कंपनी ने इस तिमाही में 60 फीसदी की प्रभावी टीम विकास दर दर्ज की है और दूसरी तिमाही के अंत तक 80 फीसदी विकास की योजना बनाई है। कंपनी में विभिन्न भूमिकाओं जैसे सेल्स, मार्केटिंग, क्वालिटी एनालिसिस, लर्निंग एक्सपीरिएंस विंग, टेज्नर्स एण्ड मेंटर्स और ह्युमन रिसोर्सेज के लिए नियुक्तियां की जाएंगी।

### इनफिनिक्स ने भारत में लॉन्च किया सस्ता लैपटॉप

**नई दिल्ली।** इनफिनिक्स ने अपने नए लैपटॉप Infinix InBookX1 Slim को भारत में लॉन्च कर दिया है। Infinix InBookX1 Slim को खासतौर पर उनके लिए डिजाइन किया गया है जो लैपटॉप के साथ ट्रेवल करना चाहते हैं। Infinix InBookX1 Slim का वजन 1.24 किलोग्राम है। इस लैपटॉप को तीन प्रोसेसर के साथ पेश किया गया है जिनमें 10th Gen Intel' Core i3, i5 और i7 शामिल हैं। Infinix InBookX1 Slimके साथ 16 जीबी तक रैम और 512 जीबी तक की SSD स्टोरेज मिलेगी। Infinix InBookX1 Slimके 10the Gen intel Core i7 प्रोसेसर वाले मॉडल की कीमत 49,990 रुपये, Intel' Core i5 के साथ 16 जीबी रैम और 512 जीबी स्टोरेज मॉडल की कीमत 44,990 रुपये है और Intel Core i3 के साथ 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज की कीमत 29,990 रुपये है। लैपटॉप को ऑरोरा ग्रीन, कॉस्मिक ब्लू, नोबल रेड और स्टारफॉल ग्रे कलर में खरीदा जा सकेगा।

# स्पेन-मोरक्को की सीमा में भगदड़ से मरने वाले अफ्रीकी प्रवासियों की संख्या हूई तेईस

**मैड्रिड/रबात, एजेंसी**

स्पेन के उत्तर अफ्रीकी एन्क्लेव मेलिला से सटी मोरक्को की सीमा पर घुसने की कोशिश कर रहे अफ्रीकी प्रवासियों और सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के बीच दो घंटे की झड़प के दौरान मची भगदड़ में मरने वाले अफ्रीकी प्रवासियों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। यह जानकारी अमेरिका के एक प्रमुख अखबार ने रविवार को मोरक्को के अधिकारियों से हुई बातचीत के आधार पर दी है।

स्थानीय मीडिया ने शनिवार को मोरक्को और स्पेन के अधिकारियों के हवाले से जारी रिपोर्ट में कहा था कि करीब दो हजार अफ्रीकी प्रवासियों ने शुक्रवार को सीमा पर एक ऊंचे लोहे के बाड़ पर धावा बोल दिया। इस कारण सुरक्षा बलों के साथ झड़पें हुई। इस दौरान वहां मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। 133 प्रवासी मोरक्को के नाडोर शहर और मेलिला के बीच की सीमा को पार करने में सफल रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने स्पेन और मोरक्को के बीच राजनयिक संबंधों में सुधार के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अफ्रीकी प्रवासियों के सीमा पार करने की घटना सामने आई थी।

मेलिला में स्पेन सरकार के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा था कि लगभग 2,000 लोगों ने सीमा पार करने का प्रयास किया। कइयों को स्पेनिश सिविल गार्ड पुलिस और मोरक्को के सुरक्षाबलों ने बाड़ के दोनों ओर रोक दिया। लोहे की बाड़ पर चढ़ने की कोशिश के दौरान भगदड़ मच गई। इससे पांच प्रवासियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 76 प्रवासी और मोरक्को के 140 सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए।

मोरक्को की सरकारी समाचार एजेंसी एमएपी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया था कि घायल प्रवासियों में से 13 की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो पर पहुंच गई। उधर, मोरक्को के मानवाधिकार संघ ने इस भगदड़ में 27 लोगों की मौत होने का दावा किया है। अमेरिका के अखबार न्यूयार्क टाइम्स ने मोरक्कों के अधिकारियों के हवाले से रविवार को कहा है कि भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर तेईस हो गई है।

स्पेन के अधिकारियों ने कहा कि 49 सिविल गार्ड्स को मामूली चोट आई हैं। कुछ प्रवासियों ने पथराव कर पुलिस के चार वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए। अधिकारियों के अनुसार, जो लोग सीमा पार करने में सफल रहे, वे एक स्थानीय प्रवासी केंद्र पहुंचे हैं। वहां उनकी परिस्थितियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गरीबी और हिंसा की वजह से अफ्रीका से पलायन करने वाले लोग कभी-कभी यूरोप में घुसने के लिए बड़े पैमाने पर उत्तरी अफ्रीकी तट, मेलिला और स्पेन के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। प्रवासियों को सीमा से दूर रखने के लिए स्पेन, मोरक्को पर निर्भर है। स्पेन के अधिकारियों के मुताबिक, मार्च की शुरूआत में दो दिनों में 3,500 से अधिक लोगों ने मेलिला में लगे छह मीटर ऊंचे अवरोधक को पार करने की कोशिश की थी और लगभग 1,000 इसे पार करने में सफल भी रहे थे।

# श्रीलंका को 2 हफ्तों तक ईंधन शिपमेंट नहीं मिलेगा : मंत्री

**कोलंबो, एजेंसी**



श्रीलंका आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। इस बीच, ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने कहा कि देश को इस हफ्ते और अगले हफ्ते के लिए निर्धारित पेट्रोल, डीजल और कच्चे तेल की खेप नहीं मिलेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री ने कहा कि आपूर्तिकताओं ने राज्य के स्वामित्व वाले ईंधन आयातक और वितरक सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) को सूचित किया है कि वे बैंकिंग और लॉजिस्टिक कारणों से निर्धारित डिलीवरी नहीं करेंगे।

विजेसेकेरा ने कहा कि अगली खेप आने तक सार्वजनिक परिवहन, बिजली उत्पादन और उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी, इसलिए अगले कुछ दिनों तक ईंधन स्टेशनों पर डीजल और पेट्रोल का सीमित स्टॉक वितरित किया जाएगा। मंत्री ने आम जनता से ईंधन के लिए कतार में न लगने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगली क्रूड शिपमेंट आने तक रिफाइनरी का संचालन भी रोक दिया जाएगा।

विजेसेरा ने कहा, हम सभी नए और मौजूदा आपूर्तिकताओं के साथ काम कर रहे हैं। असुविधा के लिए मैं क्षमा चाहता हूं।

दक्षिण एशियाई देश में विदेशी मुद्रा संकट के बिगड़ने के कारण श्रीलंका को फरवरी से ईंधन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

### बांग्लादेश में पद्मा पुल को यातायात के लिए खोला गया

**ढाका।** भारत-बंगलादेश के को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित पद्मा पुल को रविवार सुबह छह बजे से यातायात के लिए खोल दिया गया। इस पुल को पहले दिन ही पार करने के लिए सैकडों गाड़ियों की लंबी कतार देखी गयी। पुल पर शारीरिक रूप से टोल की वसूली करने के लिए कुल 14 बूथ को लगाया गया है। इस पुल को पार करने के लिए मोटरसाइकिल को सौ टका (बंगलादेशी मुद्रा), जबकि बस को 2,400 टका और मध्यम आकार के ट्रक को 2,800 टका का भुगतान करना होगा। पांच टन तक के मिनी ट्रकों के लिए 1,600 टका, पांच टन से लेकर आठ टन तक के वाहनों के लिए 2,100 टका, तीन धुरा ट्रकों के लिए 5,500 टका और चार धुरा ट्रेलर के लिए 6,000 टका निर्धारित की गयी है, जबकि चार धुरे से अधिक प्रत्येक धुरे के लिए 1,500 टका चुकाना होगा।

# परमाणु वार्ता में फिर से शुरू होगी : ईरान, यूरोपीय संघ

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान और यूरोपीय संघ ने ईरानी परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए आने वाले दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता फिर से शुरू करने की घोषणा की है। यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ एक संयुक्त टेलीविजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वार्ता जल्द ही फिर से शुरू होगी। यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक ने ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, रूस और जर्मनी का जिक्र करते हुए संवाददाताओं से कहा, ईरान, अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच बातचीत वियना में नहीं होगी, क्योंकि वे पी4 प्लस 1 प्रारूप में नहीं होंगी। उन्होंने कहा, बातचीत संभवतः खाड़ी के करीब कहीं और विशेष रूप से खाड़ी राज्य में होगी। बोरेल ने कहा, हमें आने वाले दिनों में बातचीत फिर से शुरू करने और गतिरोध को तोड़ने की उम्मीद है। तीन महीने हो गए हैं और हमें काम में तेजी लाने की जरूरत है। मैं तेहरान और वाशिंगटन में किए गए निर्णय से बहुत खुश हूं। अपने हिस्से के लिए अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा, मैंने बोरेल के साथ ईरान की मांगों पर विस्तृत, गहन बातचीत की। हम आने वाले दिनों में बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) से ईरानी लोगों का आर्थिक लाभ ईरानी सरकार के लिए महत्वपूर्ण है और कोई भी मुद्दा जो ईरान के आर्थिक हितों को सुरक्षित करने में विफल रहता है, वह राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की सरकार को स्वीकार्य नहीं होगा।

उन्होंने कहा, हम जल्द ही फिर से शुरू होने वाली समझौता वार्ता के दौरान मौजूद समस्याओं और मतभेदों को हल करने का प्रयास करेंगे। ईरान की आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी ने बताया बाद में बोरेल के साथ एक अलग बैठक में ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली शामखानी ने कहा कि ईरान परमाणु वार्ता में एक मजबूत, स्थिर और विश्वसनीय समझौते की तलाश कर रहा है। शामखानी ने कहा, जेसीपीओए में अपने सभी दायित्वों को पूरा करते हुए हमने कभी भी बातचीत की मेज नहीं छोड़ी है। एक समझौता जो अवैध ईरान विरोधी प्रतिबंधों को उठाने को सुरक्षित नहीं करता है और स्थायी आर्थिक हितों की गारंटी नहीं देता है, ईरान के लिए कोई लाभ नहीं है। जुलाई, 2015 में ईरान ने विश्व शक्तियों के साथ जेसीपीओए पर हस्ताक्षर किए और तेहरान पर प्रतिबंध हटाने के बदले में अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ प्रतिबंध लगाने को स्वीकार किया। हालांकि, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मई 2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका को समझौते से बाहर कर दिया और तेहरान पर वाशिंगटन के एकतरफा प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया, जिससे ईरान को प्रतिशोध में समझौते के तहत अपनी कुछ परमाणु प्रतिबद्धताओं को कम करने के लिए प्रेरित किया। अप्रैल 2021 से समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए ईरान और शेष जेसीपीओए पार्टियों के बीच वियना में आठ दौर की बातचीत हो चुकी है।

# भारतीय संघर्ष कर रहे हैं और प्रधानमंत्री उनका ध्यान भटकाने में व्यस्त : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें ध्यान भटकाने की कला में महारत हासिल है लेकिन इससे सर्वकालिक उच्च बेरोजगारी दर, 30 साल के उच्च थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 17 अरब डॉलर के अवमूल्यन जैसी विपदाओं पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। उन्होंने कहा कि जब भारतीय संघर्ष कर रहे हैं, तब मोदी ध्यान भटकाने की अगली योजना बनाने में व्यस्त हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री को ध्यान भटाने की कला में हासिल महारत इन विपदाओं को छिपा नहीं सकता-डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 78 पर; एलआईसी का 17 अरब डॉलर का अवमूल्यन; डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति 30 वर्ष के उच्चतम स्तर पर; बेरोजगारी दर सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर; डीएचएफएल द्वारा अब तक की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी। राहुल अर्थव्यवस्था को संभालने के मोदी सरकार के तौर-तरीकों की अक्सर आलोचना करते आए हैं। उन्होंने केंद्र से युवाओं को रोजगार देने का आह्वान भी किया है।

**राजनीति**

- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 17 अरब डॉलर के अवमूल्यन जैसी विपदाओं पर पर्दा नहीं डाला जा सकता।

" Nritya Shala "

Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by

Ms.Vani Madhav

only on @ddbharati1 @prasarbharati will be telecasted on

02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129